फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 342 प्रभात जयपुर, सोमवार 14 जुलाई, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



Why Are They Leaving America for India?

Ideal, if you want to watch your pocket, medical care, that is world-class, slower pace, and work culture that allows you to breathe, encouraging migration to India

An Era Ends With Vatsala

Asia's Oldest Elephant 'Vatsala' dies at over 100 in Madhya Pradesh's Panna Tiger Reserve

## विंबलडन फाइनल




विश्व नम्बर 1 यानिक सिनर ने रविवार को इतिहास रच दिया। विंबलड सिंगल्स टाइटल जीतने वाले वो पहले इटालियन टैनिस खिलाड़ी हैं। यानिक ने पिछले दो बार के चैंपियन स्पेन के कार्लोस अल्कराज़ को विंबलडन 2025 के फाइनल में 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

# आर.एस.एस. अपने शताब्दी वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी को अस्थिर करे, इसकी सम्भावना नगण्य है?...( 2 )

**यह सच है कि हाल ही में मोहन भागवत ने नागपुर में एक भाषण में, ''दूसरों को भी स्थान'' देने की बात कही थी, पर यह मात्र औपचारिकता लगती है, बनिस्पत भाजपा में शीर्ष स्तर पर कोई बदलाव लाने की कोशिश**

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसकी वैचारिक संस्था, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अंदर नेतृत्व परिवर्तन की बार-बार अटकलें लगती रही हैं, लेकिन संघ परिवार के शीर्ष पदाधिकारी मानते हैं कि अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अस्थिर करने की कोई संभावना नहीं है, खासकर तब जब आर.एस.एस. अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है, जो 2026 तक जारी रहेगा।

संघ के आंतरिक विचार-विमर्श से परिचित सूत्रों ने बताया कि हाल ही में नागपुर में आर.एस.एस. प्रमुख मोहन भागवत के भाषण, जिसमें उन्होंने ''दूसरों के लिए रास्ता बनाने'' की बात कही, ने भले ही पीढ़ीगत बदलाव को लेकर विभिन्न व्याख्याओं को जन्म दिया हो, लेकिन इन टिप्पणियों को एक ठोस नेतृत्व परिवर्तन की मंशा के संकेत के बजाय एक ''रैटॉरिकल'' (औपचारिक बयानबाजी) के रुप में देखा जा रहा है।

- **अगर 75 की उम्र पार करते ही मोदी का इस्तीफा कराने की सच्ची कवायद होती, तो, संघ प्रमुख मोदी से वन-टू-वन बंद कमरे में आसानी से बात क्यों न कर लेते।**
- **अब मोदी संघ के केवल एक साधारण कार्यकर्ता नहीं, जिसके लिए संघ में अपने हर कदम का स्पष्टीकरण देना आवश्यक है और स्वीकृति प्राप्त करना जरुरी है।**
- **एक दिक्कत यह भी है संघ के सम्मुख, कि संघ के वरिष्ठ नेता, जो संघ-भाजपा के बीच पुलिया का काम कर सकते थे, अब नहीं रहे।**
- **इसके अलावा संघ का माहौल मोदी के पक्ष में है, क्योंकि उन्होंने राम मंदिर, आर्टिकल 370 तथा युनिफॉर्म सिविल कोड जैसे संघ के एजेण्डा पूरे किये हैं। इसके अलावा उन्होंने संघ को इकोनॉमिकली पैरों पर खड़ा कर दिया, और दो हजार करोड़ रुपये दिलवाये दिल्ली में, दूसरा मुख्यालय, केशव कुंज बनाने के लिए।**
- **अतः अगर भागवत मोदी को खुली चुनौती देते हैं तो कार्यकर्ताओं तक का एक बड़ा ग्रुप बगावत में खड़ा हो सकता है, क्योंकि ऐसे बहुत कार्यकर्ता स्तर के लोग हैं, जो मोदी को संघ का अब तक का सबसे सफल, मॉडल मानते हैं।**

एक वरिष्ठ आर.एस.एस. सूत्र ने सवाल किया: ''अगर भागवत सच में चाहते हैं कि मोदी कदम पीछे हटाएं, तो फिर उनके साथ बंद दरवाज़े के पीछे व्यक्तिगत मुलाकात क्यों नहीं करते?'' इसका जवाब संगठनात्मक हकीकतों में छुपा है। नरेंद्र मोदी अब केवल एक स्वयंसेवक नहीं हैं, जिनकी जवाबदेही संगठन के भीतर हो। वे भारत के सबसे लोकप्रिय नेता हैं और स्वतंत्र जनादेश के साथ आर.एस.एस. की पारंपरिक कमांड श्रृंखला से अलग खड़े हैं।

एक और दिक्कत है, प्रभावी वार्ताकारों की कमी। सन् 2014 के बाद

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राष्ट्रपति ने चार को राज्यसभा के लिये मनोनीत किया

नयी दिल्ली, 13 जुलाई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विभिन्न क्षेत्रों की चार विशिष्ट हस्तियों को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है जिनमें जाने माने वकील उज्ज्वल देवराव निकम, पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षाविद् सी. सदानंदन मास्टर और जानी मानी इतिहासकार तथा शिक्षाविद् मीनाक्षी

- **उज्जवल निकम आतंकवादी कसाब के मामले में मजबूत पैरवी के लिये जाने जाते हैं। हर्ष श्रृंखला पूर्व विदेश सचिव हैं। सदानंद मास्टर केरल के शिक्षाविद हैं तथा मीनाक्षी जैन प्रसिद्ध इतिहासकार हैं।**

जैन शामिल हैं।

गृह मंत्रालय ने शनिवार देर रात जारी अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रपति ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 80 के खंड (1) के उप-खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मनोनीत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## संसद के मानसून सत्र की तैयारी के लिये सोनिया गांधी ने बैठक बुलाई

**मंगलवार को होने वाली बैठक में संसदीय दल के रणनीति समूह के सदस्य भाग लेंगे**

नयी दिल्ली, 13 जुलाई। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने संसद के मानसून सत्र के लिए पार्टी की रणनीति तय करने के लिए मंगलवार को बैठक बुलाई है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, गांधी के सरकारी आवास 10 जनपथ पर बुलायी गयी इस बैठक में संसदीय दल के रणनीति समूह के सदस्य भाग लेंगे।

बैठक में मानसून सत्र के दौरान पार्टी द्वारा अपनायी जानेवाली रणनीति और इसमें उठाए जाने वाले मुद्दों पर विचार किया जाएगा।

कांग्रेस पिछले कुछ समय से पहलगाम में आतंकवादी हमले तथा ऑपरेशन सिंदूर तथा उसके बाद इसकी जानकारी देने के लिए विभिन्न देशों में भेजे गए प्रतिनिधिमंडलों को लेकर

- **संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा। कांग्रेस पार्टी इसमें कई मुद्दों पर सरकार को घेरना चाहती है।**

सरकार से सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग करती रही है।

इसके अलावा, वह बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर भी सरकार को घेर रही है।

सुत्रों का कहना है कि इन सब मुद्दों को मानसून सत्र में जोर-शोर से उठाए जाने की उम्मीद है। इसके अलावा पार्टी मंहगाई, बेरोजगारी जैसे अहम मुद्दों पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मालगाड़ी में डीजल के 18 टैंकरों में आग लगी

चेन्नई, 13 जुलाई। दक्षिण रेलवे के चेन्नई बीच-अरक्कोणम खंड पर तिरूवल्लुर स्टेशन के पास रविवार को डीजल से लदी मालगाड़ी के कम से कम 18 टैंकरों में आग लग गयी और कई टैंकर पटरी से उतर गए जिसके कारण कई एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द करना पड़ा।

दक्षिण रेलवे के सूत्रों के मुताबिक रविवार सुबह लगभग 05:30 बजे चेन्नई हार्बर से वालाजाह रोड साइडिंग जा रही डीजल से लदी मालगाड़ी के

- **अग्निशमन दलों ने आठ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कोई हताहत नहीं हुआ।**

बीच के टैंकर में आग लग गयी तथा कई अन्य टैंकर पटरी से उतर गए। आग से पूरे इलाके में काला धुआं भर गया और प्रशासन ने स्थानीय लोगों को वहां से सुरक्षित निकालने का प्रयास शुरू कर दिया।

इंजन के बाद तीसरे टैंकर में आग लग गयी जो 19वें टैंकर तक फैल गयी। लोको पायलट ने तुरंत आपातकालीन ब्रेक लगाए और तिरुवल्लूर के स्टेशन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बिहार के बाद देश भर में मतदाता सूची संशोधन की तैयारी

**सुप्रीम कोर्ट में बिहार पर 28 जुलाई की सुनवाई के बाद चुनाव आयोग अंतिम निर्णय लेगा**

नई दिल्ली, 13 जुलाई। चुनाव आयोग ने अगले महीने से पूरे भारत में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारी शुरू कर दी है। यह पुनरीक्षण बिहार में चल रहे विशेष पुनरीक्षण जैसा होगा। चुनाव आयोग की तरफ से यह कदम उस समय उठाया गया है जब पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट ने इसे संविधानिक दायित्व करार दिया और चुनाव आयोग को बिहार में इस प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति दी।

अब कुछ राज्य चुनाव अधिकारियों ने उन राज्यों में आखिरी बार किए गए विशेष पुनरीक्षण के बाद प्रकाशित मतदाता सूची को सार्वजनिक कर दिया है। दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची उपलब्ध है, जब राष्ट्रीय राजधानी में आखिरी बार पुनरीक्षण हुआ था। उत्तराखंड में 2006 में आखिरी पुनरीक्षण हुआ था, और अब उस वर्ष की सूची राज्य की वेबसाइट पर है।

- **इस बीच, कुछ राज्य चुनाव अधिकारियों ने आखिरी बार किए गए विशेष पुनरीक्षण के बाद प्रकाशित मतदाता सूची सार्वजनिक करना शुरु कर दिया।**
- **दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी की वैबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची उपलब्ध है। वहां 2008 में आखिरी बार पुनरीक्षण हुआ था। इसी प्रकार उत्तराखंड की 2006 की मतदाता सूची वैबसाइट पर है।**

चुनाव आयोग ने कहा है कि 28 जुलाई को बिहार मामले की सुनवाई के बाद, वह देशव्यापी पुनरीक्षण पर अंतिम निर्णय लेगा। इस प्रक्रिया के तहत विदेशी अवैध प्रवासियों को उनके जन्मस्थान की जांच करके हटाया जाएगा।

बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। जबकि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में अगले साल में विधानसभा चुनाव होंगे। चुनाव आयोग का देशव्यापी मतदाता सूची पुनरीक्षण करने का फैसला कई राज्यों में अवैध विदेशी प्रवासियों पर कार्रवाई के मद्देनजर महत्वपूर्ण है।

चुनाव आयोग के अधिकारी के मुताबिक, इलेक्शन अथॉरिटी 28 जुलाई के बाद एसआईआर पर अंतिम फैसला लेगी क्योंकि बिहार स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के मामले में सुप्रीम कोर्ट में दोबारा सुनवाई होनी है।

वहीं, कुछ राज्यों के चीफ इलेक्शन ऑफिसर ने अपने राज्यों में पिछली एसआईआर के बाद की पब्लिश वोटर लिस्ट जारी करना शुरू भी कर दिया है।

## सोमवार को शुरु होगी शुभांशु की वापसी यात्रा

वॉशिंगटन, 13 जुलाई। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही। यह एक जादू की तरह महसूस हुई। उन्होंने 1984 स्पेस ओडिसी से राकेश शर्मा के प्रतिष्ठित शब्दों को दोहराते हुए कहा कि अंतरिक्ष से भारत आज भी सारे जहाँ से अच्छा दिखता है। उन्होंने कहा, अंतरिक्ष से आज का भारत महत्वाकांक्षी, निडर, आत्मविश्वासी और गर्व से भरा हुआ दिखता है।

शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंचने वाले भारत के पहले और अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। शुभांशु शुक्ला ने अब तक अंतरिक्ष में 18 दिन बिताए हैं, जहां वे प्रतिदिन 16 बार सूर्योदय और सूर्यास्त देख रहे थे। आईएसएस पृथ्वी से लगभग 400 किमी ऊपर 28,000 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से घूमता है।

शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर एक्सिओम-4 मिशन के अंतरिक्ष

- **अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर एक्सिओम मिशन के सदस्यों के लिये विदाई समारोह आयोजित हुआ।**

यात्रियों के लिए आयोजित विदाई समारोह में बोल रहे थे। अंतरिक्ष यात्री सोमवार को पृथ्वी पर वापसी की यात्रा शुरू करने वाले हैं। 26 जून से शुरू हुए आईएसएस प्रवास के बारे में शुभांशु ने कहा यह एक शानदार यात्रा रही।

उन्होंन कहा, कि वह अपने साथ बहुत सारी यादें और सीख लेकर जा रहे हैं, जिन्हें वह अपने देशवासियों के साथ साझा करेंगे। एक्सिओम-4 मिशन सोमवार को आईएसएस से अलग होगा और इसके मंगलवार को कैलिफोर्निया तट पर उतरने की उम्मीद है। एक्सिओम मिशन-4 के चार सदस्यीय अंतरिक्ष यात्री दल सोमवार को स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर सवार होकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के हार्मनी मॉड्यूल के स्पेस-फेसिंग पोर्ट से मौसम की स्थिति देखते हुये अनडॉक होगा जिससे उनकी पृथ्वी पर वापसी शुरू हो सकेगी और वे कैलिफ़ोर्निया के तट पर उतर सकें।

## बांग्लादेश से यूनुस ने मोदी को 1000 किलो आम भेजे

ढाका, 13 जुलाई। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आम भेजे हैं। ये आम सोमवार को पहुंचने वाले हैं। यूं तो आम हर बार भेजे जाते हैं लेकिन इस बार जब दोनों देशों के बीच रिश्ते ठीक नहीं हैं तो इन आमों का आना खास हो गया है। बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान

- **बांग्लादेश द्वारा आम भेजने की परम्परा पिछली सरकारों के समय से चल रही है। इस वर्ष दोनों देशों के बीच रिश्ते ठीक नहीं हैं।**

प्रधानमंत्री मोदी से मिले यूनुस को पीएम मोदी की तरफ से भारत विरोधी बयानबाजी और पूर्वोत्तर पर उनकी टिप्पणियों के लिए कड़ा संदेश दिया गया था। वैसे मुहम्मद यूनुस ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री को भी आम भेजे हैं।

# अहमदाबाद-लंदन, फ्लाईट क्रैश मानव गल्ती से नहीं, कम्प्यूटर में ''बग'' ( सॉफ्टवेयर फॉल्ट ) आने से हुआ?

-अंजन रॉय-
-अमेरिका में राष्ट्रदूत के प्रतिनिधि-

वॉशिंगटन, 13 जुलाई। भारत के विमानन जांच प्राधिकरण ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की है जिससे दुर्घटनाग्रस्त विमान के पायलट और सह-पायलट के बीच एक महत्वपूर्ण बातचीत के बारे में पता चलता है। यह जानकारी बोइंग कंपनी के ड्रीमलाइनर विमानों में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज़ से अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकती है।

रिकॉर्ड की गई बातचीत में एक पायलट दूसरे से यह कहता सुना जा रहा है, ''तुमने बंद क्यों किया?'' और जवाब में दूसरा कहता है, ''मैंने नहीं किया।'' अर्थात् पायलट आपस में यह पूछ रहे थे कि इंजन तक ईंधन सप्लाई लाइन क्यों बंद की गई, जबकि, दूसरा पायलट कह रहा था कि उसने ऐसा नहीं किया।

यह स्पष्ट रूप से इस ओर इशारा करता है कि ईंधन आपूर्ति स्विच, पायलटों द्वारा शारीरिक रूप से कोई कार्यवाही किए बिना स्वतः बंद हो गया। एयर इंडिया की फ्लाइट ए.आई. 171 की दुर्घटना की व्याख्या में यह जानकारी अतिमहत्वपूर्ण है, जो 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही थी।

फ्यूल सप्लाई के कट जाने से इंजन बंद हो जाते हैं, और ए.आई. 171 के मामले में दोनों इंजन उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद अचानक बंद हो गए, जिससे विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

यदि दोनों में से किसी भी पायलट ने ईंधन आपूर्ति बंद नहीं की, तो यह केवल एक ही संभावना की ओर इशारा करता है, कि ईंधन की आपूर्ति किसी मानवीय हस्तक्षेप के बिना स्वतः ही बंद हो गई। कुछ अनुभवी कैप्टनों ने आशंका जताई है कि यह किसी सॉफ़्टवेयर गड़बड़ी के कारण हो सकता है।

यह किसी विद्युत विफलता या

- **बोइंग कम्पनी के ''ड्रीम लाइनर'' हवाई जहाज की ''फ्यूल सप्लाई लाइन्स'' लैंडिंग गियर की हरकतों के प्रति काफी संवेदनशील होती हैं।**
- **किसी भी पायलट द्वारा गल्ती से, ''फ्यूल सप्लाई'' लाइन बन्द करना असम्भव सा है। क्योंकि एक भारी लीवर (स्टील का डण्डा) उठाकर एक दूसरे खांचे में डालना पड़ता है, ''फ्यूल सप्लाई'' बंद करने के लिए, यह गल्ती से अनायास होना नामुकिन सा है।**
- **अतः यह निष्कर्श निकालना अनुचित नहीं कि कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर में कोई ''बग'' आने से फ्यूल लाइन्स की सप्लाई अचानक बंद हुई और प्लेन ''क्रैश'' हुआ।**

कंप्यूटर में गड़बड़ी का परिणाम भी हो सकता है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि कंप्यूटर या सॉफ़्टवेयर से जुड़ी खराबी सामने आई हो। इससे पहले बोइंग के एक अन्य विमान मॉडल 837 मैक्स-800 की दो बार दुर्घटना हो चुकी है, जहाँ उड़ान के तुरंत बाद विमान की नाक (नोज़ सैक्शन) स्वतः नीचे झुकने लगी थी।

यदि वास्तव में किसी सॉफ़्टवेयर ''बग'' ने ईंधन आपूर्ति लाइनों को बंद कर दिया, तो इस श्रेणी के सभी विमानों में इन प्रणालियों की तत्काल जाँच अनिवार्य हो जाती है। ये आधुनिक विमान अत्याधुनिक सॉफेस्टिकेटेड टैक्नॉलजी से युक्त होते हैं।

पायलटों और तकनीकी विशेषज्ञों की तकनीकी शब्दावली को छोड़ भी दें, तो भी यह ज्ञात है कि ये विमान अत्यधिक एकीकृत (इन्टिग्रेटेड) प्रणालियों से लैस होते हैं जो विमान के हर पहलुओं की निगरानी करते हैं। ईंधन आपूर्ति लाइनें लैंडिंग गियर पर पड़ने वाले दबाव के प्रति अत्यंत संवेदनशील होती हैं।

जब विमान उड़ान भरता है, तो लैंडिंग गियर सिस्टम पर दबाव में अचानक गिरावट आती है, जिसे पहचान कर यह प्रणाली ईंधन आपूर्ति लाइनों को संकेत देती है कि अब ईंधन आपूर्ति शुरू की जाए। इन स्वचालित प्रणालियों से अलग, इंजन की ईंधन आपूर्ति लाइनों को शारीरिक रुप से संचालित करने के लिए पायलटों को एक भारी लीवर उठाना पड़ता है और फिर उसे ऑन या ऑफ की स्थिति में लाना होता है।

इसलिए यह मानना कि कोई पायलट अनजाने में ईंधन आपूर्ति को चालू से बंद कर सकता है, पूरी तरह से असंभव है। ईंधन आपूर्ति बंद करने में पायलट की गलती मानना बेहद अनुचित होगा। हालांकि, यदि कोई कंप्यूटर गड़बड़ी ऐसी घटनाओं की श्रृंखला उत्पन्न कर सकती है, तो उसकी गहराई से जांच आवश्यक है।

प्रारंभिक रिपोर्ट में बहुत अधिक विवरण सामने नहीं आया होगा, क्योंकि ऐसी जांच में बड़े स्तर पर डेटा का विश्लेषण शामिल होता है। यह जांच देश में ही हो रही है और इसकी दिशा का निर्धारण जांच टीमों द्वारा ही किया जाएगा।

यह अत्यंत आवश्यक है कि दुर्घटना से जुड़े सभी घटनाक्रमों और परिस्थितियों की ईमानदारी से जांच की जाए। यह भविष्य में विमान यात्रियों की सुरक्षा के लिए बेहद ज़रूरी है।

## विचार बिन्दु

**डूबते को तारना ही अच्छे इंसान का कर्तव्य होता है। –अज्ञात**

# शिक्षा, कौशल विकास और रोज़गार

जब भी भारत के वर्तमान की बात की जाती है, इसकी उपलब्धियों के साथ-साथ इसके सम्मुख उपस्थित चुनौतियों की भी बात की जाती है। निश्चय ही 1947 में स्वाधीनता प्राप्ति के बाद हमने अपने परिवेश को बेहतर बनाने वाले अनेक काम किए हैं, और यह सिलसिला ज़ारी है। लेकिन अगर हम केवल उपलब्धियों को ही देखें और उन क्षेत्रों की अनदेखी कर दें जहां बहुत कुछ किया जाना अभी शेष है, तो ऐसा करना न केवल अनुचित होगा, आत्मघाती भी होगा। हम अपनी समस्याओं को पहचानेंगे तभी तो उनके समाधान की तरफ भी कदम बढ़ा सकेंगे। तो, जब भारत के वर्तमान की बात की जाती है तो जो मुद्दा अनिवार्यत: उठता है वह है बेरोज़गारी का। अगर आंकड़ों की भाषा में बात न भी की जाए तो इसे स्वीकार करने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए कि रोज़गार की दृष्टि से अभी हमें काफी कुछ करना है। देश में शिक्षा का प्रसार बहुत तेज़ी से हुआ है, नए शिक्षण संस्थान खुले हैं और भारतीय समाज में भी शिक्षा प्राप्ति की ललक बढ़ी है। जो साधन संपन्न हैं उनकी बात न भी करें तो जिनके पास साधनों का अभाव है वे भी जैसे-तैसे साधन जुटा कर अपने बच्चों को शिक्षित करने का प्रयास करते नज़र आते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अनगिनत शिक्षण संस्थान इस दौरान खुले हैं और इनके कारण वहां भी शिक्षा का उजाला फैल सका है। यह स्वागत योग्य बात है।

लेकिन सारी प्रगति के बावज़ूद अभी हमारा भारतीय समाज इस अवस्था तक नहीं पहुंच सका है कि लोग केवल पढ़ने के आनंद के लिए अथवा अपने ज्ञान के विकास और विस्तार के लिए पढ़ें। निश्चय ही एक तबका ऐसा भी करता है, लेकिन वह बहुत छोटा तबका है। देश के अधिकांश लोग इसलिए पढ़ते हैं कि पढ़ाई करने और कोई उपाधि प्राप्त कर लेने से उनके लिए रोज़गार की बेहतर संभावनाओं के दरवाज़े खुल जाएंगे। आज़ादी के बाद के वर्षों में सरकार सबसे बड़ी रोज़गार प्रदाता रही है और आज भी एक आम भारतीय का सपना सरकारी नौकरी प्राप्त कर लेने का ही है। सरकारी नौकरी के साथ जो मान प्रतिष्ठा जुड़ी हुई है उसे हमारे ज्योतिषियों की भविष्यवाणी में भी देखा जा सकता है। बच्चे के भाग्य में 'राज योग लिखा है, इस कथन की एक स्वाभाविक व्याख्या यह भी है कि बच्चा बड़ा होकर सरकारी नौकरी करेगा! सरकारी नौकरी के अपने आकर्षण भी हैं, जिनमें सबसे ख़ास है सुरक्षा। एक बार नौकरी में घुस जाएं तो रिटायर होकर ही बाहर निकलेंगे, और रिटायर होने के बाद भी सरकार आपकी फिक्र पेंशन आदि के रूप में करती रहेगी। यह बहुत बड़ा आकर्षण है सरकारी नौकरी का।

लेकिन हाल के वर्षों में सरकारी सोच और नीतियों में आए बदलावों की वजह से सरकारी नौकरियों में ज़बर्दस्त कमी आई है। इसका बड़ा कारण यह है कि सरकार ने अपने बहुत सारे दायित्व निजी क्षेत्र को सौंप दिए हैं। जब दायित्व नहीं रहे तो उनका निर्वहन करने वालों की भी ज़रूरत नहीं रही। यह परिदृश्य तो बदला लेकिन हमारा सोच इसी गति से नहीं बदला। हम सरकारी नौकरी के ही आकांक्षी बने हुए हैं, भले ही उसका मिलना अब बहुत ज़्यादा मुश्क़िल हो गया है। इस बात की एक परिणति कोचिंग संस्थानों की बहुतायत और सरकारी नौकरी पाने के लिए अनुचित तरीकों की वृद्धि में भी देखी जा सकती है। लोग छोटी से छोटी नौकरी हासिल करने के लिए लाखों रुपये खर्च करने और हर तरह का ग़लत काम करने को तैयार नज़र आते हैं। देश के अनेक प्रांतों में, जिनमें राजस्थान भी शामिल है पिछले दिनों ऐसी बहुत सारी हरकतें उजागर हुई हैं। इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा कभी और कर लेंगे। अभी तो हम यह देखते हैं कि पहले जो दायित्व सरकारें निबाह रही थीं अब वे सारे दायित्व निजी क्षेत्र निबाहने लगा है। परिणाम यह हुआ है कि अब वह ही सबसे बड़ा रोज़गार प्रदाता भी बन गया है। लेकिन यह एक दारुण यथार्थ है कि निजी क्षेत्र अपने भावी कार्मिकों से जिस दक्षता की उम्मीद करता है, वह दक्षता अनुपलब्ध है। बल्कि सच तो यह है कि जो लोग सरकारी नौकरियों की चयन प्रक्रिया से जुड़े हैं उनका भी कहना है कि वांछित उपाधि रखने वाले भी सचमुच में योग्य नहीं होते हैं। परीक्षा उत्तीर्ण करके कोई उपाधि हासिल कर लेना अलग बात है और किसी सेवा विशेष के लिए योग्य होना अलग बात है। दोनों के बीच बड़ी खाई है।

इसी खाई की आधिकारिक स्वीकृति अभी हमारे सामने आई है। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग ने हाल में 'भविष्य के लिए कौशल: भारत के कार्यबल परिदृश्य में बदलाव शीर्षक से एक विस्तृत रिपोर्ट ज़ारी की है। इंस्टीट्यूट फॉरकॉम्पीटीटिवनेस द्वारा तैयार की गई यह रिपोर्ट भारत के कौशल परिदृश्य का एक डाटा आधारित विश्लेषण प्रस्तुत करती है। इस रिपोर्ट को तैयार करने में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण 2023-24, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना डैशबोर्ड, सेक्टर स्किल काउंसिल और नेशनल अप्रेण्टिसशिप प्रोमोशन स्कीम जैसे मुख्य डाटा स्त्रोतों का उपयोग किया गया है अत: यह रिपोर्ट अत्यधिक विश्वसनीय है। इस रिपोर्ट में जो सबसे ख़ास बात कही गई है वह यह है कि भारत के कार्यबल का 88% हिस्सा निम्न दक्षता वाले व्यवसायों जैसे कृषि, निर्माण और असंगठित क्षेत्र के कामों में संलग्न है। इनमें से अधिकांश काम शारीरिक श्रम की अपेक्षा रखने वाले हैं और इनके लिए बहुत कम तकनीकी ज्ञान की ज़रूरत होती है। इसके विपरीत उच्च दक्षता चाहने वाले व्यवसायों में केवल 10-12% लोग ही कार्यरत हैं। इन व्यवसायों में मुख्य हैं सूचना प्रौद्योगिकी, वित्त और प्रबंधन से जुड़े काम। इस असंतुलन का एक पक्ष यह भी है कि जहां बहुत सारे उच्च शिक्षा प्राप्त कार्मिकों को ऐसे कामों में नियोजित होना पड़ रहा है जहां उनकी शिक्षा का कोई उपयोग नहीं है, हमारे समाचार माध्यम थोड़े-थोड़े अंतराल पर इस तरह के समाचार देते हैं कि चौकीदार की नौकरी के लिए इंजीनियरिंग या प्रबंधन की उपाधि प्राप्त लोगों ने आवेदन किया है। वहीं जिन नियोजकों को उच्च दक्षता की अपेक्षा वाले काम करवाने हैं उन्हें अपेक्षित योग्यता वाले कार्मिक नहीं मिलते हैं। यह असंतुलन हमारे देश के नीति निर्माताओं के लिए बहुत बड़ी चुनौती है, क्योंकि वैश्विक अर्थ व्यवस्था बहुत द्रुत गति से ज्ञान एवं तकनीक आधारित होती जा रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन पांच प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में तुरंत व्यावसायिक प्रशिक्षण सुलभ कराया जाना चाहिए: सूचना प्रौद्योगिकी एवं आई टी सक्षम सेवाएं, वस्त्र एवं परिधान, इलेक्ट्रोनिक्स, स्वास्थ्य सेवाएं एवं जीवन विज्ञान और सौंदर्य व कल्याण। रिपोर्ट में कहा गया है कि ये पांच क्षेत्र मिलकर देश के 66% व्यावसायिक प्रशिक्षण का निर्माण करते हैं और अगर इन क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाए तो हमारे युवाओं के लिए रोज़गार के अवसर बहुत तेज़ी से बढ़ सकते हैं। रिपोर्ट में इन पांच क्षेत्रों में प्रशिक्षण और नीतिगत हस्तक्षेप की अनुशंसा की गई है।

**हम अपने दैनिक जीवन में भी देखते हैं कि बहुत सारे कारीगर, मिस्त्री, वगैरह बग़ैर किसी औपचारिक प्रशिक्षण के जटिल से जटिल काम कर देते हैं। उनकी इस दक्षता को मान्यता देकर हम अपना ही भला करेंगे। इसके लिए रिकग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग जैसे कार्यक्रमों को मज़बूत करने की बात कही गई है।**

इस रिपोर्ट का एक उजला पक्ष यह भी है कि इसमें आने वाले कल के लिए भारत के कार्यबल को तैयार करने और उसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाने के लिए कुछ अत्यंत महत्वपूर्ण अनुशंसाएं की गई हैं। स्वभावत: पहली अनुशंसा यह है कि हमें कौशल आवश्यकताओं का अनुमान लगाने और नीति निर्माण को साक्ष्य आधारित बनाने के लिए एक समर्पित और मानकीकृत डाटा प्रणाली विकसित करनी होगी। यह प्रणाली विभिन्न क्षेत्रों में कौशल अंतराल की पड़ताल करेगी और तदनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करने और बाद में उन कार्यक्रमों की प्रभावशीलता का आकलन करने में सक्रिय भूमिका निबाहेगी। दूसरी अनुशंसा यह है कि उद्योगों को भी प्रमाणित कुशल प्रतिभा पूल से नियोजन देने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। स्वाभाविक है कि इससे दक्षता प्राप्त प्रशिक्षित कार्मिकों का उत्साह बढ़ेगा। तीसरी अनुशंसा यह है कि प्रमाणित कुशल कर्मचारियों के लिए उच्च वेतन संरचना लागू की जाए। इससे अधिक युवा कौशल कार्यक्रमों की तरफ आकर्षित होंगे।

इस रिपोर्ट में एक बहुत ही ख़ास और मौलिक अनुशंसा यह की गई है कि भारत में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों कार्मिकों के पास अनौपचारिक और अनुभवात्मक शिक्षा होती है। अनुशंसा यह है कि इस दक्षता को औपचारिक मान्यता प्रदान की जाए। हम अपने दैनिक जीवन में भी देखते हैं कि बहुत सारे कारीगर, मिस्त्री, वगैरह बग़ैर किसी औपचारिक प्रशिक्षण के जटिल से जटिल काम कर देते हैं। उनकी इस दक्षता को मान्यता देकर हम अपना ही भला करेंगे। इसके लिए रिकग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग जैसे कार्यक्रमों को मज़बूत करने की बात कही गई है। आखिर में यह अनुशंसा की गई है कि एक मज़बूत रोज़गार योग्यता सूचकांक प्रणाली विकसित की जाए जो शिक्षा और कौशल विकास के रोज़गार पर प्रभाव का आकलन करे। इस सूचकांक से हमारे नीति निर्माता भी यह जान सकेंगे कि कौन से प्रशिक्षण कार्यक्रम कितने प्रभावी हैं।

मुझे यह बात सुखद लगी है कि सरकार ने बहुत गम्भीरता से स्थितियों का आकलन किया है। अब देखना यह है कि इस रिपोर्ट की अनुशंसाओं को कितनी जल्दी और कितनी निष्ठा से लागू किया जाता है।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# स्तन ग्रंथियों में खून से दूध बनने का विज्ञान



**प्रो. वीर बहादुर सिंह**

हम सभी बचपन से ही इस बात से वाकिफ हैं कि दूध हमें मादा स्तन धारिओं से ही प्राप्त होता है और शनै: शनै: इस बात से भी वाकिफ हो जाते हैं कि दूध रक्त अथवा शरीर के खून से ही निर्मित होता है। इतनी जानकारी होने के बाद हम आगे और अधिक जानने का प्रयास नहीं करते। कोतूहल अवश्य होता है जब यह कहा जाता है कि खून से बनने के कारण अनेक लोग कहते हैं कि फिर तो दूध नॉन-वेजीटेरियन खाद्य श्रेणी में आता है इसलिए कतिपय लोग दूध नहीं पीते। और जो केवल दूध पर ही आश्रित होते हैं, परन्तु मांस-मछली, अंडे सरीखे पदार्थ से परहेज रखते हैं वे अपने आपको मिल्क - टेरियन कहते हैं। इसी प्रकार एग - टेरियन जो अंडे तो खाते हैं लेकिन मांस-मछली नहीं।

विषय को दूध की तरफ मोड़ते हुए हम कह सकते हैं कि दूध सभी मैमल्स में नवजात के लिए पहला आहार है जो उसे जन्मते ही अपने माँ के स्तनों से प्राप्त होने लगता है। यह प्रथम आहार नवजात की सभी शरीर आवश्यकताओं को पूरा करता है तथा भूख शांत करने और शरीर वृद्धि में सुगम पाचन व अवशोषण से वांछित परिवर्तन लाने में सक्षम होता है। लेकिन रक्त का रंग गहरा लाल होते हुए भी दूध सफ़ेद ही प्राप्त होता है। यह रंग परिवर्तन स्तन ग्रंथिओं के अंदर मौजूद अनेक सूक्ष्म कोशिकाओं और ऊतकों में घटित जैविक क्रियाओं से संभव होता है। ये जैविक क्रियाएं बहुत जटिल होते हुए कतिपय किण्वकों और हॉर्मोन से संपन्न होती हैं। स्तन ग्रंथिओं में घटित अनेक क्रियाओं के अलावा एक सबसे सुगम छानने की क्रिया भी होती है जिससे रक्त के कुछ अवयव बिना परिवर्तन छन कर दूध में मिलते हैं।

दूध में केवल दो ही तत्व यथा लैक्टोज़ (दूध शर्करा) और केसीन प्रोटीन का ही संश्लेषण रक्त के अवयवों से स्तन ग्रंथिओं में होता है जो सबसे अधिक जटिल क्रियाएं हैं। याद रहे कि दूध के ये दो अवयव दूध के अलावा दुनियां के किसी खाद्य में मौजूद नहीं होते, यहां तक उस मादा के शरीर और रक्त में भी ये तत्व नहीं मिलते। इसलिए प्रकृति ने नवजात के शरीर में किसी विशेष कार्य के लिए ही इनका दूध में प्रावधान किया हुआ है।

लैक्टोज़ अवयव दूध के माध्यम से नवजात के मस्तिष्क की वृद्धि में प्रमुख भूमिका निभाता है। कैसिइन प्रोटीन का कण भी आवश्यक ऍम नि ऍम लोन से भरपूर और सुपाच्य: होकर ऊतकों के निर्माण में भूमिका निभाता है। अनावश्यक एमिनो अम्ल की मात्रा अपेक्षाकृत कम रहने से गुर्दों पर अपशिष्ट मूत्र के रास्ते निकालने में मदद मिलती है। दूध की अन्य दो प्रोटीन, लेक्टालबुमिन और लैक्टग्लोब्युलिन अल्प मात्रा में मौजूद रहने से वांछित पोषण की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। ग्लोब्युलिन एक इम्मुनो प्रोटीन है जो नव जात को अनेक रोगाणुओं के सं-क्रमण से बचाव करती हैं। सहलाने व् प्यार करने पर ऑक्सीटोसिन हॉर्मोन पोस्टीरियर पिट्ययूटरी से स्त्रावित होकर दूध के लेट डाउन में मदद मिलती है। वहीं बुरा व्यवहार और डराने से गुर्दे पर स्तिथ एड्रेनल ग्रंथि अपने स्त्राव से ऑक्सीटोसिन के प्रभाव को नष्ट कर पशु को दूध होल्ड करने का संकेत देती है। जिससे दूध थनों से नहीं निकलता। जिसे आम भाषा में दूध चढ़ाना कहते हैं। नवजात की मृत्यु पर भी ऐसी ही दशा पशु में देखने को मिलती है।

योवनावस्था आते आते मादा में स्तन ग्रंथिओं का विकास होने लगता है। यह विकास ग्रंथि के अन्दर ऊतकों की वृद्धि के कारण होता है। गर्भ की अवस्था में अंदरूनी विकास मिल्क सिस्टर्न और अल्विओली ऊतकों में होता है, ये अल्विओली ऊतक एकहरी परत में विकसित होते हैं और आगे चलकर इन्ही ऊतकों में दूध के अवयवों का संश्लेषण और छनन होता है। इस विकास में प्रमुख भूमिका मस्तिष्क में उपस्तिथ एंटीरियर पिट्ययूटरी ग्रंथि के द्वारा स्त्रावित होर्मोनों की होती है। एंटीरियर पिट्ययूटरी ग्रंथि के ये कतिपय हॉर्मोन रक्त प्रवाह के साथ ओवरी (अंडाशय) पर जाकर उसे क्रियाशील बनाते हैं तथा अण्डों के सतत निर्माण में मुख्य भूमिका निभाते हैं।

पिट्ययूटरी स्त्राव के प्रभाव से ओवरी खुद दो हॉर्मोन स्त्रावित करती है जिन्हे एस्ट्रोजिन और प्रोजेस्ट्रोन कहते हैं, यही एस्ट्रोजिन स्तन ग्रंथिओं में अल्विओली ऊतक जिनमे दूध का निर्माण होता है को सक्रीय कर देते हैं वहीं प्रोजेस्ट्रोन ग्रंथि में नलिकाओं का निर्माण करती हैं। पूर्ण विकसित अंडा ओवरी से अलग होकर नलिका द्वारा गर्भाशय की तरफ बढ़ता है इस रास्ते में उसे यदि नर शुक्राणु मिल जाये तो अंडा फर्टीलाइज़ होकर भ्रूण बन जाता है और गर्भाशय में कहीं नाल बनाकर विकसित होता रहता है। भ्रूण के इस विकास में ओवरी से अंडे निकले स्थान (कार्पस लुटिम) से एक प्रोजेस्ट्रोन नामक हॉर्मोन निकलने लगता है और एस्ट्रोजिन प्रोजेस्ट्रोन के संतुलन में बदलाव हो जाता है जो गर्भ के स्थायुत्व के लिए आवश्यक है। गर्भावस्था काल समाप्ति पर फिर होर्मोनों के संतुलन में बदलाव होता है जिससे गर्भ प्रणाली के सभी अंग बड़े और ढीले हो जाते हैं ताकि वे विकसित भ्रूण को जन्म के समय सुगमता से शरीर से बाहर करने अथवा बच्चे के जन्म देने में सुगमता प्रदान कर सकें।

नवजात के जन्म के समय ही स्तन ग्रंथिओं में तेजी से दूध का सश्लेषण आरम्भ हो जाता है। और थनों में अधिक रक्त और दूध भरने से पूरी स्तन ग्रथि थनों सहित बाहर से तनी हुयी नजर आने लगती है, थनों में दूध का उतरना 'लेट डाउन' कहलाता है। ग्रामीण इसे पौसना कहते हैं। अत: ग्रंथिओं के अंदर दूध के निर्माण को मिल्क संश्लेषण अथवा सिक्रीशन और दूध के अयन व थनों में भरने को लेट डाउन कहते हैं। इस पूरे प्रकरण में एक और होरमोन जिसे ऑक्सीटोसिन अथवा प्लैज़र हॉर्मोन कहते है। स्त्रावित होता है मस्तिष्क की पोस्टीरियर पिट्ययूटरी से। पोसने की क्रिया में ऑक्सीटोसिन बहुत मददगार रहता है।

विषय कहीं अधिक जटिल और बृहत है, सामान्य पाठकों के लिए उपरोक्त वर्णन काफी है। हाँ रक्त का लाल रंग जो हीमोग्लोबिन प्रोटीन के कारण होता है अल्विओली ऊतकों में विघटित होकर समाप्त हो जाता है और दूध की किसी प्रोटीन के निर्माण में सहायक बन जाता है। लेख अच्छा और रोचक लगे तो प्रतिक्रिया अवश्य दें।

**–प्रो. वीर बहादुर सिंह,**
**पूर्व कुलपति एवं डेरी विज्ञ,**
**महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय,**
**उदयपुर, राजस्थान**

# 474 करोड़ रुपए की लागत से बदल रही है जोधपुर रेलवे स्टेशन की तस्वीर

## मारवाड़ की स्थानीय कला और आधुनिकता के साथ पुनर्विकास कार्य किया जा रहा है

- **जोधपुर के मुख्य रेलवे स्टेशन पर कार्य पूर्ण होने पर स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ पर्यटकों को अनेक यात्री सुविधाएं उपलब्ध होंगी**
- **स्टेशन पर हरित पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए सोलर पैनल, कचरे का प्रसंस्करण, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, वर्षा जल संचयन, फायर फाइटिंग सिस्टम जैसे संसाधन स्थापित करना प्रस्तावित है**

**जोधपुर, (कासं)।** प्रदेश के दूसरे बड़े शहर जोधपुर के मुख्य रेलवे स्टेशन की 474 करोड़ रुपए की लागत से तस्वीर बदलने को है। सिटी रेलवे स्टेशन को जहां आगामी 50 वर्षों की कार्य योजना के अनुरूप तेजी से पुनर्विकसित किया जा रहा है, वहीं इस स्टेशन पर रेलवे ने रोजाना 92 हजार से भी अधिक रेल यात्रियों को उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। सूर्यनगरी की स्थानीय स्थापत्य कला, हेरिटेज और आधुनिकता का समावेश करते हुए जोधपुर रेलवे स्टेशन का शिद्दत व तेजी से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास किया जा रहा है।

पुनर्विकास कार्यों के तहत जोधपुर स्टेशन के मुख्य प्रवेश पर भूतल व चार मंजिला बिल्डिंग तथा द्वितीय प्रवेश पर भूतल व तीन मंजिला बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है। मुख्य प्रवेश पर निर्मित बिल्डिंग के लिए पिलिंथ लेवल का कार्य पूरा हो गया है तथा स्लेब डालने का कार्य प्रगति पर है तथा द्वितीय प्रवेश पर ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर के स्ट्रक्चर का कार्य पूरा हो गया है तथा अन्य कार्य प्रगति पर है। उल्लेखनीय है कि जोधपुर स्टेशन पर मुख्य प्रवेश बिल्डिंग लगभग 14 हजार वर्ग मीटर तथा द्वितीय प्रवेश बिल्डिंग लगभग 9 हजार वर्ग मीटर में निर्मित की जा रही है। जोधपुर स्टेशन पर पुनर्विकास का कार्य तीव्र गति के साथ प्रगति पर है। यह कार्य पूर्ण होने पर स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ पर्यटकों को अनेक यात्री सुविधाएं उपलब्ध होंगी। स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के कारण क्षेत्र में विकास और प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार के अनेक अवसर उत्पन्न होंगे।

उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार महाप्रबन्धक अमिताभ के निर्देशानुसार में जोधपुर स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य तेजी से प्रगति पर है। जोधपुर स्टेशन पर मुख्य प्रवेश बिल्डिंग (राई का बाग साइड) में पिलिंथ लेवल का कार्य पूरा कर लिया गया है तथा द्वितीय प्रवेश बिल्डिंग (भगत की कोठी साइड) के भूतल व प्रथम तल का स्ट्रक्चरल वर्क पूरा किया जा चुका है तथा द्वितीय तल का कार्य प्रगति पर है। स्टेशन परिक्षेत्र में सुगम आवगमन के लिए लगभग 39 हजार वर्ग मीटर में सड़क पक्का फर्श सहित पार्किंग सुविधा विकसित करना प्रस्तावित है। स्टेशन पर राई का बाग व भगत की कोठी साइड में ज़ी 2 बिल्डिंग आगमन ब्लॉक तैयार किया जा रहा है।

जोधपुर के मुख्य रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए 72 मीटर चौड़ाई (6121 वर्ग मीटर) का एयर कॉनकोर्स एरिया का निर्माण किया जाएगा। यह एयर कॉनकोर्स सभी प्लेटफार्म सहित दोनों छोर की बिल्डिंग को आपस में जोड़ने का भी कार्य करेगा। इस एयर कॉनकोर्स क्षेत्र में वाणिज्यिक दुकानें, कैफेटेरिया, एग्जीक्यूटिव लाउंज, फूड कोर्ट, पर्यटक सूचना केन्द्र, वेंटिग हॉल जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी।

जोधपुर के मुख्य रेलवे स्टेशन पर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर सुगम आवागमन के लिए 35 लिफ्ट और 16 एस्केलेटर लगाया जाना प्रस्तावित हैं। इसके अतिरिक्त राई का बाग साइड में 1433 वर्ग मीटर तथा भगत की कोठी साइड में 1678 वर्ग मीटर क्षेत्र फुट ओवरब्रिज का भी निर्माण किया जा रहा है, जिनके फाउंडेशन का कार्य किया जा चुका है। स्टेशन पर लगभग 14 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में प्लेटफार्म शेल्टर का कार्य किया जाना है।

जोधुपर स्टेशन के पुनर्विकास कार्य में स्टेशन बिल्डिंग में आगमन/प्रस्थान हेतु अलग-अलग प्रवेश व निकास द्वार, एयर कोनकॉर्स, स्काई वॉक, कवर्ड प्लेटफार्म, लिफ्ट व एस्केलेटर की सुविधा, फुट ओवरब्रिज, अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित वेटिंग रूम, शॉपिंग कॉम्पलेक्स, एग्जीक्यूटिव लाउंज, उन्नत व मानक स्तर की लाइटिंग, फुड कोर्ट इत्यादि का प्रयोजन रखा गया है। इसके साथ ही स्टेशन पर पर्याप्त व सुव्यवस्थित पार्किंग सुविधा, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं, संकेतक, शौचालय, बेगेज स्कैनर, मैटल डिटेक्टर तथा कोच गाइडेन्स बोर्ड व ट्रेन इन्डिकेटर इत्यादि के साथ समस्त प्रकार की आधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं स्टेशन पुनर्विकास में ऊर्जा खपत में कमी के लिए ग्रीन बिल्डिंग आधारित सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। स्टेशन पर हरित पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए सोलर पैनल, कचरे का प्रसंस्करण, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, वर्षा जल संचयन, फायर फाइटिंग सिस्टम जैसे संसाधन स्थापित करना प्रस्तावित है।

# मिट्टी के तवे पर बनी आकृतियों से रोशन हुई दीपिका आर्ट अकादमी

- **'रंग मल्हार' पर्व के जरिए अच्छी वर्षा की कामना का संदेश दिया**

**भीलवाड़ा, (निसं)।** मिट्टी जो हमें जीवन देती है, अन्न उपजाती है और हमारे घर की नींव बनती है, आज उसी मिट्टी के तवे को नन्हें-मुन्ने बच्चों व युवा कलाकारों ने अपनी अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया। मौका था दीपिका आर्ट अकादमी द्वारा आयोजित 'रंग मल्हार' के आयोजन का।

वर्षा की कामना को लेकर आयोजित रंग मल्हार ने शहर के कलाप्रेमियों का दिल जीत लिया। दीपिका आर्ट अकादमी व नवदीप क्राफ्ट एक्सपो प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में सोलहवां रंग मल्हार कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। दीपिका आर्ट अकादमी के बच्चे व युवा चित्रकारों ने मिट्टी के तवे पर चित्रकारी की जो आकर्षण का केंद्र बनी।



**सोलहवें रंग मल्हार कार्यक्रम में बच्चे व युवा चित्रकारों ने मिट्टी के तवे पर चित्रकारी की।**

दीपिका पराशर ने बताया कि रंग मल्हार का यह सोलहवा वर्ष है जिसमें मिट्टी के तवे पर कलाकारों ने अपने रंग भरे। इससे पूर्व छाता, पेपर बैग, साइकिल, लालटेन, हाथ का पंखा, टी-शर्ट, झंडा, अप्रिन पर चित्रकारी कर चुके हैं। कार्यक्रम आयोजक नवदीप प्राप्त एक्सपो प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक निदेशक ने बताया कि यह आयोजन डॉक्टर विद्यासागर उपाध्याय की परिकल्पना पर आधारित है जिसमें प्रदेश के विभिन्न छोटे-बड़े शहरों के समकालीन कलाकार और बाल कलाकारों की सक्रिय भागीदारी रहती है। रविवार को दीपिका आर्ट अकादमी में आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से किया गया, इसमें कोरिया, हंगरी, जर्मनी, सिंगापुर, मलेशिया, श्रीलंका, बांग्लादेश, इंग्लैंड आदि देश और विदेश के कलाकारों ने अपनी भागीदारी निभाई।

कलाकारों द्वारा आज बनाई कलाकृतियों का प्रदर्शन 20 जुलाई रविवार को शहरवासियों के लिये दीपिका आर्ट अकादमी में किया जायेगा। दीपिका ने बताया कि यह आयोजन केवल रंगों और चित्रों का उत्सव नहीं, बल्कि हमारी धरती माँ के प्रति प्रेम, समर्पण और संरक्षण का एक रचनात्मक प्रयास है। इस मौके पर अतिथि के रुप में वरिष्ठ रंगकर्मी गोपाल आचार्य, पूर्व न्यास अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण, संगीत कला केन्द्र के महेश जोशी, समाजसेवी दिव्या बांगड़, सीमा सांखला, महिमा राठौर, दीपिका पंवार, शैलेंद्र पंवार आदि मौजूद थे।

रंग मल्हार में आरोही, आवृत्ति जैन, ख्याति जैन, गुंजन, तान्या सिंह, सोना कोठारी, सुहानी बोहरा, शिल्पा चौधरी, अहाना पोरवाल, आर्ची जैन, ईसी ईरानी, झील चौरड़िया, पार्थ चौरड़िया, यशस्वी बाहेती, सोनू पारीक, तरूणा घीया, वर्णिका बंसल समेत अन्य बच्चों व युवा कलाकारों ने मिट्टी के तवे पर कला का प्रदर्शन किया।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**सोमवार 14 जुलाई, 2025**

सावन मास, कृष्ण पक्ष, चतुरथी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2082, धनिष्ठा नक्षत्र प्रात: 6:49 तक, आयुष्मान योग सायं 4:14 तक, बव करण दिन 12:31 तक, चन्द्रमा आज कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-सिंह, बुध-कर्क, गुरू-मिथुन, शुक्र-वृष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज चतुर्थी व्रत है। चन्द्रोदय रात्रि 10:00 पर होगा। आज पंचक और सावन वन सोमवार है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:27 तक, शुभ 9:09 से 10:51 तक, चर 2:14 से 3:56 तक, लाभ-अमृत 3:56 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 5:46, सूर्यास्त 7:19

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। सुख-सुविधाओं पर धन खर्च होगा।

**कर्क**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो सकते हैं। आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**सिंह**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
आर्थिक मामलों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है। अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा। घर-परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे।

**वृश्चिक**
घर-परिवार में सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों-परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**कुंभ**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

# University of Engineering & Management

UEM श्रद्धावान लभते ज्ञानम्
UNIVERSITY OF ENGINEERING & MANAGEMENT
Good Education, Good Jobs

## IEM - UEM Group | Jaipur

**IEM & UEM Institutions are Founded and Managed by IITians and Majority of Faculty are IITians**

INDIAN UNIVERSITY RATINGS QS I-GAUGE PLATINUM & DIAMOND · BEST COLLEGES OF INDIA 2024 INDIA TODAY · Times Higher Education Impact Rankings 2024 · GU GLOBAL UNIVERSITY RANKINGS · nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK · SHALBY ACADEMY · AIMA ALL INDIA MANAGEMENT ASSOCIATION · UGC · AICTE APPROVED · NAAC ACCREDITED · AIU MEMBER · BOARD OF APPRENTICESHIP TRAINING (NORTHERN REGION)

**UEM Jaipur is Ranked in The Top Position in North India under Institutions Innovation Council by Ministry of Education, Govt. of India**

Industry Associated Dual Degree Program

- CSE DATA SCIENCE - SAS
- CSE CLOUD COMPUTING & VISUALIZATION
- BBA DIGITAL BUSINESS - IIDE
- BBA IN MEDIA MANAGEMENT

"Students may opt for Dual Degree Programs - for example, a student may select Civil Engineering as major degree with CSE as minor degree or vice-versa"



# Scholarships

## UPTO 100%

### for Rajasthan Girls Student

| | | |
|---|---|---|
| 100% FEE WAIVER | | 95% OR ABOVE IN (10+2) |
| 75% " | " | 80% OR ABOVE IN (10+2) |
| 50% " | " | 75% OR ABOVE IN (10+2) |
| 25% " | " | 70% OR ABOVE IN (10+2) |

- SC-ST Scholarship (as per Government Rules)
- Scholarship for IEMJEE Candidates
- Scholarship for Sports Candidate
- Scholarship for Rajasthan Girl Students



₹7 CRORES + WORTH SCHOLARSHIPS PROVIDED | ₹72 LPA HIGHEST ANNUAL SALARY OFFERED | 800+ Research Paper Published | 40+ Design Patents Granted | 600+ Patents Published

## B.TECH

CSE - Artificial Intelligence & Machine Learning (AIML)
Computer Science & Engineering (CSE) with Specialization
- Artificial Intelligence & Machine Learning (AIML)
- Block Chain Technology
- Big Data analytics
- Cloud Computing
- Cyber Forensic & Internet Security

Electronics & Communication Engineering (ECE)
- Artificial Intelligence & Machine Learning
- Embedded System
- VLSI Design
- Internet of Things (IoT)
- Robotics

Electrical Engineering (EE)
- Electrical & Computer Engineering
- Electrical & Electronics Engineering

Mechanical Engineering (ME)
- Automobile Engineering

Civil Engineering (CE)
- Sustainable Construction Engineering

## M.TECH

WITH SPECIALIZATION
Computer Science & Engineering (CSE)
- Big Data Analytics
- Cloud Computing
- Data Science
- Information Security

Electrical Engineering (EE)
- Power System Engineering
- Power Electronics & Drives
- Control System Engineering

Electronics & Communication Engineering (ECE)
- Communication Engineering
- Micro-Electronics & VLSI
- Radio Frequency & Microwave Engineering

Mechanical Engineering (ME)
- Production Engineering
- Thermal Engineering

Civil Engineering (CE)
- Structural Engineering

## BBA/MBA

Bachelor of Business Administration (BBA)
Master of Business Administration (MBA)
MBA with Dual Specialization
- Marketing
- Finance
- Human Resource
- Business Analytics

MBA Executive
MBA in Hospital & Healthcare Management

ADMISSIONS OPEN

## BPT/MPT

BACHELOR OF PHYSIOTHERAPY (BPT)
MASTER OF PHYSIOTHERAPY (MPT)
- Cardiopulmonary
- Orthopaedics
- Neurology
- Musculoskeletal
- Pediatrics
- Sports

**POST GRADUATE DIPLOMA IN YOGA**

## BCA/MCA

Bachelor of Computer Application (BCA)
- Data Science
- Cloud Computing
- Big Data Analytics
- Block Chain Technology
- Cyber Forensic & Information Technology
- Artificial Intelligence & Machine Learning

Master of Computer Application (MCA)

## Ph.D

Doctor of Philosophy (Ph.D)
- Computer Science & Engineering
- Electrical Engineering
- Civil Engineering
- Mechanical Engineering
- Electronics & Communication Engineering
- Physics / Chemistry
- English / Mathematics
- Management / Humanities

Placements at UEM JAIPUR Continue till the last willing student is Satisfactory Placed


All students of 2025 passout batch received Job Offers

80% Students got Multiple Job Offers

STUDENTS PLACED **2863+** | JOB OFFERS **3895+**

**645+ COMPANIES VISITED**

AWARDS & ACHIEVEMENTS OF UEM JAIPUR




PARTICIPATE IN OFFLINE IEMJEE 2025 EXAM

2nd Rank in Rajasthan by The Prestigious Times Engineering Ranking Survey 2025

### Academic Partners

tcs TATA CONSULTANCY SERVICES · IBM · sas · IIDE THE DIGITAL SCHOOL · CAMBRIDGE

### Foreign University Collaborations

UNLV · 岩手県立大学 · RENNES SCHOOL OF BUSINESS · GIIM · Brunel University London · RICHARD A. CHAIFETZ SCHOOL OF BUSINESS SAINT LOUIS UNIVERSITY

### More than 18000+ Certification

HARVARD BUSINESS SCHOOL · coursera · LinkedIn Learning · Infosys Springboard · CAMBRIDGE · IBM · edX

Study Abroad Program for Meritorious Students
USA, CANADA, UK, AUSTRALIA & SINGAPORE

5 Industry Established Labs | Leading University for 6G Projects, Govt. of India

APPLY ONLINE: www.uem.edu.in

Admissions Office will Remain Open on Sunday

Campus: 'Gurukul', Udaipuria Mod, Sikar Road, 6 Kms. from Chomu, Jaipur - 303807 (Raj.)
City Office: 210-212, IInd Floor, Apex Tower, Lalkothi, Tonk Road, Jaipur | M: 9887933330

9887313330, 9887433330
9887413330, 9887613330

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर हुये सड़क हादसे में मां-बेटों सहित चार की मौत

## करौली के थे मृतक, करौली में सर्राफा व्यापारियों ने बाजार बंद रखकर शोक जताया


करौली में सर्राफा व्यापारियों ने दुकानें बंद रखकर शोक जताया।

- इंदौर से सगाई-गोद भराई करके लौट रहे थे ज्वैलर परिवार के लोग
- दस जने घायल, सात घायलों की स्थिति गंभीर होने पर कोटा रैफर किया

**कोटा/करौली,** (निसं)। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर कोटा ग्रामीण इलाके के बूढ़ादीत थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार टेम्पो ट्रेक्स गाड़ी पीछे से वाहन में घुस गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि टेम्पो ट्रेक्स गाड़ी आगे से पूरी तरह से चकनाचूर हो गई और भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई और दस जने घायल हो गए, जिसमें से सात घायलों की स्थिति गंभीर होने पर सभी को कोटा के एमबीएस अस्पताल के लिये रैफर कर भर्ती किया। जानकारी के अनुसार मृतक करौली के रहने वाले थे। ये मध्यप्रदेश के इंदौर से गोद भराई व सगाई की रस्म के बाद करौली लौट रहे थे। हादसे के बाद मौके से ड्राइवर फरार हो गया।

बूढ़ादीत थाना अधिकारी रघुवीर सिंह हाड़ा ने बताया कि करौली के सीताबाड़ी इलाके में रहने वाला परिवार अपने रिश्तेदारों के साथ लड़के की सगाई व गोद भराई के लिए गाड़ी से इंदौर गया था, सगाई-गोद भराई की रस्म के बाद ये लोग शनिवार रात्रि को इंदौर से करौली के लिये रवाना हुए थे। रविवार सुबह बूढ़ादीत के पास आठ लेन के एक्सप्रेस-वे पर टेंपो ट्रेक्स पीछे से वाहन में घुस गई। प्रथमदृष्टया से सामने आ रहा है कि मिनी बस चालक को नींद की झपकी आने के कारण हादसा हुआ है। घटना के बाद हादसा स्थल पर चीख-पुकार मच गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने बाद में दम तोड़ दिया। भीषण सड़क दुर्घटना में सुरेश सोनी (45), ब्रजेश सोनी (45) अनिल सोनी (48) एवं उनकी मां गीता सोनी (63) की मौत हो गई। हादसे में मृतकों में अनिल और ब्रजेश सगे भाई थे, उनकी मां गीता सोनी थी और मृतक सुरेश सोनी दामाद थे। अनिल और बृजेश ज्वैलर है, वह करौली में ही व्यवसाय करते थे, जबकि सुरेश अध्यापक है और भरतपुर निवासी है।

जानकारी के अनुसार अनिल सोनी के बेटे की सगाई के लिये सोनी परिवार के 14 सदस्य करौली से इंदोर गये थे। बेटा बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। परिवार के सदस्य ट्रेवल गाड़ी से इंदौर से करौली के लिये निकले थे। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। एक्सप्रेस-वे की एंबुलेंस भी आई। पुलिस ने मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। हादसे में घायल संजीव सोनी, प्रमोद सोनी, तनुज, सीमा, सानिया, ममता सोनी, और हिमांशु को घायलावस्था में उपचार के लिये एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया है।

थानाधिकारी रघुवीर सिंह हाड़ा ने बताया कि दुर्घटना कैसे हुई, इसकी पूरी जांच की जाएगी। जिस वाहन में सवार लोगों की मौत हुई है, वह पीछे से अन्य वाहन में घुसी है, लेकिन कारण क्या रहे हैं, यह जांच का विषय है। अज्ञात वाहन की भी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

**करौली में सर्राफा व्यापारियों ने बाजार बंद रखे :** कोटा के बुढ़ादीत इलाके में चंबल पुल के पास रविवार को सड़क हादसे में करौली के एक परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। हादसे में 10 से अधिक लोग घायल हुए हैं। मृतकों में करौली शहर की सीताबाड़ी गली के ज्वेलर्स अनिल सोनी और ब्रजेश सोना, उनकी मां गीता सोनी और बहनोई सुरेश सोनी शामिल हैं। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर के अनुसार हादसे का कारण ट्रैवलर की तेज रफ्तार हो सकती है। घटना के बाद करौली शहर में शोक की लहर दौड़ गई और हर कोई व्यक्ति घटना की चर्चा करते नजर आया। वहीं सर्राफा व्यापारियों ने एक ही परिवार के चार सदस्यों मौत हो जाने के बाद अपने प्रतिष्ठान नहीं खोले जिसके चलते दिन भर करौली शहर का सर्राफा बाजार बंद रहा।

# पुलिस की गलत जांच के कारण नेत्रहीन को जेल में रहना पड़ा

- हाईकोर्ट ने 75 दिन जेल में रहे नेत्रहीन की रिहाई के आदेश दिये, आईओ-एसएचओ की जांच होगी
- सरकार की ओर से नेत्रहीन को 2 लाख रुपए का हर्जाना देने के भी आदेश दिए

**बीकानेर,** (निसं)। यहां रेंज के एक थाने में पुलिस की गलत जांच के कारण नेत्रहीन को दो माह से भी ज्यादा जेल में रहना पड़ा। हाईकोर्ट ने नेत्रहीन को रिहा कर मामले की जांच करने वाले अनुसंधान अधिकारी और पुलिस थाने के एसएचओ के खिलाफ विभागीय कार्यवाही के लिए कहा है। इसके अलावा सरकार की ओर से नेत्रहीन को 2 लाख रुपए का हर्जाना देने के भी आदेश दिए गए हैं।

बीकानेर रेंज के चूरू जिले में तारानगर पुलिस थाने में 14 मार्च, 2025 को हरिसिंह की ओर से भतीजे विनोद के साथ मारपीट का मुकदमा दर्ज करवाया गया था। पुलिस ने इस मामले में सिद्धमुख निवासी नेत्रहीन अमीचंद को 25 अप्रैल को गिरफ्तार किया और 27 अप्रैल को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। तब से वह जेल में ही है। इस दौरान अमीचंद के भाई संदीप ने पुलिस की जांच को गलत बताते हुए परिवाद दिया। ट्रेनी आईपीएस निश्चय प्रसाद ने परिवाद की जांच की तो पाया कि अमीचंद के खिलाफ आरोप प्रमाणित नहीं होता। उसकी रिहाई के लिए तारानगर कोर्ट में अर्जी दी, लेकिन कोर्ट ने खारिज कर दी। कोर्ट का कहना था कि मामले में दुबारा जांच के लिए अनुमति ही नहीं ली गई।

इस पर बीकानेर निवासी वकील कौशल गौतम ने 19 जून को जोधपुर हाईकोर्ट में पुनरीक्षण याचिका पेश की। कोर्ट ने पूरे मामले की सुनवाई के बाद नेत्रहीन अमीचंद को जेल से रिहा करने और तारानगर थाने के एसएचओ व अनुसंधान अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश चूरू एसपी को दिए हैं। इसके अलावा सरकार को दो लाख रुपए हर्जाने के रूप से भुगतने होंगे। यह राशि दो माह से ज्यादा बेवजह जेल में रहने वाले नेत्रहीन अमीचंद को दी जाएगी। पुलिस की लापरवाहीपूर्ण जांच का यह मामला चर्चा में है।

# पाक बॉर्डर पर हेरोइन तस्करी का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**बीकानेर,** (निसं)। रेंज की स्पेशल टीम ने पाक बॉर्डर पर हेरोइन तस्करी के इनामी अपराधी हरियाणा के सिरसा से गिरफ्तार किया है। वह दो साल से फरार चल रहा था।

जानकारी के अनुसार दो साल पहले भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर 2 किलो हेरोइन और मारूति कार जब्त की गई थी। इस मामले में अन्तर्राष्ट्रीय तस्करी चूरू में साहवा निवासी सोनू सरदार उर्फ हरिसिंह फरार चल रहा था। उस पर 10,000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था। रेंज की स्पेशल टीम को उसके बारे में इनपुट मिले। टीम हरियाणा के सिरसा पहुंची और उसे गिरफ्त में लिया। उसे घड़साना थाना पुलिस को सौंपा गया है। इस मामले में पूर्व में कैलाश, जयमल, जनबा अली उर्फ जागू, राजपाल उर्फ राजू को गिरफ्तार किया जा चुका है। सोनू आदतन तस्कर है जो पाकिस्तान से ड्रोन के जरिये आने वाली हेरोइन को हरियाणा-पंजाब सहित राजस्थान के जिलों में सप्लाई करता है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई देवीलाल सहारण, हेड कांस्टेबल विमलेश कुमार, कांस्टेबल आरिफ, आत्माराम और भीवाराम शामिल थे। मुक्ताप्रसाद थाना पुलिस ने कालू में खापरसर निवासी हड़मानाराम कस्वां को गिरफ्तार कर उससे देशी कट्टा बरामद किया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## रेणुका नदी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत

**छबड़ा,** (निसं)। क़स्बे की रेणुका नदी में रविवार को एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची छबड़ा पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार देहरी निवासी लड्डूराम यादव (68) शनिवार को गांव के निकट बने एनीकट को पार कर रहा था इसी दौरान संतुलन बिगड़ने के चलते वह डूब गया। रविवार को उसका शव क़स्बे के नदी दरवाजे पर रेणुका नदी में तैरता हुआ मिला, जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर लोगों की सहायता से शव को बाहर निकलवाकर शव को छबड़ा चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवा दिया तथा चिकित्सको द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# फर्जी डिग्री घोटाले में फंसे मानव भारती वि.वि. के मालिक की मुश्किलें बढ़ीं

## प्रवर्तन निदेशालय ने पत्नी अश्वनी कंवर और बेटे मनदीप राणा को भी शिकंजे में ले लिया

- ईडी ने विशेष अदालत में आवेदन दायर कर इन दोनों को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने की प्रक्रिया शुरू की
- ये दोनों फिलहाल ऑस्ट्रेलिया में रह रहे हैं और जांच से बचने के लिए भारत नहीं लौट रहे हैं

**जालोर,** (कासं)। फर्जी डिग्री घोटाले में फंसे मानव भारती विश्वविद्यालय, सोलन के मालिक राजकुमार राणा की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने अब उनकी पत्नी अश्वनी कंवर और बेटे मनदीप राणा को भी शिकंजे में ले लिया है। ईडी ने विशेष अदालत में आवेदन दायर कर इन दोनों को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ये दोनों फिलहाल ऑस्ट्रेलिया में रह रहे हैं और जांच से बचने के लिए भारत नहीं लौट रहे हैं। वहीं उनकी सिरोही जिले में स्थित माधव विश्वविधालय भी जांच के घेरे में नजर आ रही है।

ईडी के अनुसार, इस मामले में अब तक 387 करोड़ रुपये की अवैध कमाई का पता चला है, जिसमें फर्जी डिग्रियां बेचकर पैसे इक्कट्ठे किए गए। इसके अलावा अब राजस्थान के सिरोही जिले में स्थित माधव यूनिवर्सिटी भी जांच के दायरे में आ गई है, जिसे राणा ने साल 2014 में स्थापित किया था।

राजकुमार राणा हिमाचल प्रदेश के मानव भारती विश्वविद्यालय के संस्थापक हैं। जांच में पाया गया कि इस विश्वविद्यालय के माध्यम से देशभर में हजारों फर्जी डिग्रियां बेची गईं, जिससे करोड़ों रुपये की अवैध कमाई की गई। जब ईडी ने राणा की पत्नी और बेटे को पूछताछ के लिए बुलाया तो दोनों हाजिर नहीं हुए। कोर्ट द्वारा जारी समन और नोटिस का भी उन्होंने पालन नहीं किया। इसके बाद ईडी ने विशेष अदालत में अर्जी लगाई कि इन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया जाए। वहीं सिरोही जिले के पिंडवाडा तहसील के भानपुरा खींची गांव में स्थित माधव यूनिवर्सिटी की स्थापना भी राजकुमार राणा ने की थी। विश्वविद्यालय को 2014 में राजस्थान सरकार द्वारा निजी विश्वविद्यालय अधिनियम के तहत मान्यता दी गई थी। इस संस्थान में भी शैक्षणिक अनियमितताओं और संभावित फर्जी डिग्री वितरण की शिकायतें सामने आई हैं। अब प्रवर्तन निदेशालय की नजर इस विश्वविद्यालय की फंडिंग, आय-व्यय और डिग्री वितरण प्रणाली पर है। स्थानीय प्रशासन भी विश्वविद्यालय के कागजातों और संचालन की समीक्षा कर रहा है। वहीं कोर्ट द्वारा भगोड़ा घोषित होते ही ईडी राणा परिवार की संपत्तियां जब्त कर सकती है, जिनमें देश-विदेश की बेनामी और अपराध की आय से अर्जित संपत्तियां शामिल हैं। भारत सरकार ऑस्ट्रेलिया से प्रत्यर्पण प्रक्रिया शुरू कर सकती है, ताकि अश्वनि कंवर और मनदीप राणा को भारत लाकर न्यायिक प्रक्रिया पूरी की जा सके।

ईडी ने बताया कि मामले से जुड़े एजेंटों की संपत्तियां भी अटैच की जा रही हैं अब तक 1.74 करोड़ की सात संपत्तियां जब्त की जा चुकी हैं। मानव भारती यूनिवर्सिटी के फर्जी डिग्री घोटाले में अब तक 387 करोड़ की अवैध कमाई का खुलासा हुआ है। आरोपी अश्वनी कंवर और मनदीप राणा ऑस्ट्रेलिया में होने से कोर्ट में पेश नहीं हुए, इसलिए ईडी ने भगोड़ा घोषित करने की मांग की।

## सात दिन से पैंथर का मूवमेंट


थडौली, पखाला ग्राम के मध्य पहाड़ी पर पैंथर का जोड़ा दिखाई दिया।

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुख्यालय थडौली एवं पखाला ग्राम के मध्य छोटी पहाड़ी पर करीब सात दिन से एक पैंथर का जोड़ा अक्षर मौसम की बहार लेने गुफा से बाहर निकालकर दिन में ही घूमता नजर आ रहा है। इस कारण ग्रामीणों में अपने मवेशियों की सुरक्षा को लेकर चिंता रहने लगी है। ग्रामीणों ने बताया है कि पहाड़ी के ऊपर करीब सात दिन से एक पैंथर का जोड़ा घूमता नजर आ रहा है, हालांकि अभी तक इस वनप्राणी द्वारा कोई भी नुकसान मवेशियों का नहीं किया गया है, फिर भी गरीब परिवारों को भय सता रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से इन्हें नियंत्रित करने की मांग की है। बौंली नगर की अरावली पर्वत श्रृंखला में इस समय करीब 15 पैंथर हैं और इन्हीं में से कोई भी निकलकर आसपास की छोटी पहाड़ियों पर विचरण करने चले जाते हैं।

# अजमेर और भीलवाड़ा में जमकर बरसे मेघ, कई जगह पानी भरा

## शाहपुरा का पिवणिया तालाब छलका, चली चादर देखने उमड़ा जनसैलाब


भीलवाड़ा में तेज बरसात होने से कई जगह पर जल भराव हो गया।

**अजमेर/भीलवाड़ा/शाहपुरा,** (निसं)। औद्योगिक नगरी भीलवाड़ा ने दो दिन से थमी बारिश का दौर रविवार को फिर से शुरू हो गया। भीलवाड़ा शहर और आसपास के इलाकों में हुई जोरदार बारिश ने उमस और गर्मी से बड़ी राहत दी। वहीं तेज बरसात से शहर के कई इलाकों में पानी भर गया।

रविवार की दोपहर आसमान में घने बादल छाने लगे और देखते ही देखते अंधेरा सा छाने लगा। कुछ ही देर में तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया। सड़कें तरबतर हो गईं और निचले इलाकों में पानी जमा हो गया। करीब एक घंटे तक हुई तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ। बच्चे बारिश में भीगने का लुत्फ उठाते नजर आए। बारिश से पूर्व शहर में काफी उमस थी, जिसके कारण लोग बेहाल थे। बारिश के बाद हवा में ठंडक घुल गई, जिससे शाम का मौसम बेहद खुशनुमा हो गया है। बारिश रुकने के साथ ही पर्यटक स्थलों पर लोगों की भीड़ उमड़ गई।

**शाहपुरा संवाददाता के अनुसार :-** शाहपुरा क्षेत्रवासियों के लिए रविवार का दिन खुशियों की सौगात लेकर आया, जब पिवणिया तालाब लबालब भरकर छलक उठा और उस पर चादर चलने लगी। लगातार बारिश के बाद तालाब के भराव ने वर्षा ऋतु की सफलता का प्रमाण दे दिया। तालाब पर चादर चलने की सूचना मिलते ही शाहपुरा और आसपास के ग्रामीण इलाकों से लोग भारी संख्या में पहुंचने लगे। हर उम्र के लोग इस प्राकृतिक दृश्य का आनंद लेने पहुंचे, जिससे तालाब के किनारे मेला सा माहौल बन गया। स्थानीय निवासी इसे वर्षा देवता का आशीर्वाद मानते हैं और इसे अच्छे कृषि संकेत के रूप में देख रहे हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के चेहरों पर मुस्कान थी।

## अजमेर शहर में हुई मूसलाधार बारिश, सड़कें बनी दरिया

**अजमेर,** (कासं)। सावन माह के शुरू होने के साथ ही रविवार को दोपहर पौने तीन बजे मूसलाधार वर्षा शुरू हुई, करीब पौने घंटे हुई बरसात से शहर की मुख्य सड़कों सहित निचली बस्तियों में पानी भर गया। तेज बरसात के चलते दरगाह बाज़ार से लेकर कचहरी रोड, स्टेशन रोड, वैशाली नगर, केसरगंज, मदार गेट मुख्य मार्ग पर पानी भरने से यातायात जाम हो गया। सबसे बुरा हाल शहर के निचले हिस्सों का रहा। मदार गेट, आगरा गेट, महावीर सर्किल, बाटा तिराहा व कचहरी रोड पर पानी का तेज बहाव रहा। सड़क किनारे बनी दुकानों में बरसात का पानी भर गया। नला बाज़ार में मिठाई, परचून व मोबाइल शोरूम मालिकों को तख्ते लगाकर सामान बचाना पड़ा। एलीवेटेड रोड पर पानी निकासी नहीं होने से जहां से जगह मिली वहां से नीचे सड़कों पर गिरता नजर आया। कई जगह झरने की तरह पानी गिरता रहा। सड़कों पर पानी भरा होने से कई वाहन बंद हो गए तो कहीं दुपहिया वाहन पानी में तैरते हुए नजर आए तो वहीं वाहन चालकों को मशक्कत कर गुजरना पड़ा। वैशाली नगर स्थित लॉयन्स क्लब के आगे, राजीव कॉलोनी, तोपदड़ा नाला उफान पर रहे।

तेज वर्षा के चलते पुरानी मंडी स्थित एक जर्जर मकान का प्लास्ट गिर गया, गनीमत रही कि कोई राहगीर वहां से गुजर नहीं रहा था अन्यथा जनहानि हो सकती थी। वहीं जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में पानी की निकासी नहीं होने पर आउडडोर, आपातकाली विभाग ईएनटी कॉरिडोर में पानी भर गया। भर्ती मरीज के परिजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने जिला कलेक्टर को वरूण सागर रोड़ स्थित आदित्य नगर में बरसात के कारण क्षतिग्रस्त हुई पुलिया के अविलंब निर्माण के निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत एवं निर्माण कार्य रविवार को शुरू करवाया दिया गया। देवनानी ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि पिछले दिनों वरूण सागर रोड़ पर सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर के सामने स्थित आदित्य नगर में बनी पुलिया पानी के तेज बहाव के कारण टूट गई थी। इससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। इस पुलिया के टूटने के कारण आदित्य नगर एवं डिफेंस कॉलोनी की आवाजाही मुख्य सड़क से बंद हो गई है। इसके कारण महिलाएं एवं स्कूल कॉलेज आने जाने वाले विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं। पुलिया का निर्माण अविलम्ब कराया जाए। जिला कलेक्टर द्वारा शीघ्र ही अजमेर विकास प्राधिकरण को निर्देश देते हुए रविवार को क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत एवं निर्माण कार्य शुरू करवाया गया।

# यमन में भारतीय महिला को फांसी से बचाने के लिये राष्ट्रपति सचिवालय में याचिका

- तत्काल अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक व वैधानिक हस्तक्षेप की मांग, भारतीय महिला निमिषा प्रिया को 16 जुलाई को होगी फांसी
- बूंदी के कांग्रेस नेता चर्मेश शर्मा ने दायर की याचिका, मानवाधिकार आयोग से भी गुहार की

**बूंदी,** (निसं)। भारतीय महिला निमिषा प्रिया को आगामी 16 जुलाई को यमन में फांसी से बचाने के लिये भारत में प्रयास जारी है। इस मामले में विदेश में संकटग्रस्त भारतीयों की सहायता के लिए कार्य करने वाले राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक कांग्रेस नेता चर्मेश शर्मा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम राष्ट्रपति सचिवालय में याचिका दायर कर भारतीय महिला का जीवन बचाने की गुहार लगायी है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम दायर याचिका में कहा गया है कि भारतीय नागरिक के जीवन से जुड़े हुये इस गम्भीर मानवीय विषय पर राष्ट्रपति सचिवालय और भारत सरकार की ओर से तत्काल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कूटनीतिक और वैधानिक हस्तक्षेप किया जाना चाहिये और निमिषा प्रिया का जीवन बचाया जाना चाहिये। शर्मा ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में भी शिकायत दर्ज करवाते हुये भारतीय महिला का जीवन बचाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि केरल की रहने वाली भारतीय नागरिक निमिषा प्रिया को यमन की सना जेल में 16 जुलाई को फांसी देने की सजा सुनायी गयी है। भारतीय नर्स निमिषा प्रिया केरल की रहने वाली है और रोजगार के लिये यमन गयी थी। यमन में 2016 में भारतीय महिला का पासपोर्ट उसके क्लिनिक के पार्टनर यमन नागरिक के द्वारा छीन लिया गया था और वह भारतीय महिला को जबरन वहीं पर रखना चाहता था और भारत नहीं आने दे रहा था। इसके बाद अपना पासपोर्ट व दस्तावेज वापस लेने के लिये भारतीय महिला निमिषा प्रिया ने यमन नागरिक को नशे का इंजेक्शन लगाया था। नशे की ओवरडोज़ से यमन नागरिक की मृत्यु हो गयी थी, जिसके बाद पिछले 8 वर्ष से अधिक समय से भारतीय नागरिक निमिषा प्रिया यमन की सना जेल में है। यमन के न्यायालय ने भारतीय महिला निमिषा प्रिया को 16 जुलाई को फांसी देने की सजा सुनायी है और उस पर वहां की सरकार ने अंतिम रूप से मुहर भी लगा दी है।

भारतीय महिला का जीवन बचाने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम दायर याचिका में कहा गया है कि इस मामले में भारत सरकार को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिये और यमन सरकार से कूटनीतिक वार्ता करनी चाहिए और भारतीय दूतावास के माध्यम से वैधानिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए यमन के राष्ट्रपति या सर्वोच्च न्यायालय में अपील करनी चाहिये। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में भी तत्काल अपना पक्ष रखकर फांसी पर स्टे लेना चाहिये।

राष्ट्रपति सचिवालय में दायर याचिका में कहा गया है कि भारतीय महिला निमिषा प्रिया यमन में नर्स का काम करती थी और वहां पर कोई भी विदेशी नागरिक यदि हॉस्पिटल या अपना संस्थान खोलना है तो उसे तभी अनुमति दी जाती है जब यमन का कोई स्थानीय नागरिक उसमें पार्टनर हो। यमन नागरिक तलाल आबदो मेहदी के साथ यमन सरकार के नियमानुसार भारतीय महिला निमिषा प्रिया ने क्लिनिक खोला था, लेकिन यमन नागरिक ने भारतीय महिला निमिषा प्रिया को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। उसने भारतीय महिला का पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज भी छीन लिये थे और वापस नहीं लौटा रहा था। वह जबरन भारतीय महिला को भारत आने से रोक रहा था और दस्तावेज वापस नहीं दे रहा था। इसके लिये भारतीय महिला ने यमन नागरिक से अपने दस्तावेज लेने के लिये मजबूर होकर नशे का इंजेक्शन लगाया था जिसकी ओवरडोज से अनजाने में यमन नागरिक की मृत्यु हो गयी।

# लाखों रुपये की अवैध शराब बरामद

- पुलिस टीमों ने तीन जगह पर कार्रवाई कर शराब जब्त की

**उदयपुर,** (निसं)। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत आबकारी निरोधक टीम द्वारा सघन चैंकिग व नाकाबंदी के तहत 3 अलग-अलग कार्रवाई में बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई।

उदयपुर के सवीना में रिहायशी मकान से अनुमानित 10 लाख रूपए की अवैध शराब सहित नाथद्वारा के होटल राजमहल के परिसर में पिकअप वाहन से 135 पेटी एवं खेमली में रिहायशी मकान के परिसर में वाहन से 13 पेटी अवैध शराब बरामद कर अभियोग दर्ज किया गया। आबकारी आयुक्त के अनुसार अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोक के लिए अतिरिक्त आबकारी आयुक्त योजना प्रदीप सिंह सांगावत, अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रशासन ओपी जैन के निर्देशन में अन्य राज्य की प्रतिबंधित शराब पर सस्ती शराब के होलोग्राम स्टीकर व राजस्थान में बिक्री योग्य शराब के नकली लेबल लगी शराब उदयपुर व अन्य स्थानों पर सप्लाई की पुख्ता सूचना मिलने पर जिला आबकारी अधिकारी आदराम दहिया, उपायुक्त प्रद्युम्न सिंह चुण्डावत के नेतृत्व में दो टीमों का गठन कर नाकाबंदी की गई।

नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध वाहनों के राजसमंद की तरफ जाने की सूचना पर वाहनों का पीछा किया और जिला आबकारी अधिकारी राजसमन्द लोकेश जोशी से सूचना साझा कर उदयपुर व राजसमंद की संयुक्त टीम द्वारा नाथद्वारा में होटल राजमहल के परिसर में एक पिकअप वाहन से 135 पेटी विभिन्न ब्रांड की अवैध शराब को जब्त की। नाथद्वारा की कार्यवाही से मिले इनपुट के आधार पर मावली के खेमली क्षेत्र में एक रिहायशी मकान में खड़े वाहन में शराब तस्करी के लिए बनाए विशेष केबिन से 13 पेटी अन्य राज्य में बिक्री योग्य अवैध शराब बरामद की गई।

इसी क्रम में आबकारी निरोधक दल की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर उदयपुर के सवीना क्षेत्र में एक रिहायशी मकान से 25 कार्टन विभिन्न ब्रांड की अवैध शराब सीज की गई जिसकी अनुमानित किमत 10 लाख रूपए है। मौके पर फरार अभियुक्त मोहसिन मोहम्मद के खिलाफ अभियोग दर्ज किया। उक्त समस्त कार्यवाही में आबाकारी निरीक्षक शकुंतला जैन, आबकारी निरीक्षक मुरलीधर सौदा, नरेश सुहैल, प्रहराधिकारी दौलत सिंह शामिल रहे।

# गोविंद देवजी मंदिर में शिव गायत्री महायज्ञ में आहुतियां अर्पित करने उमड़े श्रद्धालु



गोविंद देवजी मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं ने पांच पारियों में विश्व कल्याण की कामना के साथ यज्ञ भगवान को आहुतियां अर्पित कीं।

**जयपुर।** सावन के पहले सोमवार की पूर्व संध्या पर रविवार को आराध्य देव राधा गोविंद देवजी मंदिर प्रांगण में पंच कुंडीय शिव गायत्री महायज्ञ श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने दीप प्रज्वलित कर महायज्ञ का शुभारंभ किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पांच पारियों में विश्व

- **कार्यक्रम का शुभारंभ राधा गोविंद देवजी, देवमाता गायत्री और गुरु सत्ता के वैदिक पूजन से हुआ**

कल्याण की कामना के साथ यज्ञ भगवान को आहुतियां अर्पित कीं। भगवान भोलेनाथ को विशेष आहुतियां अर्पित की गई। यज्ञ के प्रति लोगों का उत्साह का अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि यज्ञ का समापन सुबह 10 बजे होना था लेकिन श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए यज्ञ की पूर्णाहुति 11 बजे हुई।

संस्कृति संवर्धन की दिशा में एक वैदिक आरंभ कार्यक्रम का शुभारंभ राधा गोविंद देवजी, देवमाता गायत्री और गुरु सत्ता के वैदिक पूजन से हुआ। प्रारंभिक अनुष्ठान वैदिक मर्यादाओं के अनुसार संपन्न हुआ, जिसमें आचार्य अनुपम जोली एवं आचार्या हिमानी शास्त्री ने विधिवत देव पूजन कराया।

वैदिक देवस्थापति एवं मंदिर एवं प्रतिमा निर्माण की विशेषज्ञ आचार्य हिमानी शास्त्री ने कहा युवाओं को भारतीय संस्कृति से जोड़ने के लिए आज के युग में इस प्रकार के आयोजनों की अत्यधिक आवश्यकता है। यह न केवल हमारी सनातन परंपरा को जीवित रखते हैं, बल्कि भावी पीढ़ी को भी संस्कारित करने का माध्यम बनते हैं।

यज्ञ संचालन गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी की टोली - मीनाक्षी बघेल, गायत्री प्रसाद एवं मुकेश कुमार ने मंत्रोच्चारण और विधिविधानपूर्वक सम्पन्न कराया।

इस अवसर पर विद्यारंभ संस्कार आयोजित किया गया, जिसमें छोटे बच्चों ने वैदिक विधि से शिक्षा की शुरुआत की।

पर्यावरण संरक्षण गतिविधि क प्रांत संयोजक अशोक कुमार शर्मा के नेतृत्व में श्रद्धालुओं को विभिन्न किस्म के पौधे तरु प्रसाद के रूप में निशुल्क वितरित किए गए। यज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर श्रद्धालुओं ने अधिकाधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया।

गायत्री चेतना केंद्र, जनता कॉलोनी द्वारा साहित्य प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें अध्यात्म, जीवन साधना और संस्कार आधारित पुस्तके उपलब्ध कराई गई।

व्यासपीठ से बलिवैश्व यज्ञ पर बल देते हुए प्रतिदिन अग्नि को भोग लगाने की परंपरा को पुन: अपनाने का संदेश दिया गया।

श्रद्धालुओं ने तांबे के बलिवैश्व पात्र प्राप्त कर भोग लगाने का संकल्प लिया। गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे 'साथ आंदोलन' और 'एक अभियान' की जानकारी प्रज्ञा अभियान पाक्षिक पत्रिका के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाई गई। लोगों को प्रज्ञा अभियान पाक्षिक की प्रति निशुल्क वितरित की गई

इस प्रेरणादायी आयोजन में कैलाश अग्रवाल, रमेश अग्रवाल सहित अनेक वरिष्ठ परिजन उपस्थित रहे।

## कोई भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं से नहीं रहे वंचित : शर्मा

**निवाई।** गांव आलियाबाद में भारतीय जनता पार्टी एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष रमाकान्त शर्मा, जिला प्रवक्ता योगेंद्रसिंह नाथावत एंव पूर्व उप प्रधान शंकरलाल शर्मा ने भाजपा के ध्वज का ध्वजा रोहण करके किया। मुख्य अतिथि भाजपा के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष रमाकान्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरी दुनिया में देश को नाम गौरान्वित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने देश व प्रदेश के चौमुखी विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

जिला प्रवक्ता योगेंद्रसिंह नाथावत ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की मंशा है कि गांव-गांव व ढाणी- ढाणी में कोई भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहे। इसके लिए भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा गांव-गांव व ढाणी-ढाणी में लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे है।

समारोह में भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों ने नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष रमाकान्त शर्मा, जिला प्रवक्ता योगेंद्रसिंह नाथावत का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

## रोटरी क्लब जयपुर बापू नगर की ओर से ओरल हेल्थ कैंप लगाया

**जयपुर।** रोटरी क्लब जयपुर बापू नगर की ओर से 'प्रोजेक्ट डेंटल केयर' के तहत पहला ओरल हेल्थ कैंप लगाया गया।

क्लब प्रेसिडेंट रोटेरियन मीता माथुर ने बताया कि यह कैम्प 18 वर्ष से कम आयु की बेसहारा बालिकाओं के शेल्टर होम समर्पण संस्थान, मालवीय नगर में आयोजित किया गया।

क्लब प्रेसिडेंट मीता माथुर ने बताया कि इस मौके पर डीजी रोटेरियन प्रज्ञा मेहता, इंडियन डेंटल एसोसिएशन राजस्थान के सचिव डॉ. जे एस वालिया, सचिव आईडीए जयपुर ग्रेटर डॉ. सुनील राघव, डिस्ट्रिक्ट चेयर डेंटल हेल्थ डॉ. सिलौनी थापर, प्रोजेक्ट निदेशक डॉ. गुंजन सिंह और रोटेरियन बृजेश गुप्ता, आर.के.लुहाडिया, ए.के.जैन, एन.के.माथुर ,संजीव खनिजो विशेष रूप से उपस्थित रहे।

प्रोजेक्ट डेंटल केयर के मेंटर डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि इस कैंप में 75 बालिकाओं का डेंटल चेक अप किया गया और चेक अप कार्ड वितरित

- **कैंप में 75 बालिकाओं का डेंटल चेक अप किया गया और चेक अप कार्ड वितरित किए**

किए गये ।डॉ भारद्वाज ने बताया कि कैम्प में राजस्थान डेंटल कॉलेज के रोट्रैक्टर्स डॉ. पूर्वा माथुर, डॉ. तिष्या मेहता, डॉ. आदित्य सैनी, अक्षिता सोनी, अमन अग्रवाल और वेदेश शर्मा ने बालिकाओं की जांच में सक्रिय भूमिका निभाई। रोटेरियन राजीव सक्सेना ने बालिकाओं के साथ गीतों के जरिए आत्मीय जुड़ाव बनाया, वहीं डीजी प्रज्ञा मेहता ने औपचारिक भाषण के बजाय बच्चियों से आत्मीय संवाद किया। बाद में बालिकाओं को नाश्ता भी परोसा गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में क्लब के सचिव श्याम सुंदर गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया व क्लब की गतिविधियों की जानकारी दी।

## कृषि उपज मंडी समिति का स्थापना दिवस 18 से

**निवाई।** कृषि उपज मंडी समिति का स्थापना दिवस 18 से 20 जुलाई तक मनाया जाएगा। मंडी सचिव डॉ. कमलकिशोर सोनी ने बताया कि निवाई कृषि उपज मंडी समिति के स्थापना दिवस के तीन दिवसीय के आयोजन को लेकर कृषकों, हम्माल पल्लेदारों की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रकरणों का निस्तारण करके सहायता राशि के चैक वितरण किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस के तहत खेलों व एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिनमें टेनिस बॉल क्रिकेट, वॉलीबॉल, 100 व 200 मीटर दौड़, शतरंज, म्यूजिकल चेयर एवं साफा बांधने की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के तहत मंडी प्रांगण में सघन वृक्षारोपण किया जाएगा। इसके अलावा परिवर्तन एवं भागीदारी परिवर्तन से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण के आदेश भी दिए जाएंगे। इसके साथ ही सबसे अधिक मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क देने वाले प्रथम तीन व्यापारियों को सम्मानित किया जाएगा।

## हैरिटेज निगम के उद्यान अधीक्षक छाजूराम को उपायुक्त ने थमाया नोटिस

**जयपुर।** राजस्थान सरकार द्वारा संचालित मिशन हरियालो राजस्थान 2025 के तहत नगर निगम हैरिटेज क्षेत्र में निर्धारित गतिविधियो3 का पालन नहीं किए जाने पर उद्यान अधीक्षक छाजूराम को उपायुक्त मोनिका सोनी ने कारण बताओ नोटिस थमाकर 3 दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। इस नोटिस में यह स्पष्ट किया गया है कि उद्यान शाखा द्वारा वृक्षारोपण, पौधों का रखरखाव, सफाई और जागरूकता अभियान जैसी मुख्य गतिविधियों की घोर अनदेखी की गई है। नोटिस में कई प्रमुख लापरवाहियाँ गिनाई गई हैं। जैसे कि विभिन्न स्थलों पर स्वच्छता और पौधरोपण हेतु खुद का स्थान चिन्हित नहीं किया गया। पेड़-पौधों के रखरखाव एवं सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं की गई। प्रतिदिन की गतिविधियों की प्रगति रिपोर्ट निगम कार्यालय को नहीं भेजी गई। पौधरोपण के लिए स्वयं के स्तर पर तैयारियों की कोई पहल नहीं की गई। पौधों के वितरण

- **पौधरोपण के लिए स्वयं के स्तर पर तैयारियों की कोई पहल नहीं की गई**

हेतु ''फीडर प्रणाली'' का प्रयोग नहीं हुआ। उपायुक्त मोनिका सोनी ने नोटिस में कहा कि, आप (उद्यान अधीक्षक) द्वारा खड्डे खुदवाने या हरियालो राजस्थान के संबंध में कोई भी प्रस्ताव आज तक प्रेषित नहीं किया गया है, जबकि उद्यान अधीक्षक होने के कारण उद्यान शाखा के कार्य को प्रस्तावित करना आपका दायित्व है।नोटिस में कहा गया कि, हरियालो राजस्थान मिशन से जुड़ी किसी भी गतिविधि की जानकारी अब तक निगम कार्यालय को प्रस्तुत नहीं की गई है।

उपायुक्त ने इस संबंध में 3 कार्य दिवस के भीतर उद्यान अधीक्षक से स्पष्टीकरण मांगा है, अन्यथा विभागीय कार्यवाही की चेतावनी भी दी है।

## राज्यपाल ने राज्यसभा के लिए नामित सदस्यों को बधाई दी

**जयपुर ।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मुंबई हमले जैसे कई हाई-प्रोफाइल आपराधिक मामलों में सरकारी वकील के रूप में भूमिका निभाने वाले उज्ज्वल देवराव निकम को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी

- **उज्ज्वल देवराव निकम का राष्ट्र के प्रति समर्पण प्रेरणादायक- राज्यपाल**

मुर्मू द्वारा राज्यसभा के लिए नामित किए जाने पर प्रसन्नता जताते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल बागडे ने कहा कि भारतीय न्यायिक प्रक्रिया में आम जन का विश्वास बनाए रखने और संवैधानिक मूल्यों के लिए कार्य करने वाले निकम दूसरों के लिए भी प्रेरणा है। राज्यपाल ने राष्ट्रपति द्वारा तीन अन्य नामित सदस्यों केरल के वरिष्ठ समाजसेवी और शिक्षाविद सी. सदानंदन मास्टे, भारत के पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और प्रख्यात इतिहासकार और शिक्षाविद मीनाक्षी जैन को भी बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## सामूहिक पार्थिव शिवलिंग पूजन समारोह श्रद्धा एवं भक्ति के साथ सम्पन्न



खंडेलवाल कॉलेज परिसर में सामूहिक पार्थिव शिवलिंग पूजन समारोह श्रद्धा एवं भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ।

**जयपुर।** धर्मरक्षा समिति, शास्त्री नगर की ओर से खंडेलवाल कॉलेज परिसर में सामूहिक पार्थिव शिवलिंग पूजन समारोह श्रद्धा एवं भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ। डा प्रशांत शर्मा के निर्देशन में वैदिक विद्वानों ने सस्वर मंत्रोच्चारण के साथ यजमानों से पूजन एवं अभिषेक सम्पन्न कराया। प्रारंभ में पितृ पूजन, नवग्रह पूजन पूजन कर कलश स्थापना की गई । इसके बाद पार्थिव शिव लिंगों का गन्ने के रस, बिल्वपत्र, विजया आदि रस से अभिषेक किया गया। आयोजन में ज्योतिर्लिंगों के सस्वर वाचन से सम्पूर्ण वातावरण धर्ममय हो उठा।

समारोह के आयोजक समाजसेवी प्रमोद शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में सांसद मंजू शर्मा, विधायक डॉ. गोपाल शर्मा, विधायक बालमुकुंद आचार्य, शुक संप्रदाय पीठाधीश अलबेली माधुरी शरण जी महाराज, घाट के बालाजी से सुरेश मिश्रा, पंडित राज कुमार चतुर्वेदी,पंडित अमित शर्मा सहित कई संत, समाजसेवी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। धर्मप्रचारक विजयशंकर पांडे ने उपस्थित श्रद्धालुओं को गौहत्या निषेध के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प दिलाया। समापन अवसर पर आयोजन समिति की ओर से रणजीत सिंह, प्रमोद शर्मा , पंडित रामकिशन किशन सहित अन्य पदाधिकारियों ने समस्त आगंतुकों एवं अतिथियों का माला व पटका पहनाकर सम्मान किया।

## कैफे के आड़ में चल रहे हुक्का बार पर पुलिस ने मारी रेड

**जयपुर।** आदर्श नगर थाना पुलिस ने गुरुद्वारा मोड गोविन्द मार्ग पर संचालित कैफे की आड में चल रहे अवैध हुक्का बार में रेड मारी है। साथ ही पुलिस ने कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में हुक्के मय पाइप-चिलम फ्लेवर आदि के बरामद हुए। इसके अलावा पुलिस ने कोटपा एक्ट में कैफे मैनेजर को भी गिरफ्तार किया है। इसके अलावा धूम्रपान करने वाले लोगों को कोटप्पा अधिनियम में चालान किये गये है।

जांच अधिकारी एएसआई बलदेव सिंह ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गुरुद्वारा मोड गोविन्द मार्ग पर संचालित एक कैफे की आड में हुक्का बार चल रहा है। इस पर एक पुलिस टीम मौके पर जाकर सूचना की तस्दीक करवाई गई। इसके बाद पुलिस टीम की ओर से कैफे में छापेमारी की गई।

## 'स्मार्ट मीटर लगाकर आम उपभोक्ताओं को ठगे जाने का काम किया जा रहा'

**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि बीजेपी की नीति संविधान को कमजोर करने की रही है।

उन्होंने कहा कि यह सरकार पंचायत और नगर निकाय चुनाव तक नहीं करा रही है सिर्फ झूठे वादे कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार संविधान बदलने की कोशिश कर रही है, संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग हो रहा है। जूली बोले स्मार्ट मीटर लगाकर आम उपभोक्ताओं को ठगे जाने का काम किया जा रहा है। जूली रविवार को सीकर जिले के धोद में संविधान बचाओ रैली में उपस्थित जन समूह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि संविधान से ही जनता को वोट की ताकत मिली है जिसे आज खतरे में डालने का काम भारतीय जनता पार्टी कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास सिर्फ जुमले और भड़काऊ भाषणों के अलावा कुछ नहीं है इसलिए वह 50 साल पुराने आपातकाल की बात करते हैं जबकि उस समय इंदिरा गांधी की सरकार चली गई थी मगर फिर भी लोकतांत्रिक तरीके से वापस सत्ता में आई।

उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति अब अंग्रेजी हुकूमत जैसी हो गई है बांटो और राज करो। जूली बोले सदन के एक मामले में राहुल गांधी की सदस्यता तत्काल रद्द कर दी गई लेकिन भाजपा विधायक की सदस्यता रद्द करने में इस सरकार ने 23 दिन लगाने के बाद भी उस विधायक को बचाने का भरसक प्रयास किया।

उन्होंने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार और नौकरशाही के बढ़ते प्रभाव को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि मंच के माध्यम से आलोचना करने से काम नहीं चलेगा बल्कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गांव-गांव ढाणी ढाणी जाकर जनता की समस्याएं समझनी होगी तभी पार्टी मजबूत हो पाएगी।

## नशे में धुत चालक ने आबादी क्षेत्र में ट्रेलर घुसाया

**मनोहरपुर, (निसं)।** थाना क्षेत्र के सारवान मोहल्ले में देर रात एक एक नशे में धुत्त ट्रेलर चालक ने ट्रेलर को आबादी क्षेत्र में घुसाकर तबाही मचाई। ट्रेलर ने कई दुकानों और मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। जानकारी अनुसार देर रात करीब 12:30 बजे एक ट्रेलर चालक ने टोल बचाने के चक्कर में मोहल्ले में घुसकर दुकानों के शटर व मकान की दीवार को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान शोर शराबा सुनकर स्थानीय लोग अपने घरों से बाहर निकले और ट्रेलर को रोकने की कोशिश की। नशे में धुत्त चालक को काबू करने में लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद एएसआई राजेश कुमार मय जाप्ता के मौके पर पहुंचे और ट्रेलर चालक को रुकवाने की कोशिश की, लेकिन चालक ने पुलिस को चकमा देकर ट्रेलर को गांधी चौक बाजार की ओर ले जाकर एक फैंसी स्टोर व परचून की दुकान के शटर को क्षतिग्रस्त कर दिया।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने किया ''रंगीलो सावन महोत्सव'' का पोस्टर विमोचन



''रंगीलो सावन महोत्सव'' कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन हुआ।

**जयपुर ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने ''रंगीलो सावन महोत्सव'' कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन किया।

''रंगीलो सावन महोत्सव'' कार्यक्रम का आयोजन भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की ओर से 15 जुलाई को अणुविभा केंद्र, गौरव टावर के सामने, मालवीय नगर में आयोजित किया जाएगा।

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री जयश्री गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ तथा विशिष्ठ अतिथियों में राजस्थान सरकार में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी,जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, मालवीय नगर विधायक कालीचरण सर्राफ, महिला मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल मिश्रा, महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष रक्षा भंडारी रहेंगे ।भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री जयश्री गर्ग ने बताया एक दिवसीय ''रंगीलो सावन महोत्सव'' कार्यक्रम में महिला शक्ति परंपरा और संस्कृति का जीवन संगम देखने को मिलेगा। पारंपरिक झूले, मेहंदी, लहरिया साड़ी प्रतियोगिता जैसी गतिविधियों का आयोजन किया

- **भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की ओर से 15 जुलाई को ''रंगीलो सावन महोत्सव'' का होगा आयोजन**
- **''रंगीलो सावन महोत्सव'' में महिला शक्ति, परंपरा और संस्कृति का जीवन संगम देखने को मिलेगा**

जाएगा । साथ ही महिलाओं को भाजपा महिला मोर्चा से जुड़ने और सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने का अवसर भी मिलेगा। तीज जैसे उत्सवों के माध्यम से हम अपनी परंपराओं को सहेजने का प्रयास कर रहे हैं।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवती की मौत

**निवाई।** वनस्थली निवाई रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म के समीप जयपुर मुंबई रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवती की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची।

वनस्थली निवाई स्टेशन के जीआरपी प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि करीब 35 वर्षीय अज्ञात युवती अजमेर-बांद्रा एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर जीआरपी के सवाई माधोपुर थानाधिकारी अनिल कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतका की लंबाई करीब साढ़े 5 फीट है। उसके लंबे काले भूरे बाल हैं और उसने काले रंग का कुर्ता व बैंगनी रंग का पॉकेट वाला पायजामा पहना हुआ है। पुलिस ने मृतका का शव कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए उपजिला अस्पताल निवाई की मोर्चरी में रखवाया है। जीआरपी पुलिस शव की शिनाख्त में जुटी हुई है।

## सार-समाचार

### श्रावणी गोठ एवं लहरिया उत्सव का किया जाएगा आयोजन



**जयपुर।** अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति की कार्यकारिणी की बैठक रविवार 13 जुलाई 2025 को विद्याधर नगर स्थित युग शंकर होटल के बैंकट हॉल में श्री दीनदयाल नाटाणी की अध्यक्षता में संपन्न हुई मीटिंग में कोषाध्यक्ष द्वारा गत वर्ष का आय व्यय ब्योरा रखा गया। आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। सदस्यता अभियान को गति देने के बारे में भी चर्चा की गई। श्री गोविंद नाटाणी महामंत्री ने अवगत कराया की मीटिंग में लिए निर्णय अनुसार अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति की श्रावणी गोठ एवं लहरिया उत्सव का आयोजन दिनांक 24 अगस्त 2025 रविवार को किया जाएगा। जिसमें प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को एवं वरिष्ठ जनों का सम्मान किया जाएगा एवं लहरिया के साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी तथा विजेताओं को पारितोषिक भी दिया जाएगा समारोह के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण हेतु जागरूक किया जाएगा तथा सर्वाधिक वृक्षारोपण करने वाले सदस्यों को सम्मानित भी किया जाएगा कार्यक्रम के अंत में सामूहिक भोजन प्रसादी का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम का संयोजक श्री सुधीर नाटाणी एवं सह संयोजक श्री नीरज नाटाणी को बनाया गया।

### भोलेनाथ का सामूहिक अभिषेक



**जयपुर।** पुराना रामगढ़ मोड स्थित प्रतापेश्वर महादेव मंदिर सेवा समिति की ओर से रविवार को सामूहिक सहस्त्रघटक और रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष गिरिराज वशिष्ठ ने बताया कि सावन मास में भगवान भोलेनाथ की इस पूजा में स्थानीय 14 जोड़ो ने प्रतापेश्वर महादेव का अभिषेक किया। इसके बाद शिव पंचायत का भव्य श्रृंगार कर महाआरती की गई। अंत में भोग लगाकर सभी ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

### सैकड़ों श्रद्धालु जलसा अभिषेक करेंगे

**निवाई।** जमात में स्थित श्री मंशापूर्ण मंदिर में सोमवार को श्री शशि शंकर महादेवजी का विद्वान पंडितों के सानिध्य में मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत सहस्त्र घट व जलधारा सहित कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा शिवजी का विशेष पूजन किया जाएगा। बालाजी मंडल अध्यक्ष जीवतराम यादव ने बताया कि विशाल सहस्त्र घट के आयोजन को लेकर मंदिर पुजारी पंडित पुरुषोत्तम शर्मा, श्री मंशापूर्ण बालाजी मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद चौहान, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, उपाध्यक्ष प्रेमचंद शर्मा, रामधन जाट, रामराय गुर्जर, दानवीर पारीक, शंभूदयाल, शशिकांत शर्मा व विजय शर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु शिव जी के जलशाभिषेक करेंगे एवं विधिवत पूजा अर्चना करके खुशहाली की मनोकामना करेंगे।

### प्रभात फेरी निकाली

**निवाई।** शहर की कृष्णा कॉलोनी में स्थित दिव्य महादेव मंदिर से रविवार को साप्ताहिक प्रभात फेरी निकाली गई। श्रृद्धालु सूरज गुर्जर ने बताया कि प्रभातफेरी मंदिर से रवाना होकर गणेश नगर कॉलोनी में पहुंची जहां पर कॉलोनी वासियों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। प्रभात फेरी के साथ भजन मंडली के द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। प्रभात फेरी में पूर्व प्रधान ममता चौधरी, पूर्व सरपंच कृष्णा शर्मा, महेश दरगड, सर्वेश द्विवेदी, विनोद शर्मा, रमेश सोनी, रवि अठावाल, रामराय शर्मा, अशोक पारीक, दिलीपसिंह शेखावत, अनिल पारीक, सूरज गुर्जर, मनराज प्रजापत हीरालाल जाट, छीतरमल शर्मा, किशन यादव, रामप्रसाद गुर्जर, मोहन शर्मा, किशनलाल जाट, देवराज गुर्जर, चौहान सिंह गुर्जर, जीतराम जाट, मोहन प्रजापत, देवलाल सैनी व बद्री बारेठ सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### ओमप्रकाश मीणा अध्यक्ष बने

**कोटपूतली।** कस्बे के नागाजी की गौर में रविवार को नागाजी की गौर मुक्तिधाम सेवा समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें समिति अध्यक्ष व कार्यकारिणी का गठन किये जाने पर सहमति जताई गई। इस मौके पर सर्वसमाज के लोगों द्वारा ओमप्रकाश मीणा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद सैनी, सचिव प्रफुल्ल रमन, सहसचिव दयाराम प्रजापत, कोषाध्यक्ष प्रकाश चंद रावत, संरक्षक गंगाराम प्रजापति, बिड़दीचंद सैनी, भोलाराम चौहान, भीखाराम सैनी, सोनू आर्य व सहायक अध्यक्ष लीलाराम सैनी को सर्वसम्मति से चुना गया। साथ ही राजेंद्र प्रसाद सैनी, कन्हैयालाल सैनी, श्रीराम सैनी, रोहिताश सैनी, प्रमोद गुरुजी, रमन सैनी, हंसराज रावत, कुलदीप सैनी, जगदीश प्रसाद सैनी, राजू सैनी, चिरंजीलाल प्रजापति, पवन कुमार सैनी, प्रभूदयाल सैनी, अनिल संघई, हजारीलाल सैनी, रामेश्वर सैनी आदि को सदस्य बनाया गया।

### सात दिन से पैंथर का मूवमेंट

**बौंली-बामनवास, ( निसं )।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुख्यालय थडौली एवं पखाला ग्राम के मध्य छोटी पहाड़ी पर करीब सात दिन से एक पैंथर का जोड़ा अक्षर मौसम की बहार लेने गुफा से बाहर निकालकर दिन में ही घूमता नजर आ रहा है। इस कारण ग्रामीणों में अपने मवेशियों की सुरक्षा को लेकर चिंता रहने लगी है। ग्रामीणों ने बताया है कि पहाड़ी के ऊपर करीब सात दिन से एक पैंथर का जोड़ा घूमता नजर आ रहा है, हालांकि अभी तक इस वनप्राणी द्वारा कोई भी नुकसान मवेशियों का नहीं किया गया है, फिर भी गरीब परिवारों को भय सता रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से इन्हें नियंत्रित करने की मांग की है। बौंली नगर की अरावली पर्वत श्रृंखला में इस समय करीब 15 पैंथर हैं और इन्हीं में से कोई भी निकलकर आसपास की छोटी पहाड़ियों पर विचरण करने चले जाते हैं। वैसे इनका मुख्य निवास तो बौंली नगर के जयगढ़ किले के आसपास करीब दो किलोमीटर के दायरे में अरावली पर्वत श्रृंखला में बनी करीब 30 गुफाएं हैं, जहां हमेशा पूर्व में भी शेरों का और वर्तमान में पैंथरों का बसेरा है।

### कठपुतली नगर में पौधारोपण कर सार-संभाल का लिया संकल्प



**जयपुर।** संकल्प आर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में रविवार को यहां ज्योति नगर स्थित कठपुतली नगर में पौधारोपण किया गया। कठपुतली नगर विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. ओपी टांक के निर्देशन में आंगनबाड़ी, स्कूली बच्चों एवं समिति के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बस्ती के परिसर में कई छायादार पौधों को रोपा तथा उनकी सार-संभाल का संकल्प लिया। इस मौके पर विकास समिति के उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, सुनील मंडल, कृष्णा मंडल, विनोद भाट एवं बस्ती के बाल गोपाल सहित सभी ने पौधारोपण कर उनकी देखभाल करने की शपथ ली।

ARBIT it happens here...

राष्ट्रदूत
MONDAY
14 July 2025
A-B



## Mac and Cheese Day

There are few things in life that bring us back to childhood like the taste of macaroni and cheese, its rich flavorful combination of pasta and rich cheeses never fails to satisfy our palette. National Mac and Cheese Day celebrates this dish and everything it means to us. Celebrating this day is best done by buying one of those beautiful blue boxes and indulging in its flavour. But don't stop there, mac and cheese is an incredibly versatile dish, and you can make an entirely new one by adding a container of tuna fish to the mix.

#GOODBYE

# An Era Ends With Vatsala

Asia's Oldest Elephant 'Vatsala' dies at over 100 in Madhya Pradesh's Panna Tiger Reserve.







In a solemn moment for wildlife enthusiasts and conservationists across Asia, *Vatsala*, believed to be the continent's oldest elephant, passed away on Tuesday, July 8, 2025, at the Panna Tiger Reserve in Madhya Pradesh. She was over 100 years old, a remarkable age for an Asian elephant, and had long been regarded as a symbol of endurance and grace.

Originally brought from Kerala to Narmadapuram (formerly Hoshangabad), Vatsala was later relocated to the Panna Tiger Reserve, where she spent the final years of her life under close care. According to officials, she lived peacefully in the reserve and was deeply respected by the forest staff and wildlife lovers alike.

"Vatsala was considered to be Asia's oldest elephant. Her contribution to the ecosystem and to wildlife conservation efforts in the region was significant," read an official statement from the Madhya Pradesh Forest Department. Her last rites were conducted with full honour by the officers and staff of the Panna Tiger Reserve, highlighting the deep bond shared between the majestic animal and her caretakers.

Elephants typically live up to 60-70 years in the wild, though a few individuals have been known to surpass that under protected conditions. Reaching over a century in age, Vatsala stood out not only due to her longevity but also for the calm and wise presence she carried, often described by forest rangers as 'motherly' and serene.

Over the decades, Vatsala witnessed the changing face of Indian wildlife conservation, from the era of dwindling forest habitats to the emergence of tiger reserves and eco-tourism. Her life became a quiet yet powerful testament to the need for ethical treatment and long-term care of captive and semi-wild elephants in India.

Panna Tiger Reserve, where she spent her final years, is renowned not only for its tiger conservation efforts but also for its commitment to biodiversity. Vatsala became an inseparable part of this environment, and her passing marks the end of an era.

As tributes pour in from across the country, conservationists are urging for Vatsala's story to inspire greater awareness about the protection of elephants and their habitats. Many hope that her legacy will encourage more compassionate and sustainable practices in dealing with aging wildlife and retired working animals.

Though gone, Vatsala will be remembered not just as Asia's oldest elephant, but as a gentle giant whose life spanned generations and whose memory will continue to echo through the forests of Panna.



The movement of Americans to India signifies a new chapter in global mobility. While India continues to grow economically, it also offers Americans a unique blend of modernity and tradition, work opportunities, and a vibrant cultural landscape. Whether seeking business prospects, a peaceful retirement, or a fresh lifestyle, the increasing number of Americans in Indian cities shows that the world's most populous democracy is becoming a true global destination.



# Why Are They Leaving America for India?

#THE TURNAROUND

● Rohan Batra

In recent years, the number of Americans moving to India has steadily risen, leading to noticeable expatriate communities in several Indian cities. This shift has sparked curiosity: What is driving this trend, and why are Americans increasingly drawn to India's bustling urban centers? From cultural appeal to economic opportunities, the reasons are varied, but the appeal of India is undeniable. Let's explore the top 10 cities in India that are witnessing an influx of American expats and uncover why they're choosing to settle here.



### 1. Bangalore: The Tech Hub That's Also a Hotspot for Americans

- **Why it's popular:** Known as the Silicon Valley of India, Bangalore (Bengaluru) has long been a magnet for tech professionals. With giants like Google, Microsoft, and Amazon setting up offices in this southern city, it's no surprise that Americans working in tech are flocking here. The city's cosmopolitan vibe, coupled with a thriving startup culture, makes it an ideal destination for those looking to work in India's booming IT industry.
- **The allure:** A lower cost of living, especially compared to Silicon Valley, plus India's burgeoning tech ecosystem, make it easy for tech professionals to transition. Many Americans find the balance of work opportunities and lifestyle to be an attractive combination.

### 2. Goa: A Paradise for Digital Nomads and Retirees

- **Why it's popular:** Goa, with its stunning beaches and relaxed atmosphere, has long been a favourite among foreign tourists, and Americans are no exception. The state offers a blend of beautiful landscapes, affordable living, and a laid-back lifestyle that appeals to both digital nomads and retirees.
- **The allure:** As more Americans embrace the digital nomad lifestyle, Goa's mix of relaxation and modern amenities provides an ideal work-life balance. The lower cost of living, vibrant expat community, and chill lifestyle are key factors that drive Americans to choose Goa as their second home.

### 3. Mumbai: The Financial Powerhouse

- **Why it's popular:** India's financial capital, Mumbai, attracts Americans with its opportunities in finance, media, and entertainment. As the hub for business and commerce in India, Mumbai offers a wealth of professional prospects, especially for those in banking, consulting, and media.
- **The allure:** Despite its fast-paced environment, Mumbai offers a cosmopolitan lifestyle, world-class infrastructure, and a chance to experience the economic boom firsthand. For many Americans, the city represents a unique blend of business opportunities and cultural experiences.







### 4. Chennai: Culture and Industry in One City

- **Why it's popular:** Chennai, with its rich cultural heritage and strong presence in industries like automobile manufacturing, engineering, and technology, has seen an increasing number of Americans moving here for professional opportunities.
- **The allure:** Americans find Chennai to be a blend of old-world culture and modern industry. The city's low cost of living, strong educational institutions, and business prospects make it attractive, especially for families and professionals looking to settle down.

### 5. Pune: The Education and Wellness Hub

- **Why it's popular:** Located near Mumbai, Pune is an emerging hotspot for expats. With a vibrant academic scene and a growing wellness industry, Pune attracts Americans seeking an intellectually stimulating environment combined with a relaxed lifestyle.
- **The allure:** Many Americans in education and research are drawn to Pune's universities and international schools, while others enjoy the city's health and wellness offerings. The low pollution, affordable housing, and proximity to Mumbai make Pune an attractive city for many.

### 6. Delhi: The Historical and Political Heart of India

- **Why it's popular:** The capital of India, Delhi, has long been a center for American diplomats, business leaders, and journalists. With a booming economy, rich historical heritage, and world-class infrastructure, Delhi offers a dynamic environment for expatriates.
- **The allure:** Delhi provides a mix of cultural experiences, professional opportunities, and a thriving international community. For Americans working in government, media, or corporate sectors, Delhi presents an exciting destination with a rich cultural heritage and modern amenities.

### 7. Hyderabad: The City of Pearls and Innovation

- **Why it's popular:** Hyderabad, known for its IT sector and biotechnology industry, has attracted a growing number of Americans in the tech, healthcare, and education sectors. The city has been recognized as one of the fastest-growing technology hubs in India.
- **The allure:** Hyderabad offers a lower cost of living compared to other metropolitan cities like Mumbai and Delhi, making it a great option for professionals in the tech industry. The city's welcoming culture and blend of historical charm and modern infrastructure make it an appealing destination for long-term stays.

### 8. Kochi: The Rising Star of Kerala

- Why it's popular: Located in Kerala, Kochi has become increasingly popular with retired Americans and those looking for a more serene life amidst nature. Known for its backwaters, beaches, and rich cultural heritage, Kochi provides a relaxing environment for those looking to escape the hustle and bustle of major cities.
- The allure: The city is often seen as a peaceful, low-cost alternative to other tourist-heavy destinations. Many Americans are drawn to Kochi's serene lifestyle, affordable cost of living, and the expat-friendly environment. Wellness retreats and yoga centers add to its appeal for those seeking a balanced life.


### 9. Jaipur: A Royal Destination for Expats

- **Why it's popular:** The capital of Rajasthan, Jaipur, is famous for its palaces, forts, and vibrant culture. It has gained traction among American expatriates looking for an affordable yet culturally rich environment.
- **The allure:** Many Americans are attracted to Jaipur's heritage, peaceful surroundings, and proximity to tourist destinations. The city is becoming a popular spot for those in the arts, culture, and tourism industries, as well as retirees looking to enjoy India's beauty and culture.

### 10. Chandigarh: The City of Modernity and Peace

- **Why it's popular:** Known for its well-planned architecture, cleanliness, and proximity to the Himalayas, Chandigarh has become a growing destination for American expatriates. With its peaceful atmosphere and modern amenities, it offers a quality of life, that appeals to many.
- **The allure:** Americans relocating to Chandigarh appreciate its low pollution levels, green spaces, and safe environment. The city also has a growing community of expatriates involved in various industries, particularly those in healthcare, education, and government services.





## Why Are Americans Leaving for India?

**The question remains:** why are so many Americans choosing to leave their homeland for India? While the reasons vary, several factors are consistently cited.

1. **Cost of Living:** For many Americans, India offers a much lower cost of living. Housing, food, and transportation are often more affordable than in major U.S. cities.
2. **Work Opportunities:** With India's booming tech, education, healthcare, and business sectors, many Americans are moving to India for job opportunities and the chance to contribute to the country's growth.
3. **Lifestyle and Culture:** The rich cultural heritage, warm climate, and vibrant social life of India attract Americans looking for a new and exciting lifestyle. Cities like Goa, Kochi, and Jaipur offer a slower pace of life, while the growing expat community in cities like Bangalore and Delhi provides a network of like-minded individuals.
4. **Retirement and Wellness:** For many Americans nearing retirement, India offers a peaceful, affordable environment for relaxation and wellness. Yoga, meditation, and spiritual retreats are significant draws.
5. **Personal Connections:** As global migration increases, many Americans have personal or family ties to India, prompting them to settle in the country.

## A New Global Exchange

The movement of Americans to India signifies a new chapter in global mobility. While India continues to grow economically, it also offers Americans a unique blend of modernity and tradition, work opportunities, and a vibrant cultural landscape. Whether seeking business prospects, a peaceful retirement, or a fresh lifestyle, the increasing number of Americans in Indian cities shows that the world's most populous democracy is becoming a true global destination.

rajeshsharma1049@gmail.com

#OPERA

# A Gastronomical Opulence

For vegans, there are many options but the one recommended is *Chicken Pandan*, the pan-roasted chicken with cajun spice.





Sadhana Garg
*Journalist and Social Entrepreneur*



Opera, it is said originated in 16th century. A dramatic art form, it was all about telling a story with music. For the uninitiated, wanting to wine a little, eat a lot and feel happy ever after, the go-to destination is Opera, an Italian Bistro in C-Scheme, that enjoys long line of people waiting to savour its Italian cuisine. Like the Opera of yore, this one takes you on an exploration, a gastronomical one! You can begin your day with a *French Fold Omelette* served with sourdough and salad, the *Granular Bowl*, with vegan options and pancakes.

Weight watchers can feast on the *Avocado and the Feta Salad* or the *Poached Apple and Beetroot Salad*. Fresh and flavoursome naturally then, they are also Opera's bestsellers. The latter, incidentally, had also earned the most loved status 'Bun Panuozzo,' different kind of Italian sandwich, made with pizza dough, and deserves special mention amongst the usual *Ratatouille and Burratas*. A crowd favourite to start the meal at Opera is *Lotus with Burrata*, a happy mix of Peri Peri Lotus stem creamy edamame sauce, edible flowers and microgreens.

The *Arancini Balls*, every homemaker's life-saving dish, are stuffed with various stuffing, left over risotto rice, minced meat or whatever is at hand, made into balls, rolled in bread crumbs, deep fried in olive oil. A hot fav with most vegetarians, reminiscent of the home kitchen bread rolls that Indians can't get enough of! Amongst the other comfort plates for green lovers are *Burrata Sourdough*, *Opera Garlic Classic Bread*, assorted *Hummus Platter* and *Mini Skillet Lasagna*. The exotic veggies in the latter makes it nutrient rich.

For the omnivores, there is *Hot Chicken Wings*, tender and fresh.


Opera's bestseller dishes and a must try in this segment are *Opera Crispy Chicken, Mini Skillet Chicken/or Lamb Lasagna* and the *Smoked Chicken Satay Stick.*

For vegans, there are many options but the one recommended is *Chicken Pandan,* the pan-roasted chicken with cajun spice, and BBQ sauce wrapped in cabbage to make it special.

How without Pizza would an Italian meal be complete? From a vast variety for the vegetarians, the *Margherita* is the classic best. *Italiano* is also a good option with an overwhelming taste of Bell peppers and Broccoli and the fresh Parmesan and mozzarella cheese. For the ones with spicy taste buds, there is *Hot Bell Pepper.* The other pizza options are varied and all a burst of different flavours. The meat lovers must try *Smoked Chicken,* though *Death by Meat and Lamb Pepperoni* are very popular.

Opera's signature hand-rolled *pastas,* made from semolina, are good for Jain meals as they are eggless. *Candy Pasta*, *Beetroot Fettuccine* are most ordered ones but not more than *Mushroom Goat Cheese Ravioli*, which is a crowd favourite. One can ask for gluten-free options which are available after noon. While Opera allows you to choose the shape of your pasta-garganelli, fettuccine spaghetti, you can also choose your sauce.


For those who look for dessert overload, you have the *Tiramisu,* delicious and eclectic. My all-time fav is *Skillet Cookie* in two flavours. The only caveat you should pre order for it takes good 25 mins in its preparation. For those looking to carry back mocktails of a great meal, there is plenty to drown yourself in the sunshine in your glass and aesthetically pleasing presentations. Like the soap opera's of the 18th century, the food coma at Opera is food emotion at its best, wine a little, laugh a lot with good food, flavours and family.







## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# डाबरा में युवती की संदिग्ध मौत, शव सड़क पर रखकर परिजनों का प्रदर्शन जारी

## परिजनों का आरोप है कि युवती को जान-बूझकर कुएं में धकेला गया, जिससे उसकी मौत हो गई

**सपोटरा, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के डाबरा गांव में एक युवती की मौत को लेकर आक्रोशित परिजनों एवं ग्रामीणों ने रविवार को सपोटरा-कुड़गांव मार्ग पर शव रखकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क को पूरी तरह जाम कर दिया।

परिजनों ने आरोप लगाया कि युवती को जान-बूझकर कुएं में धकेला गया, जिससे उसकी मौत हुई है। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए हैं। सपोटरा-कुडगांव सड़क मार्ग पर परिजनों ने सुबह 6.30 बजे ही शव को सड़क मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया। सड़क मार्ग पर जाम की सूचना पर करौली पुलिस उप अधीक्षक



बारिश के दौर में भी लोगों ने शव को सड़क मार्ग पर रखकर मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

**■ सड़क मार्ग पर जाम की सूचना पर प्रशासन व पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा, पीड़ित परिजनों से समझाइश की, वार्ता विफल रही**

गुमनाराम चौधरी, सपोटरा पुलिस उप अधीक्षक कन्हैया लाल चौधरी, सपोटरा थानाधिकारी धारासिंह मीणा, मामचारी थानाधिकारी अबजीत मीणा सहित कुड़गांव, सपोटरा व कैलादेवी पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा, जहां पर उन्होंने पीड़ित परिजनों से समझाइश की, लेकिन वार्ता विफल रही।

मृतका के परिजन व रिश्तेदार कमलेश देवी, हितेश, लालाराम, अंकुश व शेरसिंह ने बताया कि 11 जुलाई को मीरा बाई घर पर खाना बना रही थी। इस दौरान आरोपी उत्सव कुमार, वीरसिंह पुत्रान मुंशी, ग्यारसी पत्नी उत्सव, संतोषी पत्नी वीरसिंह, सौमा पुत्री मुंशी निवासी डाबरा ने एकराय होकर लाठी डण्डों से उससे मारपीट कर दी। वहीं आरोपी वीरसिंह व उत्सव ने कुल्हाड़ी से मृतका मीरा बाई के हाथ काट दिए, जिसके पश्चात ग्रामीणो के मना करने के बाबजूद भी आरोपियों ने मीरा बाई को कुएं में धक्का दे दिया, जिसे ग्रामीणों व परिजनों की मदद से उसे कुएं से बाहर निकालकर करौली उपचार के लिए ले गए, जहां पर से जयपुर रैफर कर दिया, जहां पर युवती मीरा बाई ने शनिवार की सुबह उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

**जमीनी विवाद को लेकर था झगड़ा :** -डाबरा में दो परिवारों के बीच जमीनी बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। मृतका की मां कमलेशी देवी ने बताया कि जमीनी बंटवारे को लेकर पूर्व में कई बार प्रशासन व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को अवगत करवा दिया गया था, लेकिन किसी के द्वारा पीड़ितों की शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया। मृतका की मां कमलेशी देवी ने कहा कि काश हम गरीबों की आवाज पहले सुनी होती तो आज मेरी बेटी नहीं जाती।

युवती की मौत के मामले को लेकर जिला पुलिस उप अधीक्षक गुमनाराम चौधरी, तहसीलदार दिलीप कुमार अग्रवाल, पुलिस उप अधीक्षक कन्हैयालाल चौधरी के साथ वार्ता हुई, लेकिन सहमति नहीं बनने पर देर शाम तक जाम लगा रहा। ग्रामीणो की ओर से प्रशासन के समक्ष पांच सूत्रीय मांग रखी गई। जिसमें ग्रामीणों व पंच पटेलों ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों को गिरफ्तार करने, पीड़ित परिवार को 50 लाख रूपए की सहायता राशि दिलवाने, सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करवाने, पीड़ित परिवार के छोटे बच्चों की पढ़ाई के लिए उचित व्यवस्था करवाने, जाम लगाने वाले व प्रदर्शनकारियों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई नहीं करने, पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया करवाने, वर्षों पुराने जमीनी विवाद का निस्तारण करवाने आदि को लेकर मांग रखी, जिस पर सहमति नही बनने पर वार्ता विफल रही। वहीं लोग बारिश के दौर में भी शव को सड़क मार्ग पर रखकर मांगों को लेकर अड़िग रहे।

# बदमाशों ने वृद्धा को धमकाकर जेवरात, नकदी व हथियार लूटे

**उदयपुर, (निसं)।** घर में घुस कर वृद्धा को धमकाकर बदमाश जेवरात, नकदी व हथियार लूट ले गए।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसर 11 जुलाई रात में जिले के ओगणा थाना क्षेत्र ढाबरा गांव निवासी जरावी बाई (80) के घर में घुसकर बदमाश चांदी के कड़े, डंक, दो टोपीदार बंदूकें तथा करीब 30-40 हजार रूपये नकदी लूट ले गए। जरावीबाई अकेली रहती थी। घटना वाली रात में पिछवाड़े से अंदर घुसे करीब चार बदमाश उसे धमकाकर वारदात कर फरार हो गए। वारदात के दौरान उसके पुत्र व परिजन कोई घर पर नहीं था। दूसरे दिन इसका पता चलने पर जरावी के पोते भूरीलाल पुत्र चुन्नीलाल कुम्हार ने पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया, जिसकी जांच एएसआई रमेशचन्द्र कर रहे हैं।

**■ रात में पिछवाड़े से अंदर घुसे करीब चार बदमाश वारदात कर फरार हो गए**

**भोजाई ने कुल्हाड़ी से हमला कर ननद को घायल किया :** उदयपुर के ऋषभदेव थाना क्षैत्र में भोजाई ने कुल्हाड़ी से हमला कर ननद को घायल कर दिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषभदेव थाना क्षैत्र अम्बा घाटी पीपली ए निवासी रीना देवी पत्नी नारायण ने कुल्हाडी से हमला कर अपनी ननद सविता (50) पत्नी शंभू पुत्री मावा को घायल कर फरार हो गई। इस मामले में शांतिलाल पुत्र जीवतराम निवासी अम्बाघाटी पीपली ए ने अपनी काकी रीना के खिलाफ भुआ पर प्राणघातक हमला करने का प्रकरण दर्ज करवाया। सविता पति की मौत के बाद अपने भाई नारायण के पास रह रही थी। 11 जुलाई सवेरे वह मकान के आंगन में बैठी थी। आरोपी रीना दो तीन माह पूर्व अपने पीहर गई थी। वहां से दो दिन पूर्व ही गांव लौटी थी। घटना वाले दिन सविता मकान के आंगन में बैठी थी। इसी दौरान पिछे से आई आरोपी ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इसको देख घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए ऋषभदेव चिकित्सालय पहुंचाया, जहां से रेफर करने पर एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है, जिसकी जांच एएसआई जोरावरसिंह कर रहे हैं।

# खेत पर काम करते किसान की सर्पदंश से मौत

**उदयपुर, (निसं)।** खेत पर काम करते समय सांप के काटने से किसान की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सवेरे मारूवास गोगुन्दा निवासी भेरा (40) पुत्र पूना गमेती अपने खेत कृषि कार्य कर रहा था। इस दौरान सांप के काटने से वह अचेत हो गया। इसको देख परिजन उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर एएसआई हिम्मतसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**उदयपुर, (निसं)।** गोगुन्दा थाना क्षैत्र में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट में मां बहन व भाई को आत्महत्या के लिए जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोगुन्दा निवासी हीरालाल प्रजापत (50) पूत्र भूरीलाल ने शनिवार को विषाक्त वस्तु का सेवन कर लिया, जिसकी तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे गोगुन्दा चिकित्सालय ले गए, जहां से रेफर करने पर एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया, जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर एएसआई हिम्मतसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पूछताछ में पता चला कि संपत्ति बंटवारे को लेकर परिवार में विवाद चल रहा था। इसी के चलते उसने आत्महत्या कर ली। मृतक के पास मिले सुसाईड नोट में उसने अपनी मां, बहन व भाई को आत्महत्या करने के लिए जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

**■ पूछताछ में पता चला कि संपत्ति बंटवारे को लेकर परिवार में विवाद चल रहा था, इसी के चलते युवक ने आत्महत्या कर ली**

# पाली में एक घंटे तक तेज बारिश

**पाली, (नि.सं.)।** पाली शहर में रविवार को दोपहर करीब 2:30 बजे एक घंटे तक जोरदार बारिश का दौर चला, जिससे चारों तरफ पानी ही पानी हो गया। नाले ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहने लगे। कई जगह पर दो से ढाई फीट पानी भर गया जो जहां खड़ा था वहीं रह गया। सूरजपोल से लोढ़ा स्कूल रोड पर करीब तीन फीट पानी भरने से रास्ता दो घंटे बंद रहा, कारें भी आदि डूबी नजर आई। वीडी नगर की कॉलोनी में लोग घर से बाहर नहीं निकल सके। यही हाल सिंधी कॉलोनी रामदेव रोड, न्यू मोची कॉलोनी का रहा। बारिश बंद होने के दो घंटे बाद भी पानी नहीं उतरा। मिल गेट, मंडिया रोड, जंगी वाडा, अंडरब्रिज सभी जगह पर हालत खराब रहे। बारिश रुकने पर लोगों ने राहत की सांस ली। ऐसे में इंडस्ट्रीज के लोगों ने बारिश के पानी के साथ फैक्ट्री का रंगीन पानी भी बहा दिया।



पाली में रविवार को आई तेज बरसात से सड़कों पर वाहन पानी में डूबे नजर आये।

## जालोर में तेज बारिश हुई

**जालोर, (कासं)।** जालोर जिले में रविवार शाम को मूसलाधार बारिश होने से चारों ओर पानी ही पानी नजर आने लगा। तेज बारिश के बाद मौसम सुहावना बन गया। वहीं जिले के कई नदी-नालों में पानी की आवक देखी गई।

**■ बांकली बांध, वणधर बांध सहित कई बांधों में भी पानी की आवक हुई**

जालोर में गत कई दिनों से मानसून की सक्रियता के चलते बारिश का दौर जारी रहने से जसवंतपुरा, भीनमाल, रानीवाडा सहित कई जगह अच्छी बारिश होने से नदी-नालों में पानी नजर आया। रविवार शाम को अचानक मौसम ने करवट बदली तथा तेज धूप के बाद आसमान में बादल छाने के साथ मूसलाधार बारिश होने से सड़कों पर पानी बहता नजर आया।

शहर के कई निचले इलाकों में पानी भरने से आम राहगीर को परेशानी का सामना करना पड़ा। जिले के बांकली बांध, वणधर बांध सहित कई बांधों में भी पानी की आवक देखी गई। नदी व नालो में पानी की आवक आने से कई जगह मार्ग अवरुद्ध हो गये। रविवार को तेज बारिश के चलते शहर के तिलकद्वार, बड़ी पोल सहित कई जगह से पानी तेज वेग से बहता नजर आया। बारिश के बाद मौसम सुहावना बन गया। वहीं अच्छी बारिश के बाद किसानों के चेहरों पर खुशी देखी जा रही है। सावन माह की प्रथम अच्छी बारिश का लोगों ने जमकर आनंद लिया।

# पौधारोपण संबंधी लक्ष्य थोंपने जाने पर नाराजगी

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के प्रदेश उपाध्यक्ष भगवत डांगी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को पत्र लिखकर पौधारोपण संबंधी लक्ष्य थोंपने जाने पर नाराजगी जताई और अव्यावहारिक लक्ष्य की पुनः समीक्षा कर बड़े पैमाने पर पौधारोपण का कार्य पंचायतीराज विभाग से मनरेगा योजनांतर्गत करवाने की मांग की है।

संगठन के सभाध्यक्ष सहदेव सिंह रावत ने बताया कि हाल ही में शिक्षा मंत्री द्वारा वीसी में दिए निर्देशानुसार राज्य के सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 12 में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रति विद्यार्थी 300 पौधे व प्रति शिक्षक 450 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया है। पौधारोपण का यह दिया गया लक्ष्य यथार्थ से परे, असंभव, अव्यावहारिक एवं शैक्षिक प्रक्रिया में बाधक है। जिला मंत्री जितेंद्र सिंह परमार के अनुसार विद्यालयों में भूमि, पानी, खड्डे खोदने के औजार एवं देखरेख के संसाधनों की भारी कमी है। बिना पर्याप्त साधन यह अभियान केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगा। जुलाई-अगस्त माह शैक्षिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ऐसे समय में यह अतिरिक्त कार्य शिक्षकों की मूल भूमिका को बाधित करेगा। पत्र में बताया है कि अधिक संख्या नहीं, बल्कि रखरखाव योग्य पौधों का टिकाऊ रोपण ही पर्यावरणीय सफलता की कुंजी है।

# नशे में धुत्त चालक ने आबादी क्षेत्र में ट्रेलर घुसाया



मनोहरपुर थाना क्षेत्र के सारवान मोहल्ले में नशे में धुत्त ट्रेलर चालक ने ट्रेलर को आबादी क्षेत्र में घुसाकर कई दुकानों और मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

**मनोहरपुर, (निसं)।** थाना क्षेत्र के सारवान मोहल्ले में देर रात एक एक नशे में धुत्त ट्रेलर चालक ने ट्रेलर को आबादी क्षेत्र में घुसाकर तबाही मचाई। ट्रेलर ने कई दुकानों और मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया।

जानकारी अनुसार देर रात करीब 12:30 बजे एक ट्रेलर चालक ने टोल बचाने के चक्कर में मोहल्ले में घुसकर दुकानों के शटर व मकान की दीवार को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान शोर शराबा सुनकर स्थानीय लोग अपने घरों से बाहर निकले और ट्रेलर को रोकने की कोशिश की।

**■ ट्रेलर ने कई दुकानों और मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया, स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश**

नशे में धुत्त चालक को काबू करने में लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद एएसआई राजेश कुमार मय जाप्ता के मौके पर पहुंचे और ट्रेलर चालक को रुकवाने की कोशिश की, लेकिन चालक ने पुलिस को चकमा देकर ट्रेलर को गांधी चौक बाजार की ओर ले जाकर एक फैंसी स्टोर व परचून की दुकान के शटर को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद पुलिस और ग्रामीणों ने उसका पीछा करके उसे दबोच लिया और ट्रेलर को थाने ले जाकर खड़ा कर दिया। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि नशे में धुत चालक की वजह से उनकी दुकान के शटर और मकान की दीवार क्षतिग्रस्त कर दी हैं। पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# कोटा नगर निगम दक्षिण के कांग्रेस पार्षदों का अनोखा प्रदर्शन, चंबल नदी में जल सत्याग्रह

## नगर निगम कोटा दक्षिण के कांग्रेस पार्षदों का मांगों को लेकर छठे दिन भी संघर्ष जारी

**कोटा, (निसं)।** नगर निगम कोटा दक्षिण के कांग्रेस पार्षदों ने मांगों को लेकर लगातार छठे दिन भी संघर्ष जारी रखते हुए जल सत्याग्रह का आयोजन पार्षद लेखराज योगी के मार्गदर्शन में किया। भीतरिया कुंड पर चंबल नदी में सत्याग्रह के लिए जब सभी पार्षद उतरे तो सावन की तेज बारिश ने भी संघर्ष की इस भावना में साथ दिया। सत्याग्रह स्थल पर भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सावन के कारण शिव मंदिर पर भीड़ थी, जिससे प्रदर्शन और अधिक जनभावनाओं से जुड़ता दिखा। नगर निगम प्रशासन और भाजपा सरकार के खिलाफ जबर्दस्त नारेबाजी हुई, लेकिन एक बार फिर प्रशासन ने लोकतांत्रिक संवाद से बचते हुए अपनी चुप्पी बनाए रखी। दो घंटे तक चले इस प्रतीकात्मक सत्याग्रह के दौरान कोई भी अधिकारी वार्ता को सामने नहीं आया। बारिश के कारण चंबल का जलस्तर बढ़ता देख दादाबाड़ी सीआई मंगीलाल यादव मौके पर पहुंचे और सुरक्षा की दृष्टि से सभी से बाहर आने का आग्रह किया, जिसके बाद प्रदर्शन का शांतिपूर्ण समापन हुआ।




कोटा दक्षिण नगर निगम के कांग्रेसी पार्षदों ने जल सत्याग्रह के जरिए अपनी मांगें दोहराई।

पवन मीणा, उपमहापौर, नगर निगम कोटा दक्षिण ने कहा कि कांग्रेस पार्षदों को दबाने की हर कोशिश नाकाम होगी। भाजपा सरकार और नगर निगम का यह तानाशाही रवैय्या अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता के पैसों से तनख्वाह लेने वाले अधिकारी जनता के सवालों से भाग नहीं सकते। हम चुप नहीं बैठने वाले। अगर अधिकारियों और सत्ता में बैठे लोगों को शर्म नहीं है, तो हम उन्हें जगाने के लिए चंबल में उतरते रहेंगे, चाहे जितनी बार उतरना पड़े। ये सिर्फ जल सत्याग्रह नहीं, ये चेतावनी है। अब आरपार की लड़ाई होगी।


पार्षद लेखराज योगी ने कहा कि सावन की बारिश और चंबल की लहरों ने आजजनता के आक्रोश को आवाज दी है। जब तक न्याय नहीं मिलेगा, हमारा संघर्ष रुकेगा नहीं। पार्षद कुलदीप गौतम ने कहा कि जो लोग जनता के पैसों पर ऐश कर रहे हैं और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी कर रहे हैं, उन्हें हर दिन सड़कों पर हमारे विरोध का सामना करना पड़ेगा।

इस दौरान पार्षद इसरार मोहम्मद, देवेश तिवारी, शालिनी गौतम, कुलदीप गौतम, अंशु श्रृंगी, धनराज चेची, लेखराज योगी, मनोज गुप्ता, कुलदीप प्रजापति, मोहन नंदवाना, दीपक वर्मा, सोनू भील, सलीना शेरी कांग्रेस कार्यकर्ता एवं प्रतिनिधि प्रफुल्ल पाठक, प्रमोद विजय, चेतन सोलंकी, शिव कुमार राव, नवीश गुर्जर (आंवली) प्रतापसिंह, अशोक गुर्जर, दिनेश गुप्ता निर्मल कोटड़ी मौजूद थे।

# सहदेव हत्याकांड के मामले में आरोपी चाचा ससुर गिरफ्तार

**अजमेर, (कासं)।** नागौर निवासी सहदेव नाम के युवक के अजमेर बस स्टैंड से अपहरण और साजिशपूर्वक हत्या के मामले में रविवार को सिविल लाइंस थाना पुलिस ने फरार चल रहे मुख्य सहभागी चाचा ससुर रामनिवास को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश कर पांच दिन की रिमांड पर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**■ पुलिस ने आरोपी को पांच दिन की रिमांड पर लिया**



पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया।

सिविल लाइंस थाना प्रभारी शम्भू सिंह ने बताया कि बहुचर्चित सहदेव हत्याकांड मामले में पुलिस ने हत्याकांड के मुख्य सहभागी चाचा ससुर रामनिवासी को तकनीकी ट्रैकिंग और लगातार पीछा करने के बाद पुलिस टीम ने मेड़ता रोड से अजमेर आते समय दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्त में आया आरोपी मृतक सहदेव का चाचा ससुर है और वारदात के समय मौके पर मौजूद रहकर मारपीट में सक्रिय भूमिका निभा चुका है। पुलिस ने रामनिवास को लिंक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर पांच दिन का रिमांड लिया है। अब तक प्रकरण में महिपाल, ललिता उर्फ लोकी सहित नौ अभियुक्त जेल जा चुके हैं। रामनिवास पर आरोप है कि उसने 13 जून को अजमेर केंद्रीय बस स्टैंड से सहदेव का अपहरण करने उसे नागौर के जायल क्षेत्र ले जाकर नृशंस रूप से पीटने और हत्या करने में प्रत्यक्ष भागीदारी निभाई। सहदेव का शव निर्जन खेत में बरामद हुआ था। पुलिस अब हथियारों की बरामदगी, घटना में प्रयुक्त वाहन और अन्य सहयोगियों के ठिकानों का पता लगाने के प्रयास कर रही है।

## संक्षिप्त

### नीम करोरी बाबा का भंडारा कल

**अलवर।** अलवर की अरावली की पहाड़ियों में स्थित छटंकी धाम हनुमान मंदिर में बिराजे नीम करोरी बाबा का 5वॉ वार्षिक भंडारा आगामी 15 जुलाई मंगलवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। छटंकी धाम सेवा समिति की और पंडित खेम चंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हरवर्ष की भांति इस बार भी नीम करोरी बाबा का अखंड भंडारा आगामी 15 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 14 जुलाई को प्रात सवा नो बजे रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। 15 जुलाई मंगलवार को सवा आठ बजे सुन्दर कांड और सवा 11 बजे से प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा उन्होंने अलवर वासियों एवं भक्त गणों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है । यहां पर उल्लेखनीय है कि यह मंदिर अरावली की गोद में होने के कारण रमणीय स्थान है और इस बार सर्वाधिक बारिश होने के कारण यहां का वातवरण ही रमणीय हो गया है इसलिए इस बार हजारों की संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

### पुलिस थाने में कोबरा सांप मिला

**टोंक।** डिग्गी पुलिस थाने में रविवार को एक कोबरा सांप रैंगता हुआ थाने के आईओ कक्ष के पास सीढियों के नीचे जा बैठा, जिसे थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी व अन्य स्टॉफ द्वारा बाहर निकाले जाने का प्रयास किया लेकिन कोबरा सांप वही बैठा रहा। बाद में जिला मुख्यालय पर वन्यजीव प्रेमी मनोज तिवारी से संपर्क विडियो कॉल पर कोबरा रेसक्यु के बताये गये तरीकों से कांस्टेबल कमल कुमार ने कोबरा सांप को सफलतापूर्वक बेग में कैद कर लिया, जिसके बाद थाना स्टाफ ने राहत की सांस ली। पकडे गये कोबरा सांप को बाद में चांदसेन के जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया।

### कांग्रेस कमेठी की कार्यकारिणी गठित

**टोंक।** जिला कांग्रेस कमेठी (शिक्षक प्रकोष्ठ) के जिलाध्यक्ष सी.पी.मेहता ने राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष की अनुमति से जिला कांग्रेस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का गठन किया है। जिसमें 8 वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 5 उपाध्यक्ष, 5 महासचिव, एक कोषाध्यक्ष व 5 सचिव बनाए गए हैं, कार्यकारिणी में कुल 24 सदस्यों को शामिल किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी टोंक मीडिया प्रभारी जर्रार खान ने बताया कि कार्यकारिणी के सभी लोगों को अपने-अपने क्षेत्र में कांग्रेस को संगठित एवं मजबूत बनाने के लिए अपील की है।

### दूसरा हज शिविर 27 को

**बौंली -बामनवास ।** रैगर समाज के 84परगना द्वारा बौंली नगर के सीताराम जी के मंदिर एवं निवाई रोड पर नवनिर्मित मंदिर पर शिव पंचायत की प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जा रहा है, इस दौरान शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई एवं रविवार को शिव पंचायत की शोभायात्रा निकाली गई।

# अलवर में वन राज्यमंत्री की मौजूदगी में प्रतिभावान बच्चे सम्मानित

**पंजाबी बोर्ड के गठन, पुरुषार्थी समाज की कोचिंग और स्कूल के लिए जमीन आवंटन कराने आदि की मांग पर सकारात्मक प्रयास करने का आश्वासन दिया।**



पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संजय शर्मा ने अलवर प्रताप ऑडिटोरियम में प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया।

- देश के विकास में पुरुषार्थी समाज की महत्ती भूमिका : वन राज्यमंत्री शर्मा
- समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया तथा उनको प्रोत्साहित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए मंत्री कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर है कि जो समाज अच्छी शिक्षा ग्रहण करेंगा वो निश्चित रूप से आगे बढेगा।

**अलवर ।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को प्रताप ऑडिटोरियम में पुरुषार्थी जिला समिति अलवर द्वारा आयोजित अभिनन्दन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में शिरकत कर समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया।

वन राज्यमंत्री शर्मा ने पुरूषार्थी समाज की कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन में कहा कि भारत माता की सेवा करने और देश के नव निर्माण में पुरुषार्थी समाज की महती भूमिका रही है। देश की आजादी के आंदोलन में गुलामी बेडियों को तोडने के लिए शहीद भगत सिंह जैसे सैकड़ों स्वतंत्रता सेनानी इसी समाज ने दिए है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढाने में पुरूषार्थी समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि अलवर में पुरुषार्थी समिति की ओर से युवा और प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करना प्रेरणादायक है। उन्होंने समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया तथा उनको प्रोत्साहित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर है कि जो समाज अच्छी शिक्षा ग्रहण करेंगा वो निश्चित रूप से आगे बढेगा। उन्होंने पंजाबी बोर्ड के गठन, पुरुषार्थी समाज की कोचिंग और स्कूल के लिए जमीन आवंटन कराने आदि की मांग पर सकारात्मक प्रयास करने का आश्वासन दिया। रामगढ विधायक सुखवंत सिंह ने कहा कि अलवर जिले के पुरुषार्थी समाज ने सेवा के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाई है। समाज द्वारा सामाजिक क्षेत्र में निरन्तर मानवता की सेवा की भावना से सकारात्मक कार्य किए जा रहे हैं जो सराहनीय कदम है और इससे अन्य समाजों को भी प्रेरणा मिलती है। इससे पहले वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने अपने निवास स्थान 201 रघुमार्ग पर जनसुनवाई कर विभिन्न स्थानों से पेयजल, विद्युत, सडक, पुलिस आदि की परिवेदनाएं लेकर आए फरियादियों की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि फरियादियों की समस्याओं का निराकरण होने पर उन्हें सूचित कर उनके संतुष्टि स्तर में वृद्धि करें। उन्होंने निर्देश दिये कि आमजन को मूलभूत समस्याओं की प्राथमिकता से सुनवाई करें। इस कार्य में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### कलश यात्रा निकाली

**टोंक।** जिला मुख्यालय पर भारतीय सनातन मंडल की ओर से द्वितीय विशाल कावड़ व कलश यात्रा रिमझिम बारिश के बीच निकली, इस कावड़ यात्रा 2 साल तक के बच्चो सहित, किशोर और किशोरियां, महिला-पुरुष, युवक-युवतियां शामिल हुई। भारतीय सनातन मंडल द्वारा पिछली साल की तरह इस बार भी सनातन एकता के रंग में रंगी भगवा टोली, हर-हर महादेव के जयघोष के साथ रविवार सुबह कावड लेकर निकली, इसमें करीब 800 कावंड़िएं शामिल हुए।

समें महिलाएं भी बड़ी संख्या में कलश लेकर चल रही थी। यह कावड़ व कलश यात्रा छावनी के श्रीराधा-कृष्ण मंदिर से विधिवत कलश पूजन के साथ शुरु होकर, पुलिस लाइन, बमोर गेट, गांधी पार्क, घंटाघर, हुए मुख्य बाजार से होकर, बड़ा कुआ, सवाई माधोपुर चौराहा से होते हुए मंशापूर्ण भूतेश्वर महादेव मंदिर पहुंची, जहां कावड़ में लाए जल से कांवड़ियों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

# पावटा में भू माफियाओं के हौसले बुलंद, कर रहे है जबरन कब्जा

- धार्मिक स्थलों से लेकर खाली हान की जमीनों पर अवैध कब्जे कर रहे हैं। पावटा क्षेत्र में तो नदी बहाव क्षेत्र की जमीनों पर पालिका द्वारा पट्टे बनाकर व्यवसाय किया जा रहा है

**पावटा।** पूरे जिले में भूमाफिया इस कदर हावी है की शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में परती पड़ी जमीनों पर दबंगई के साथ कब्जा कर रहे हैं। यही नहीं इस सब की शिकायत भी जिले के जिम्मेदार अधिकारियों से की जा रही है लेकिन जब जिले के जिला प्रशासन ही भू माफिया को संरक्षण दे रहा है तो ऐसे में परती पडी जमीनों पर अवैध कब्जा कैसे रोका जा सकता है।

पावटा तहसील क्षेत्र में तो भूमाफिया इस कदर अपना कब्जा जमा हुए हैं कि धार्मिक स्थलों से लेकर खाली हान की जमीनों पर अवैध कब्जे कर रहे हैं। पावटा क्षेत्र में तो नदी बहाव क्षेत्र की जमीनों पर पालिका द्वारा पट्टे बनाकर व्यवसाय किया जा रहा है लेकिन इस सब के पीछे तहसील स्तर के राजस्व कर्मियों की पूरी मिलीभगत रहती है। अवैध कब्जे की शिकायत अधिकारियों के पास जाती है तो राजस्व कर्मी अधिकारियों को अभिलेखों में गुमराह करते हुए मामले को रफा-दफा करने में कामयाब हो जाते हैं। ऐसा ही एक मामला पावटा कस्बा स्थित हीर की बावड़ी का है। जिसमें सोहनलाल यादव पुत्र चुनाराम यादव निवासी हीर की बावडी पावटा ने मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि हमारी खातेदा री सामलाती भूमि आराजी खसरा न. 2176, 149 हेक्टेयर भूमि वाके गांव हीर की बावड़ी पावटा में स्थित है। जिसमें से पूर्व सह खातेदार उर्मिला देवी पत्नी महेश ने 0.15 हैक्टेयर भूमि प्रेम देवी पत्नी रोहिताश यादव निवासी ठिकरिया को बेचान कर दी। वही 1 जुलाई 2025 को उक्त भूमि में सुरेश यादव, ललित यादव पुत्रान बंशीधर यादव, महेंद्र यादव पुत्र मातादीन यादव, शंकर यादव पुत्र प्रभुदायल, राकेश पुत्र सल्लाराम यादव, प्रभु यादव निवासी बानसूर, जयराम थालौड़ निवासी बड़नगर, हरि सिंह खारवाल पुत्र मातादीन खारवाल निवासी पावटा व इनके साथ अन्य 40-50 व्यक्ति एक राय होकर उक्त भूमि में जबरन तारबंदी कर जाल की बाउंड्री लगाकर अतिक्रमण कर रहे है ।

जबरन मनमानी करके विक्रेता के हिस्से की भूमि से क्रय की थी रोड से लगती हुई भूमि पर कब्जा कर रहे है। रोड से लगती हुई भूमि हिस्से अनुसार बंटवारा कर रखा है। ज्यों मौके पर उत्तर से दक्षिण रोड से लगती है। सभी खातेदार रोड से लगती भूमि पर काबिज है। अतिक्रमियों का मेरी पत्नी जड़ाव देवी व मेरी भतीजे की पत्नी लाली देवी ने विरोध किया तो अतिक्रमी सुरेश, महेंद्र, ललित ने उनसे अभद्रता करते हुए बाल पकड़ घसीटते हुए मारपीट की। वही उनके साथ आए असामाजिक तत्वों ने भी महिलाओं के साथ अश्लील हरकते व उनकी लज्जा भंग करने की कोशिश की। उनका शोर सुन आस पास के लोगों ने बीच बचाव किया वही मेरे भतीजे प्रहलाद के साथ भी मारपीट की। ये लोग ताकत के बल पर रोड से लगती भूमि पर तारबंदी कर पोल लगाकर जबरन कब्जा कर रहे है। मौके पर हथियारों से लैस 40- 50आदमी है। जिसको लेकर पीडिंत ने पुलिस प्रशासन से अपनी भूमि को अतिक्रमियों से बचाने की गुहार लगाई है।

# बाबा रामदेव के उत्पादों का बहिष्कार

- बाबा रामदेव द्वारा ब्राह्मणों पर किए गए कटाक्ष से परशुराम सेना व संपूर्ण ब्राह्मण समाज में भारी आक्रोश

**निवाई।** बाबा रामदेव ने कई बार ब्राह्मणों पर कटाक्ष एवं टिप्पणियां की है जिससे ब्राह्मण समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। भगवान परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मीत गौतम ने बताया कि बाबा रामदेव ने कई बार ब्राह्मणों के विरूद्ध कटाक्ष एवं टिप्पणियां की है जिससे ब्राह्मण समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने बताया कि आक्रोशित ब्राह्मण समाज के लोगों ने बाबा रामदेव के सभी उत्पादों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज के व्यापारी बाबा रामदेव के सभी उत्पादों का बहिष्कार करें। क्योंकि बाबा रामदेव आए दिन ब्राह्मणों के विरूद्ध टिप्पणी करके फर्जी कथावाचकों का सहयोग कर रहा है। उन्होंने आव्हान किया कि परशुराम सेना एवं ब्राह्मण समाज के सभी संगठनों ने शपथ लेते हुए इस बाबा रामदेव के सभी उत्पादों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। इस दौरान परशुराम सेना के राष्ट्रीय प्रमुख पंडित दीपक दाधीच, राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित संजीव शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित सुजीत शर्मा, प्रदेश मुख्य सरक्षक डॉ. अनिल शर्मा व प्रदेश प्रभारी राजस्थान उत्तर प्रदेश पंडित विनोद शर्मा ने सभी परशुराम सेना एवं ब्राह्मण समाज के सभी संगठनों को बाबा रामदेव के सभी उत्पादों का बहिष्कार करने का आव्हान किया है।

# दंडवत यात्रा का कोटपूतली में स्वागत

**कोटपूतली।** हरिद्वार से शुरू हुई महाकाल की एकल दंडवत पदयात्रा रविवार को कोटपूतली पहुंची। इस अनोखी यात्रा को अकेले हरियाणा निवासी राहुल मलिक कर रहे है। जिनका उद्देश्य है हिंदुत्व की अलख जगाना और गौ वंश की रक्षा का संदेश जन-जन तक पहुँचाना है। राहुल मलिक ने यह दंडवत यात्रा आज से करीब दस महीने पहले शुरू की थी। यह यात्रा बिना किसी अवकाश के सर्दी, गर्मी, बरसात में भी लगातार जारी है। यात्रा की समाप्ति में अभी लगभग एक साल का समय और लगेगा। इस अनोखी यात्रा को कोटपूतली पहुंचने पर सीताराम बड़ा मंदिर कमेटी व कस्बेवासियों ने राहुल मलिक का माला पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर बड़ा मंदिर कमेटी के सदस्य नागेंद्र पंडित, सुरेश संघई, हनुमान गुर्जर, रोहिताश सैनी, शिम्भूदयाल, विक्रम कुमार सहित कस्बावासी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### अस्तित्व को जूझती जीवनदायनी नहर



**पावटा।** खेतों में सिंचाई के लिए पानी लाने वाली नहरे आज अपने अस्तित्व को जूझ रही है। उपखंड पावटा के विभिन्न क्षेत्रों में आज भी नहर का जाल फैला हुआ है। सरकार द्वारा नहरी तंत्र को अस्तित्व में रखने के लिए प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए का बजट जारी किया जाता है। पावटा कस्बे से गुजरने वाली नहर आज अपने अस्तित्व को जूझ रही है। जीवनदायनी नहर को प्रशासन और आम जन की लापरवाही के कारण कचरागाह के रूप में तब्दील कर दिया है। विभिन्न स्थानों पर नहर में गंदगी एवं अपशिष्ट पदार्थों के ढेर जगह-जगह पर लगने से रिहायशी इलाकों में संक्रमण फैलने की संभावना भी बढ़ रही है। निराश्रित जानवर भी अक्सर भोजन की तलाश में इन अपशिष्ट पदार्थ के ढेर में भोजन तलाशते रहते हैं। बरसात के कारण भी विभिन्न स्थानों पर जल भराव के कारण इन अपशिष्ट पदार्थ के कारण संक्रमण और बीमारी फैलने का अंदेशा भी बना रहता है। प्राचीन काल से आ रही विरासत रूपी नहरे संरक्षण के अभाव में दम तोड़ रहे हैं। प्रशासनिक लापरवाही के चलते आज नहरे अपने अस्तित्व को जूझ रही है।

### पीएचसी में चरमराई स्वास्थ्य सेवाएं

**पावटा।** ग्राम भोनावास में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं का मुद्दा अब लोगों के जुबान पर जोर पकड़ने लगा है। गरीब मरीजों का फ्री ईलाज के लिए सरकार की ओर से लंबी-चौडी बातें जरूर सुनने को मिलती है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के कारण भोनावास पीएचसी बदहाली पर आंसू बहाने को विवश है। पीएचसी के बदहाली के कारण इस क्षेत्र के लोगों को निजी क्लिनिकों पर निर्भर रहने को विवश होना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि जब अस्पताल खुद हीं बीमार है तो यहां लोगों का इलाज कैसे संभव हो पाएगा। लोगों का कहना है कि विभिन्न योजनाओं के बीच लोगों को बुनियादी स्वास्थ्य सेवा तक उपलब्ध नहीं होना जनता के रहनुमाओं को आईना दिखाने के लिए काफी है। लापरवाह व हांफती स्वास्थ्य व्यवस्था के चलते मजबूरी में लोग निजी क्लिनिक व निजी चिकित्सक के शरण में जाने को मजबूर हैं। आज के इस दौर में जहां स्वास्थ्य सेवाओं को चुस्त दुरुस्त करने का सरकार दंभ भर रही है, वहीं भोनावास प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य सेवा सरकार को मुंह चिढ़ा रही है। बताया जाता है कि यहां लंबे समय से कोई भी चिकित्सक पदस्थापित नहीं है। यह केवल 11 स्टाफ जिनमें तीन नर्सिंग स्टाफ, एक एएनएम, दो डाटा ऑपरेटर, एक एलए, एक एलटी, एक स्वीपर के भरोसे है और वह भी लापरवाह ज्यों कि मरीजों को छोड़कर कूलर की हवा में आराम फरमाते नजर आ रहे है। ड्यूटी के दौरान स्टाफ या तो गायब रहते हैं या फिर गर्मी के चलते कक्ष में आराम फरमाते रहते हैं।जिसकी जानकारी विभाग को नहीं है। ठाामीणों का कहना है कि जब कोई मरीज इलाज के लिए आता है, तो कर्मचारियों द्वारा दुर्व्यवहार किया जाता है और अक्सर उन्हें वापस लौटा दिया जाता है। ऐसे में क्षेत्रीय जनता के स्वास्थ्य से सीधे खिलवाड़ किया जा रहा है। ठाामीणों ने चिकित्सा विभाग और स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि अस्पताल की कार्यप्रणाली की गहन जांच की जाए और लापरवाह स्टाफ के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी मरीज को इस प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और अस्पताल की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए क्या कदम उठाता है। इस संबंध में बीसीएमएचओ कृष्ण सिंह ने बताया कि उक्त सभी बिंदुओं पर जांच-पड़ताल के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। शासकीय अस्पतालों में उपचार के लिए मरीजों को परेशान न होना पड़े, इसके लिए व्यवस्थाओं में सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं।

### फ्रीज में ब्लास्ट से हजारों का सामान जला

**टोंक।** घाड थाना क्षेत्र के खरोई गांव के एक घर में फ्रीज में ब्लास्ट होने से हजारों घरेलू सामान जलकर खाक हो गया, इस दौरान मौके पर किसी के ना होने से जनहानि से बचे गये। हालांकि पीडित मकान मालिक को काफी नुकसान हो गया, जिसमें करीब 13 हजार रुपए के फ्रीज समेत उस कमरे में रखे गेहूं के कट्टे और अन्य घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। पीडित रामफूल मीणा ने बताया कि शनिवार की रात वे अपनी पत्नी काली देवी व 2 बेटे साथ मकान में दूसरी मंजिल पर बने कमरे में सो रहे थे, उसी दौरान रात 3 बजे नीचे के कमरे में रखे फ्रीज में कम्प्रेशर में ब्लास्ट हो गया, जिससे कमरे में रखे 6 गेहूं के कट्टे व खाने पीने के सामान, छाछ बनाने की मशीन, जुसर मशीन आदि सामान जल गए। ब्लास्ट इतना जोरदार था कमरे की छत में भी छेद हो गया, सामान रखने के लिए कमरे के अंदर रखी बड़ी पट्टी भी टूटकर नीचे पड़ गई।

# अपहरण करने की धमकी के मामले में आठ लोगों पर नामजद मामला दर्ज


- पुस्तैनी मकान को जेसीबी से गिराकर कब्जा करने, घर में घुसकर जानलेवा हमला करने का आरोप
- मामले में प्रयुक्त जेसीबी मशीन बब्लू कीर नाम का एक आदमी चला रहा था। उक्त जेसीबी बालनाथ क्रेन सर्विसेज़ के नाम से रजिस्टर्ड है व जिसका प्रोपराईटर मुकश यादव पुत्र जयराम यादव है। इसमें मेरे, मकान की छत, दिवार और आगे का गेट पूरी तरह टूट गया है। उक्त मुल्जिमानों के विरूद्ध काफी वाद-विवाद न्यायालय में चल रहे हैं।

**पावटा ।** थाना प्रागपुरा क्षेत्र के पावटा कस्बा स्थित किल्ला ऊपर पावटा कृषि सेवा केंद्र के पास एक पुस्तैनी मकान को जेसीबी से गिरवाए जाने का मामला सामने आया। प्रागपुरा थाना पुलिस ने पावटा कस्बा स्थित किल्ला ऊपर मालियों की ढाणी निवासी महेंद्र कुमार सैनी पुत्र भैरूराम सैनी की तहरीर पर आठ नामजद लोगों पर एफआईआर दर्जकर छानबीन शुरू की है। भुक्तभोगी महेंद्र कुमार सैनी ने पुलिस को आपबीती सुनाते हुए बताया कि पावटा कस्बा स्थित किल्ला ऊपर मालियों की ढाणी में मेरे पिता भैरूराम सैनी पुत्र दानाराम सैनी का स्वामित्व का एक पुस्तैनी मकान बना हुआ है।

जिसमें पिता भैरुराम सैनी मेरी माता केशरी देवी व मेरे तीन भाई रतन, अशोक, श्यामसुंदर अपने परिवार के साथ रहते है। 10 जुलाई को मेरी भाभी अनीता देवी पत्नी रतन सैनी को छोडकर घर के सभी लोग काम के लिये घर के बाहर आस-पास कहीं गये हुये थे। पीछे से सूचना मिली कि मेरे पुस्तैनी मकान को कुछ लोग जेसीबी लेकर तोड़ने आए है। जिस पर पिता व भाइयों के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि एक जेसीबी मशीन जिसका नम्बर आरजे-32- ईए - 3600 है, हमारे पुस्तैनी घर को तोड़ रही थी, व उक्त जेसीबी के पास भीमसिंह पुत्र जगदीश प्रसाद खड़ा हुआ था व उसके साथ अन्य लोग खडे हुए थे जो आपस में एक दूसरे को कृष्ण कुमार, सुमित्रा देवी, सरोज यादव व मनोज कुमार यादव राजेश यादव कहकर पुकार रहे थे। जब में अपने घर पर पहुंचा तो देखा कि वे लोग उक्त मुल्जिमान घर को जेसीबी की सहायता से तोड़ रहे थे व कह रहे थे कि आज घर को पूरी तरह ज़मीनदोज करके उसके परिवार को जान से मार देंगे। उक्त जेसीबी में कुछ तलवार, लोहे के पाईप भी पड़े हुए दिख रहे थे।

घर पर मौजूद मेरी भाभी अनीता देवी द्वारा इसका विरोध करने पर मना वे लोग और भी उठा हो गये और घर में घुस गये व भाभी को जान से मरने के लिये दौड़े और कहा कि वे लोग उसका अपहरण कर ले जायेंगे। वही शोर मचाकर लोगों को बुलाना चाहा तो वे लोग अपने समस्त हथियार डण्डे, सरिये व तलवार लेकर फरार हो गये। मामले में प्रयुक्त जेसीबी मशीन बब्लू कीर नाम का एक आदमी चला रहा था। उक्त जेसीबी बालनाथ क्रेन सर्विसेज़ के नाम से रजिस्टर्ड है व जिसका प्रोपराईटर मुकश यादव पुत्र जयराम यादव है। इसमें मेरे, मकान की छत, दिवार और आगे का गेट पूरी तरह टूट गया है। उक्त मुल्जिमानों के विरूद्ध काफी वाद-विवाद न्यायालय में चल रहे हैं।


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# राजेश शर्मा के भाजपा जिला प्रवक्ता बनने पर विधायक का स्वागत



राजेश शर्मा के प्रवक्ता बनने पर भाजपा नेतृत्व का पदाधिकारियों ने आभार जताते हुए विधायक कुलदीप धनकड का स्वागत किया।

**पावटा।** भाजपा ने राजेश शर्मा को प्रवक्ता के रुप में नियुक्त किया है।भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड के निर्देशानुसार, विधायक कुलदीप धनकड की अनुसंशा पर भाजपा जयपुर देहात उत्तर जिला जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल ने राजेश शर्मा को प्रवक्ता के रूप में नियुक्त किया है।

जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पार्टी के प्रति कड़ी मेहनत और समर्पण को देखते हुए उन्हें प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गयी है। भाजपा प्रवक्ता नियुक्त किये जाने पर राजेश शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड, भाजपा जयपुर देहात उत्तर जिला जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल का आभार प्रकट किया है। वही इस दौरान भाजपा नवनियुक्त जिला प्रवक्ता राजेश शर्मा ने विधायक कुलदीप धनकड का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया व विधायक कुलदीप धनकड को धन्यवाद देते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ उन्हें प्रवक्ता का दायित्व मिला है, वे उस विश्वास पर खड़ी उतरने का प्रयास करेंगे. उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के द्वारा जनकल्याण योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। राजेश शर्मा को जिला प्रवक्ता बनाये जाने पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुंह मीठा करवाकर बधाई दी।

इस दौरान कार्यकर्ताओं में अपार हर्ष व खुशी की लहर भी दिखाई दी। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर मिठाईयां का वितरण भी किया। वहीं दुसरी और विधायक कुलदीप धनकड ने भी सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ व जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल का आभार जताया है।

# बस व ट्रेलर में टक्कर, यात्री सुरक्षित

**पावटा।** पावटा कस्बा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बस स्टैंड पर एक हरियाणा रोडवेज बस व ट्रेलर की टक्कर हो गई। टक्कर लगने से दोनों वाहनों क्षतिग्रस्त हो गए हैं लेकिन गनीमत रही की यात्रियों को कोई भी चोट नहीं लगी और एक बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलने पर प्रागपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आगामी कार्रवाई की।जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर एक हरियाणा रोडवेज बस ज्यों कि जयपुर से दिल्ली जा रही थी चालक ने पावटा बस स्टैंड पर सवारी उतारने के लिए अचानक ब्रेक लगाए तो पीछे से आ रहा ट्रेलर अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़कर विपरीत रोड पर कचला गया। वाहनों की टक्कर होते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई लेकिन गनीमत रही की किसी को भी कोई चोट नहीं आई। वहीं सड़क हादसे में ट्रेलर क्षतिग्रस्त हो गया है। हादसे के समय बस में लगभग 30 से 35 सवारियां बताई जा रही है, जिस समय ट्रेलर ने बस को टक्कर मारी, उस समय बस पावटा बस स्टैंड पर सवारियों को उतारकर चली ही थी, जिसके चलते बस स्पीड में नहीं थी अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था। सड़क हादसे की सूचना मिलने पर प्रागपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। वही क्षतिग्रस्त ट्रेलर को एक तरफा करवाकर यातायात सुचारु करवाया।


**आम सूचना** रायसर गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड, जयपुर (रजिस्ट्रेशन नम्बर 2623/एल) की योजना श्री शिरडी शांती विहार-द्वितीय, ग्राम गुनावता, दिल्ली रोड, तहसील आमेर, जिला जयपुर मे राधामोहन गुप्ता पुत्र श्री नारायण गुप्ता के स्वामित्व, आधिपत्य एवं अधिकारो के भूखण्ड संख्या ए-63 क्षेत्रफल 833.66 वर्गगज व भूखण्ड संख्या ए-60ए क्षेत्रफल 536.66 वर्गगज व भूखण्ड संख्या ए-60 क्षेत्रफल 744.83 वर्गगज तथा श्यामा गुप्ता पत्नी श्री राधा मोहन गुप्ता के स्वामित्व, आधिपत्य एवं अधिकारो के भूखण्ड संख्या ए-62 क्षेत्रफल 806.33 वर्गगज व भूखण्ड संख्या ए-61 क्षेत्रफल 776.72 वर्गगज व भूखण्ड संख्या ए-60बी क्षेत्रफल 471.66 वर्गगज स्थित है इस प्रकार उपरोक्त समस्त भूखण्डो का कुल क्षेत्रफल 4169.86 वर्गगज है। राधामोहन गुप्ता व श्यामा गुप्ता के द्वारा अपने अपने स्वामित्व के उपरोक्त 6 भूखण्डो कुल क्षेत्रफल 4169.86 वर्गगज को मय निर्माण मेरे अभिभाष्य को विक्रय करने का करार किया गया है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूखण्डो की भूमि या उपरोक्त भूमि के वर्तमान स्वामियो के मालिकाना हक, निर्माण, कब्जे आदि को लेकर किसी को कोई आपत्ति, विवाद आदि हो तो आज से सात दिवस में मय दस्तावेज मेरे समक्ष प्रस्तुत होकर अपना लिखित जवाब पक्ष पेश करें। बाद गुजरने मियाद मेरे अभिभाष्य द्वारा उपरोक्त संपत्ति को उपरोक्त भूखण्डो के वर्तमान स्वामी राधामोहन गुप्ता व श्यामा गुप्ता से क्रय करके अपने हित मे विक्रय पत्र पंजीबद्ध करवा दिया जायेगा। किसी भी व्यक्ति आदि द्वारा मियाद के बाद की गई आपत्ति सीरे से खारीज कर दी जायेगी एवं आपत्तिकर्ता को मेरे अभिभाष्य के विरूद्ध कोई कार्यवाही करने का कोई अधिकार नही होगा।
दिनांक-8/7/25
चेतन शर्मा, एडवोकेट, मोबोईल- 9828768713



**कार्यालय नगर निगम, भरतपुर**
**सार्वजनिक सूचना**
क्रमांक : पट्टा शा०/न.नि.भ./2025-26/6572 — दिनांक : 07.07.2025

नगर निगम भरतपुर द्वारा धारा 69-ए के तहत पट्टा क्रमांक 930 दिनांक 13.02.2023 श्रीमती विरमा देवी पत्नि स्व. गोपाल सिंह, निवासी चर्च के पास गोपालगढ, भरतपुर को भूखण्ड क्षेत्रफल 407.39 वर्गमीटर का जारी किया गया था ।तदोपरान्त पट्टाधारक द्वारा उक्त भूखण्ड में से जरिये दानपत्र ( ताई के द्वारा भतीजी बहु के हक में ) दिनांक 20.06.2024 से 1244.88 वर्गफुट ( 115.65 वर्गमीटर ) श्रीमती लक्ष्मी पत्नि दीपक पुरैला के हक में तथा दानपत्र ( माता के द्वारा पुत्र के हक में ) दिनांक 20.06.2024 से 3138.70 वर्गफुट ( 291.59 वर्गमीटर ) श्री विशाल सिंह पुरेला को दान कर दिया गया है ।अब आवेदक श्रीमती लक्ष्मी दीपक पुरेला तथा श्री विशाल सिंह पुरेला को दान कर दिया गया है। अब आवेदक श्रीमती लक्ष्मी दीपक पुरेला तथा श्री विशाल सिंह पुरेला उक्त भूखण्ड का उप-विभाजन के साथ नाम हस्तान्तरण कराना चाहते हैं।जिसके साथ दान पत्रों की प्रति, सहमति पत्र, शपथ पत्र, नगरीय विकास कर नो-ड्यूज आदि प्रस्तुत किये हैं।निगम द्वारा नामान्तरण की अग्रिम कार्यवाही की जानी है।

उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि सात दिवस में अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा उप-विभाजन करते हुए नाम हस्तान्तरण आवेदकों के पक्ष में किये जाने की अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

प्रभारी अधिकारी
नगर निगम, भरतपुर

# नई सड़कें नहीं झेल पाई मानसून की पहली बारिश

## कोई मॉनिटरिंग नहीं, बाहरी एंजेसी नहीं कर रही है टूटी सड़को की जांच

**कार्यालय संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से जयपुर के विभिन्न जोनों में बनाई नई सड़के जो अब बरसात में जीर्ण-शीर्ण हो गई है उनकी कोई सुध लेने वाला नहीं है। ये सड़के तीन साल की डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड (डीएलपी) की सड़के हैं जिनके तीन साल तक रखरखाव की जिम्मेदारी सड़क बनाने वाले ठेकेदारों की है। इन सड़कों को बनाए हुए अभी छह महीने भी नहीं हुए हैं और एक ही बरसात में यह बिखर गई है।



सड़कें एक ही बरसात में खराब होने से जगह जगह खड्डे हो गए।

- इन सड़कों की डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड (डीएलपी) 3 साल है, यानी कि 3 वर्ष तक इन रोड के रखरखाव की जिम्मेदारी सड़क बनाने वाले ठेकेदारों की है। परन्तु सड़क निर्माण के 6 माह के भीतर यह सड़कें टूटने लगी है

जयपुर शहर में गत दिनों सबसे ज्यादा रोडकट को सुधार करने के काम है जो लगभग सभी जोनों में हुए हैं। इन सड़कों को ठीक करने के लिए संबंधित विभागों, विद्युत वितरण कंपनी, पानी की लाइन डालने वाली एजेंसी ने रोड कट के पैसे जमा करा कर काम शुरू किया। इसके बाद इन सड़कों को ठीक करने की जिम्मेदारी जेडीए की है। जेडीए ने बाकायदा लगभग सभी जोन में सड़क ठीक करने के टेंडर किए। टेंडर लेने वाली फर्मों ने रिनोवेशन और रेस्टोरेशन वर्क के नाम पर घटिया काम किया और बिलों का भुगतान उठा लिया।

**मिट्टी पूरी नहीं, रोलर नहीं चला, सड़क पोली:-**

गत दिनों राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम, पीएचईडी, समेत विभिन्न विभागों ने रोड कट के पूरे पैसे जमा करा कर सड़कों के नीचे लाइनें डालने का काम किया था। इसके बाद जेडीए ने रोड कट रिपेयर करने का टेंडर किया जो विभिन्न एजेंसियों के नाम पर खुला।

जिस फर्म ने ग़ेड कट का काम किया उसने पहले गढ्ढो को मिट्टी से भर दिया लेकिन उसमें पानी नहीं छोड़ा ढंग से रोलर नहीं चलाया जिससे मिट्टी बैठ नहीं पाई। इससे सड़क पोली रह गई बरसात का पानी जाने से यह जगह जगह से बैठ गई। कई जगह खड्डे हो गए जिन्हें अब जीएसबी से भरा जा रहा है।

**इस तरह काम होना था:-**

इन सड़कों पर जीएसबी डब्लूएमएम डालनी थी जो पूरी नहीं डाली। यह डेढ फुट तक डालनी थी लेकिन पूरी तरह नहीं डाली। इसके बाद डब्लूएमएम को रोड से 90 एमएम नीचे रखना था। पूर्व बनी हुई रोड से। वो काम भी नहीं किया। इसके बाद डीबीएम 50 एमएम डालनी थी जो नहीं डाली। डीबीएम में डामर भी मामूली सी थी। इसमें बिटुमिन कंक्रीट निर्धारित मात्रा में नहीं डाली।

**एक बरसात में बिखरी, खड्डे हुए:-**

जेडीए के जोन 7, 8, 9, 11, 12, 13, 14 में सबसे ज्यादा रोड कट के काम हुए। ये काम करने वाली फर्मों ने टेंडर से 30 से 40 प्रतिशत कम दरों पर काम उठा लिया। उसके बाद इन सड़कों का भुगतान करने से पहले बाकायदा जेडीए के गुणवत्ता प्रकोष्ठ ने सेम्पल लेकर जांच की।

सभी की गुणवत्ता को सही बताया और उसके बाद विभिन्न फर्मों को भुगतान हुआ। अब ये सड़कें एक ही बरसात में खराब हो गई। जगह जगह खड्डे हो गए जिन्हें अब ठेकेदार ठीक नहीं कर रहा है।

# 'सरकार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध'

- केंद्रीय पर्यावरण मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने किया नीमराणा से हरियाणा सीमा तक सड़क का शिलान्यास

**जयपुर/कोटपूतली।** केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव रविवार को नीमराना के बावडी के पास आयोजित स्टेटहाईवे-111। (नीमराना से हरियाणा सीमा तक) सडक के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान यादव ने सडक शिलान्यास कर आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि नीमराणा में केंद्र सरकार द्वारा 50 करोड़ रुपये की लागत का स्वीकृत स्टेटहाईवे-111। रोड़ नीमराना से नाघोड़ी, घिलोठ, डाबड़वास चावण्डी, माँढ़ण, गिगलाना, रायसराना, बिघाना जाट एवं हरियाणा सीमा की कनेक्टिविटी को बेहतर करेगा. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 2 सालों में करीब 270 किमी सडक के लिए 270 करोड़ रुपए दिए हैं, जिनमें इस 48 किमी सड़क के लिए 50 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं । यादव ने कहा कि मेरे यहां आने का मुख्य उद्देश्य नीमराणा की जनता को चुनावों में मेरा साथ देने के लिए धन्यवाद व आभार जताना था, यहां की जनता से मुझे बहुत ही मान और सम्मान मिला है । उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का मानना है ष्सरकारी योजनाओं को सौ प्रतिशत पूरा कराना असली धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय हैष और मैं इसी को पूरा करने का प्रयास कर रहा हूँ । उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास एवं आने वाली पीढ़ी के लिए लाइब्रेरी एवं खेल के मैदान विषयों पर ग्रामीणों की चिंता होनी चाहिए, इस पर विचार होना चाहिए।



अजमेर पुलिया के पास मेट्रो पिलर संख्या 148 के पास सीवर लाइन क्षतिग्रस्त होने से धंसी सड़क। कुछ दिन पहले इसी क्षेत्र में जर्जर सीवरलाइन की वजह से गड्ढा हो गया।

## राज्यपाल ने की शोक संवेदना

- कोटा के इटावा क्षेत्र में हाइवे पर हुए सडक हादसे पर राज्यपाल ने शोक संवेदना व्यक्त की

**जयपुर ।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कोटा जिले के इटावा क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण सडक हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है।

# केंद्रीय गृहमंत्री का ओएसडी बता कर युवती को ठगने वाले बदमाश गिरफ्तार

- बदमाश युवती को धमकाकर और ब्लैकमेल कर 15 लाख रुपए की डिमांड भी कर रहा था

**जयपुर।** एयरपोर्ट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए खुद को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का ओएसडी (सलाहकार) बताकर अहमदाबाद की ज्वेलर युवती को ठगने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि बदमाश युवती को धमकाकर और ब्लैकमेल कर 15 लाख रुपए की डिमांड भी कर रहा था। आरोपित की फेसबुक पर युवती से दोस्ती हुई थी। युवती जयपुर में एक प्रोग्राम में शामिल होने आई थी। इस दौरान आरोपी ने उसे मिलने बुलाया और धोखे से डायमंड का हार और ब्रेसलेट ले लिया। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर(पूर्व) तेजस्वनी गौतम ने बताया कि एयरपोर्ट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए खुद को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का ओएसडी (सलाहकार) बताकर अहमदाबाद की ज्वेलर युवती को ठगने वाले बदमाश नीरज कुमार शर्मा (26) निवासी हिंडौन सिटी (करौली) हाल जवाहर सर्किल जयपुर को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ अहमदाबाद की रहने वाली युवती ने मामला दर्ज करवाया था कि एक महीने पहले फेसबुक पर दीपक शर्मा नाम के युवक से दोस्ती हुई थी। आरोपित दीपक शर्मा ने खुद को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का ओएसडी (सलाहकार) बताया। इसके बाद रोज मैसेज करने लगा। इस दौरान उसने बताया कि उसके पिता पुलिस अधिकारी और भाई गोवा में आईपीएस है। वहीं पीड़ित युवती अहमदाबाद में ज्वेलरी का बिजनेस करती है। जो तीन दिन पहले एक प्रोग्राम में शामिल होने जयपुर आई थी। प्रोग्राम में शामिल होने के बाद आरोपित ने उसे कॉल कर मिलने के बहाने जवाहर सर्किल बुलाया। मिलने जाने पर धोखे से डायमंड का हार और हाथ का ब्रेसलेट ले लिया। वहीं आरोपित ने धमकाते हुए कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का ओएसडी होने के साथ ही मेरे कई रिश्तेदार पुलिस अधिकारी हैं, तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। गहने देने के लिए कहा तो ब्लैकमेल कर पन्द्रह लाख रुपए की डिमांड करने लगा। परेशान होकर थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस जांच में आरोपित दीपक कुमार के फर्जी ओएसडी होने का पता चला। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस करते हुए आरोपित को रविवार को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ज्वेलर युवती से ठगे गहने और वारदात में इस्तेमाल एसयूवी गाड़ी जब्त कर ली।

## अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक लाभ पहुंचा रहे है : बेढ़म

**जयपुर/किशनगढ़ बास।** गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम का राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने अनाज परिसर में सैकड़ों कार्यकर्ताओ के साथ स्वागत किया। स्वागत के दौरान मंत्री बेढम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राजस्थान में भजनलाल सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा अंतिम छोर पर बैठ व्यक्ति तक लाभ पहुंचा रही है।

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम रविवार को तिजारा क्षेत्र के नौरंगाबाद निजी विद्यालय के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए किशनगढ़ बास से निकल रहे थे। इस बीच पूर्व विधायक रामहेत यादव ने अनाज मंडी भाजपा कार्यालय पर मंत्री का किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की और से स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया।

स्वागत के दौरान उन्होंने कहा मै जब भी किशनगढ़बास से निकला हूँ तो रामहेत सिंह यादव ने मेरा हर बार स्वागत किया हैं। ये मेरे बडे भाई है, मै इनका सम्मान करता हूँ और इनके हर काम को करवाने के लिए हमेशा तत्पर रहता हूँ।

उन्होंने राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ के बारे में बताते हुए कहा मुख्यमंत्री जलस्वावलंबन अभियान, हरियालो राजस्थान, जल-जीवन मिशन, नमो ड्रोन दीदी, सोलर दीदी, लखपति दीदी, बैक सखी, कुसुम योजना, लाडो प्रोत्साहन आदि योजनाओं को चलाकर सरकार हर वर्ग को लाभ पहुंचा रही है।

# हर क्षेत्र से सुझाव लेकर कर रहे बेहतर विद्युत प्रबंधन: ऊर्जा मंत्री नागर

**जयपुर/कोटा।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा है कि हर क्षेत्र से सुझाव लेकर बेहतर विद्युत प्रबंधन करने का प्रयास कर रहे हैं। हमारी सरकार का लक्ष्य कर्ज से मुक्त, निर्बाध और सस्ती बिजली देना है। वे स्व. डॉ. लक्ष्मी सक्सेना द्वारा रचित पुस्तक ''एन एनालिसिस ऑफ फाइनेंशियल मैनेजमेंट ऑफ इलेक्ट्रिसिटी कंपनी इन स्पेशल रेफरेंस ऑफ राजस्थान राज्य विद्युत वितरण निगम लिमिटेड'' के विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे। विमोचन समारोह रविवार को शिवज्योति कान्वेंट स्कूल स्थित ऑडिटोरियम में किया गया। मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर थे। अतिविशिष्ठ अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा थे। अध्यक्षता पूर्व महापौर महेश विजय ने की। कार्यक्रम निदेशक डॉ. धीरेंद्र सक्सेना ने बताया कि विशिष्ठ अतिथि एडीजे अजमेर रेणु श्रीवास्तव, कोटा विश्वविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ. विजय सिंह, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी देवेंद्र भार्गव, डॉ. मनीष, भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मजीद मलिक कमांडो, शिक्षाविद महेश गुप्ता, दिनेश विजय, दैनिक भास्कर के जीएम बीएस झाला, रमेश नागर थे।

- स्व. डॉ. लक्ष्मी सक्सेना द्वारा रचित पुस्तक ''एन एनालिसिस ऑफ फाइनेंशियल मैनेजमेंट ऑफ इलेक्ट्रिसिटी कंपनी'' का विमोचन



पुस्तक ''एन एनालिसिस ऑफ फाइनेंशियल मैनेजमेंट ऑफ इलेक्ट्रिसिटी कंपनी इन स्पेशल रेफरेंस ऑफ राजस्थान राज्य विद्युत वितरण निगम लिमिटेड'' के विमोचन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि विद्युत विभाग के बिना सामान्य जीवन जीना बहुत मुश्किल है। स्वर्गीय लक्ष्मी सक्सेना ने अपने शोध के द्वारा जो पुस्तक लिखी है, उसमें विद्युत विभाग के लिए वित्तीय प्रबंधन के अनमोल सुझाव होंगे। जिनका अध्ययन कर राज्य के विद्युत तंत्र और वित्तीय प्रबंधन को बेहतर करने का प्रयास किया जा सकता है। बेहतर प्रबन्धन के लिए राज्य में भी हर क्षेत्र से सुझाव लिए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि अभी पंजीकृत उपभोक्ताओं को राज्य सरकार 100 यूनिट निशुल्क बिजली दे रही है। जिससे राज्य सरकार पर 7-8 हजार करोड रुपए का वित्तीय भार पड़ता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार सभी उपभोक्ताओं को डेढ़ सौ यूनिट बिजली फ्री देना चाहती है। उपभोक्ता अपनी छतों पर सोलर लगवाएं। जिनके घर या छत नहीं हैं, उनके लिए कम्युनिटी सोलर की सुविधा भी है।

उन्होंने कहा कि हम प्रदेश में उपभोक्ता को कर्ज से मुक्त, निर्बाध और सस्ती बिजली देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए प्रदेश में पिछली कांग्रेस सरकार की अपेक्षा 5 गुना अधिक संसाधन उपलब्ध कराने का काम किया गया है। पिछली सरकार में 44 जीएसएस स्थापित किए गए थे। जबकि हमारा मिशन है कि 5 वर्ष में 200 नए जीएसएस बनाएंगे।

वहीं वर्ष 2030 तक 32 हजार मेगावाट नवीनीकृत बिजली उत्पादन का भी लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सोलर, बैटरी स्टोरेज समेत अन्य विद्युत प्रबंध कर रहे हैं।संदीप शर्मा ने कहा कि नश्वर शरीर छोड़कर तो सभी जाते हैं, लेकिन जीवन में अपने कृतित्व से स्मृतियों को चिरस्थाई कुछ लोग ही कर पाते हैं। डॉ. लक्ष्मी सक्सेना ने अपने कार्यक्षेत्र को आत्मबल से विशिष्ट बनाने का काम किया।

# मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों में हुआ पथराव

- मौके पर पुलिस बल तैनात,डिटेन किए गए लोगों से की जा रही है पूछताछ
- लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए अफवाहों से दूर रहने को कहा
- किसी को भी गंभीर चोट नहीं लगी

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के रामगंज इलाके में शनिवार देर रात को दो पक्षों में मामूली कहासुनी के बाद तनाव का माहौल बन गया। जहां दोनों पक्षों के बीच झगड़ा होने के बाद जमकर पथराव हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस का भारी जाब्ता मौके पर पहुंचा। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा समेत पुलिस के आलाधिकारी भी मौके पर पहुंचे। जहां काफी प्रयासों के बाद पुलिस ने मौके पर शांति व्यवस्था बनाई। वहीं सात लोगों को हिरासत में भी लिया गया है। इसके अलावा मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा ने बताया कि शनिवार देर रात को पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना प्राप्त हुई थी कि रामगंज के पहाड़गंज मोहल्ले में दो पक्षों के बीच कहासुनी होने के बाद पथराव हो गया है। सूचना मिलते ही रामगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं मामला बढ़ता देखकर पुलिस का अतिरिक्त जाब्ता मौके पर पहुंचा। पथराव की सूचना से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। तुरंत मौके पर भारी पुलिस जाप्ता तैनात किया गया। पथराव में किसी को चोट लगने की कोई सूचना नहीं है। बस कुछ वाहनों में नुकसान हुआ है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) ने बताया कि पुलिस ने पूरी स्थिति को कंट्रोल कर लिया है। सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाह को लेकर उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अफवाहें नहीं फैलाएं। आमजन से अपील है कि वह अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। फिलहाल हालात काबू में हैं। मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। पथराव करके माहौल खराब करने वाले लोगों को राउंड अप करने का काम किया जा रहा है। इसके अलावा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। सीसीटीवी कैमरों के आधार पर भी लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। पूरी स्थिति को पूरी तरह कंट्रोल में है साथ ही मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है। पुलिस अधिकारियों की ओर से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। पुलिस की टीमें भी इलाके में गश्त कर रही हैं। आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस टीमें कर रही लगातार गश्त

रामगंज थानाधिकारी सुभाष यादव ने बताया कि रविवार सुबह हालात नियंत्रण में हैं। साथ ही इलाके में शांति है। पुलिस की टीमें लगातार गश्त कर रही हैं। हर गतिविधि पर नजर है। लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए अफवाहों से दूर रहने को कहा है। डिटेन किए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# युवा पीढ़ी सिंधु दर्शन यात्रा से जुड़े: देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत

**जयपुर/उदयपुर।** हिमालय परिवार की ओर से सिंधु दर्शन तीर्थ यात्रियों का स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह रविवार को हिरण मगरी सेक्टर 5 स्थित घूमर गार्डन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के देवस्थान, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत रहे। उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, समाजसेवी गजपालसिंह आदि भी बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। प्रारंभ में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर समारोह का आगाज किया गया। हिमालय परिवार के प्रदेश महामंत्री, पार्षद अरविंद जारौली ने शब्दों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया तथा यात्रा की शुरुआत से लगाकर 29वीं यात्रा का वर्णन संक्षिप्त में किया।

- जोराराम कुमावत ने सिंधु दर्शन तीर्थ यात्रियों का किया सम्मान




तीर्थ यात्रियों का स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह घूमर गार्डन में आयोजित किया।

उन्होंने दूसरे प्रदेशों में की तर्ज पर राजस्थान में भी यात्रा को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता व सुविधाओं के लिए आग्रह किया। समारोह को संबोधित करते हुए केबिनेट मंत्री कुमावत ने हिमालय परिवार की इस अनोखी यात्रा को राष्ट्रिहत का बताते हुए सिंधु नदी के उद्गम एवं इतिहास के बारे में बताया। उन्होंने कहा की यात्राएं तो बहुत होती है लेकिन सिंधु दर्शन यात्रा अपने आप में एक धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व रखती। प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी द्वारा जम्मू कश्मीर एवं लेह लद्दाख के विकास के प्रयासों को इंगित करते हुए यह यात्रा और महत्वपूर्ण हो जाती है।

ऐसी यात्राओं के प्रयासों के लिए हिमालय परिवार को धन्यवाद दिया। उन्होंने राजस्थान सरकार द्वारा किए गए विभिन्न यात्राओं एवं पूर्व की सुविधाओ एवं वर्तमान सुविधाओ की तुलना कर माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। साथ ही हिमालय परिवार के प्रदेश महामंत्री के आग्रह पर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## धरणीधर जयंती 14 अगस्त को

**जयपुर/कोटा।** धरणीधर जन सेवा संस्थान की ओर से 14 अगस्त को धाकड़ समाज के आराध्य देव भगवान धरणीधर जी की जयंती मनाई जाएगी। संस्थान के अध्यक्ष ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर की अध्यक्षता में रविवार को धरणीधर भवन में बैठक आयोजित की गई। नागर ने अपने उद्बोधन में अधिक से अधिक समाज बंधुओं को कार्यक्रम से जोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोटा शहर में निवास कर रहे प्रत्येक व्यक्ति तक कार्यक्रम की सूचना पहुंचनी चाहिए। शोभायात्रा की भव्यता के लिए उचित योजना बनानी होगी। समाज की माता बहनों की सहभागिता शोभायात्रा में अवश्य होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि धरणीधर जयंती की पूर्व संध्या पर 13 अगस्त को रात 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन रहेगा। वहीं जयंती पर 14 अगस्त को दोपहर 2 बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में घुड़सवार, झांकियां, बैंड, डीजे आदि रहेंगे।

बैठक में धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री चंद्रप्रकाश नागर, संस्थान के कोषाध्यक्ष महावीर प्रसाद नागर, उपाध्यक्ष फूलचंद नागर, धरणीधर बहुउद्देशीय सहकारी समिति लिमिटेड के अध्यक्ष रामकुमार नागर समेत कई समाज बंधु उपस्थित रहे।

# 'प्रोफेशनल्स को कार्य में कुशलता के लिए एआई को अपनाना आवश्यक'

- पुस्तक ज़ेनिथ: मास्टरिंग एआई फॉर एवरीडे लाइफ एंड वर्क का लॉन्च और चर्चा
- प्रभा खेतान फाउंडेशन की सहयोग पहल के तहत आयोजन

**जयपुर।** प्रोफेशनल्स को अपने कार्यों को अधिक कुशलता से पूरा करने के लिए एआई को अपनाना चाहिए, लेकिन बिना उस पर अत्यधिक निर्भर हुए। अगर आप एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) को समझते हैं, तो यह आपकी नौकरी नहीं लेगा, लेकिन अगर आप इसके साथ तालमेल नहीं बिठा पाए, तो यह जरूर आपकी नौकरी छीन सकता है। एक मनुष्य के रूप में हमें बदलती तकनीक के साथ विकसित होना होगा। एआई ने लोगों को अपने कार्यों को संभालने के लिए ज्यादा समय दिया है। यह एक मशीन है, जो एक सोचने की शक्ति की तरह काम करता है, हालांकि इसका नियंत्रण हमेशा हमारे पास ही रहना चाहिए। यह बात टेक्नो कमर्शियल लीडर डॉ. अजय डाटा ने अशोक क्लब में अपनी पुस्तक जेनिथ: मास्टरिंग एआई फॉर एवरीडे लाइफ एंड वर्क पर आयोजित चर्चा के दौरान कही। वे कॉर्पोरेट ट्रेनर और टेडएक्स स्पीकर, आशिमा चौधरी के साथ बातचीत कर रहे थे। यह कार्यक्रम प्रभा खेतान फाउंडेशन की सहयोग पहल के तहत आयोजित हुआ।

एआई किस प्रकार हमारी दैनिक व्यक्तिगत और व्यावसायिक दिनचर्या में सहजता से शामिल हो सकता, इस पर प्रकाश डालते हुए डॉ अजय डाटा ने कहा कि एआई टूल्स के साथ संवाद करते समय 'प्रॉम्प्ट' की स्पष्टता बहुत मायने रखती है। उन्होंने कहा कि एआई की असली ताकत इस बात में है कि हम उससे किस प्रकार से संवाद करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि अपने प्रॉम्प्ट को सुधारिए, प्रॉम्प्ट को विस्तार से लिखिए; आपकी भाषा जितनी स्पष्ट होगी, परिणाम उतना ही बेहतर होगा। यह पुस्तक जेनिथ ऐसे कई प्रॉम्प्ट्स के उदाहरणों से भरपूर है, जो एआई के साथ ज़्यादा स्मार्ट तरीके से काम करने की चाह रखने वालों के लिए एक उपयोगी मार्गदर्शक है।

डॉ. डाटा ने आगे बताया कि एआई एक अद्भुत सहायक है, जो सीखता है और अपनाता है, लेकिन इसे सही दिशा देने की ज़रूरत होती है। उन्होंने कहा, ''जब मैं कोई समस्या हल करता हूं, तो मेरे पास एक उद्देश्य होता है और ठीक उसी तरह आपको भी एआई के साथ काम करना चाहिए। डाटा ने साझा किया कि इंटरनेट ने ही उन्हें यह पुस्तक लिखने की प्रेरणा दी। उन्होंने इस पर प्रकाश डाला कि एआई सर्च इंजन की जगह नहीं ले रहा है, बल्कि वह उन्हें और बेहतर बना रहा है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि एआई अब केवल एक उत्तर देने वाला टूल नहीं है, बल्कि एक सोचने वाला पार्टनर बन गया है, जो उद्देश्य और स्पष्टता के साथ समस्याओं को हल करने में मदद करता है।

चर्चा का समापन श्रोताओं के साथ प्रश्न-उत्तर सत्र के साथ हुआ। इससे पहले, इस अवसर पर पुस्तक का विमोचन लेखक अजय डाटा, सत्र की संचालक आशिमा चौधरी, जगदीप सिंह और अजय सिंघा ने किया।



यह बहुत दुखद घटना है कि एक पिता ने अपनी ही बेटी की हत्या कर दी। जब हम 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की बात करते हैं तो ऐसी घटनाएं उस सोच को झटका देती हैं।


-दलीप सिंह राणा

रेसलर और बीजेपी नेता, बेटियों को समर्थन देने की अपील करते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## नाथन लियोन



**ऑस्ट्रेलियाई** टीम वेस्टइंडीज दौरे पर गई है, जहां तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इस मैच की प्लेइंग 11 ने हर किसी को हैरान कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टेस्ट में नाथन लियोन की जगह तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड को टीम में लिया है। इसके पीछे की बड़ी वजह तीसरे टेस्ट मैच का ग्राउंड है। वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच ये डे-नाइट पिंक बॉल मैच सबीना पार्क क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है इस मैदान पर स्पिन के मुकाबले तेज गेदंबाजों को ज्यादा मदद मिलती है। इसी वजह से स्पिनर लियोन की जगह फास्ट बॉलर स्कॉट बोलैंड को शामिल किया गया है।

**क्या आप जानते हैं ?...** वेंगसरकर ने 1979, 1982 और 1986 में लॉड्र्स में तीन शतक लगाए हैं। राहुल और वेंगसरकर सहित 10 भारतीय लॉड्र्स में 'ऑनर्स बोर्ड' पर जगह बनाने में कामयाब रहे हैं।

## विंबलडन का खिताब जीतने वाले खिलाड़ी पर होगी पैसों की बारिश




लंदन, 13 जुलाई। विंबलडन 2025 अपने समाप्ति पर है, जहां महिला सिंगल का खिताब पोलैंड की इगा स्वियातेक ने अपने नाम किया। वहीं अब पुरुष सिंगल में खिताब की भिड़ंत रविवार, 13 जुलाई को कार्लोस अल्काराज और यानिक सिनर के बीच होनी है। इसके साथ ही जो भी खिलाड़ी विंबलडन 2025 पुरुष सिंगल का खिताब अपने नाम करेगा उस पर पैसों की बरसात होगी। हालांकि, जो खिलाड़ी फाइनल में हारेगा वो भी खाली हाथ नहीं जाएगा।

**विंबलडन 2025 की प्राइज मनी?**

दरअसल, इस बार विंबलडन जीतने वाले खिलाड़ी को 35 करोड़ रुपये की भारी धनराशि मिलने वाली है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक यही रकम महिला वर्ग में भी मिली है। ये तो सिंगल्स विनर को मिलने वाली प्राइज मनी है। हारने वाले खिलाड़ी को 17 करोड़ रुपये से कई ज्यादा की धन राशि मिलनी है।

## नारायणा क्रिकेट एकेडमी जूनियर 10 विकेट से विजेता



जयपुर,13 जुलाई। एस.एच. एस. क्लब, द्वारा आयोजित प्रथम अंडर 14 फेडस क्रिकेट कप में खेले गये मैच में नारायणा क्रिकेट एकेडमी जूनियर और एस. बी.सी (ए) क्रिकेट एकेडमी के मध्य खेले गये मैच में टॉस जीत कर नारायणा क्रिकेट एकेडमी जूनियर ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया । एस.बी.सी (ए) क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 54/10 22.5 ओवर मे बनाए। एस.बी.सी (ए) क्रिकेट एकेडमी की ओर से नायन गिल ने 21 रन, राम बाबू ने 10 रन बनाये। नारायणा क्रिकेट एकेडमी जूनियर की और से गेदबाजी करते हुए प्रांजुल ने 7 रन देकर 2 विकेट, दक्ष बागवान ने 9 रन देकर के 3 विकेट, चर्चित यादव ने 15 रन देकर के 3 विकेट, भुमिका चौधरी ने 21 रन देकर के 1 विकेट लिया। नारायणा क्रिकेट एकेडमी जूनियर ने बल्लेबाजी करते हुए 57/0 3.2 ओवर में बनाए। नारायणा क्रिकेट एकेडमी जूनियर कि ओर से आदित्य यादव ने 42 रन, मुकुल सीकर ने 7 रन बनाये। एस.बी.सी (ए) क्रिकेट एकेडमी गेदबाजी करते हुए नायन गिल ने 17 रन, दीक्षा ने 22 रन, मुकुल सिंह ने 8 रन दिए। नारायणा क्रिकेट एकेडमी जूनियर 10 विकेट से विजेता हुई।

## वेस्ट इंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को 225 पर समेटा

जमैका, 13 जुलाई। वेस्ट इंडीज ने अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया को फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी के गुलाबी गेंद से खेले जा रहे तीसरे टेस्ट में पहले दिन 225 रन पर समेट दिया। वेस्ट इंडीज ने स्टंप्स तक एक विकेट खोकर 16 रन बना लिए हैं और वह पहली पारी में 209 रन से पीछे है। ऑस्ट्रेलिया ने सबीना पार्क में पहले दिन के अंतिम सत्र में 18.3 ओवर में अपने अंतिम सात विकेट गंवा दिए, जबकि डिनर ब्रेक तक वह 3/138 के मजबूत स्कोर पर था। जहां दूधिया रोशनी में विकेट गिरने की दर तेज हुई, वहीं रन भी तेजी से बढ़े। मेहमान टीम ने इस दौरान 4.7 रन प्रति ओवर की दर से 87 रन जोड़े और पूरी टीम 225 रन पर आउट हो गई। इससे वेस्टइंडीज को स्टंप्स तक टिके रहने के लिए 30 मिनट का चुनौतीपूर्ण समय मिला। अपना 100वां टेस्ट खेल रहे मिशेल स्टार्क ने एक विकेट निकाला। उन्होंने डेब्यू कर रहे केवलन एंडरसन को आउट किया, जो तीसरे नंबर से आए थे। सलामी बल्लेबाज मिकील लुइस (घुटने में चोट) और जॉन कैंपबेल (बाहरी चोट) मैदान में चोट लगने के बाद अस्पताल में स्कैन करवा रहे थे। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से स्टीवन स्मिथ ने सर्वाधिक 48 रन बनाये। शमार जोसेफ ने सर्वाधिक चार विकेट लिए जबकि जेडेन सील्स और जस्टिन ग्रीव्स को तीन-तीन विकेट मिले। **संक्षिप्त स्कोर:** ऑस्ट्रेलिया: 225, वेस्टइंडीज: 16/1।

## भारतीय शतरंज प्रतिभा ने फिडे विश्व कप में 7 पदक हासिल किए

नई दिल्ली, 13 जुलाई । भारत ने अंडर-8 से अंडर-12 आयु वर्ग के फिडे विश्व कप में कुल 18 में से 7 पदक जीतकर विश्व शतरंज में अपने बढ़ते प्रभुत्व का एक बार फिर प्रदर्शन किया है।

यह इस आयोजन में किसी भी देश द्वारा जीते गए सर्वाधिक पदकों का रिकॉर्ड है, जिसने भारत की वैश्विक शतरंज महाशक्ति के रूप में स्थिति को और मजबूत किया है। दुनिया के सबसे होनहार युवा शतरंज खिलाड़ियों वाले इस टूर्नामेंट में विभिन्न आयु और लिंग वर्गों में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। भारतीय दल ने चुनौती का डटकर सामना किया और तीन विश्व चैंपियनशिप खिताब और चार अतिरिक्त पोडियम स्थान हासिल किए। एआईसीएफ सचिव देव पटेल ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह हमारे युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा और कौशल को दर्शाता है।

### भारत की लड़खड़ाती पारी को केएल राहुल का सहारा

# लॉड्र्स टेस्ट में इंग्लैंड ने की वापसी, भारत ने दूसरी पारी में गंवाए 4 विकेट



लॉड्र्स, 13 जुलाई। ब्राइडन कार्स (दो विकेट), बेन स्टोक्स और आर्चर (एक-एक विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने भारत के 58 रन पर चार विकेट झटक कर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। हालांकि स्टंप के केएल राहुल 33 रन बनाकर एक छोर थामे खड़े है।

193 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की दूसरी पारी में शुरुआत एक बार फिर खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (शून्य) का विकेट दूसरे ही ओवर में गवां दिया। इसके बाद करूण नायर (14) और कप्तान शुभमन गिल (छह) को कार्स ने पगबाधा आउटकर पवेलियन भेज दिया। नाइट वॉचमैन आकाश दीप (एक) को बेन स्टोक्स ने बोल्ड आउट किया। स्टंप के भारत ने चार विकेट पर 58 रन बना लिये है और उसे जीत के लिए 135 रनों की दरकार है।

ऑफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर 22 रन देकर (चार विकेट) जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने चायकाल के बाद इंग्लैंड की पूरी टीम को दूसरी पारी में 192 रनों पर ढ़ेर कर दिया। भारत को जीत के लिए 193 रनों का लक्ष्य मिला। चायकाल के बाद वॉशिंगटन सुंदर ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (33) को बोल्ड कर अपना तीसरा विकेट झटका। इसके बाद ब्राइडन कार्स (एक) और क्रिस वोक्स (10) बुमराह का शिकार बने। 63वें ओवर की पहली गेंद पर सुंदर ने शोएब बशीर (दो) को बोल्ड कर इंग्लैंड की दूसरी पारी का 192 के स्कोर पर अंत कर दिया। इससे पहले मोहम्मद सिराज (दो विकेट) और नीतीश कुमार रेड्डी और आकाश दीप (एक-एक विकेट) ने सुबह के सत्र में लंच तक इंग्लैंड के 98 के स्कोर पर चार विकेट झटक लिये थे। दूसरे सत्र में भारतीय टीम को दो महत्वपूर्ण विकेट मिले और यह सब वॉशिंगटन सुंदर की बदौलत था। उन्होंने बेहतरीन गेंदबाजी की और रफ का पूरा फायदा उठाते हुए इंग्लैंड के दो महत्वपूर्ण बल्लेबाजों को आउट किया। हालांकि अन्य गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी भले ही की, लेकिन विकेटों के लिए जूझते रहे।

सुंदर ने आक्रमण पर आने के बाद जो रुट (40) और फॉर्म में चल रहे जेमी स्मिथ (8) को बोल्ड किया। चायकाल के समय कप्तान बेन स्टोक्स 27 और क्रिस वोक्स आठ रन बनाकर क्रीज पर हैं।

इससे पहले इंग्लैंड ने कल के बिना कोई विकेट खोये दो रन से आगे खेलना शुरु किया। जैक क्रॉली और बेन डकेट की जोड़ी ने संभलकर खेलते हुए इंग्लैंड की पारी को आगे बढ़ाया। अभी टीम का स्कोर 20 रन पहुंचा था कि मोहम्मद सिराज ने बेन डकेट (12) को जसप्रीत बुमराह के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद 12वें ओवर की आखिरी गेंद पर सिराज ने ऑली पोप (चार) को पगबाधा आउटकर भारत को दूसरी सफलता दिलाई।अम्पायर ने नॉट आउट का फैसला दिया लेकिन डीआरएस पर उन्हें अपना फैसला बदलने के लिए मजबूर होना पड़ा। नीतीश कुमार रेड्डी ने 15वें ओवर की चौथी गेंद फेंकी, जैक क्रॉली ने गेंद पर जोरदार शॉट लगाने का प्रयास किया। बल्ले का मोटा किनारा लगा और गली में खड़े यशस्वी जायसवाल के हाथों में समा गई। इसी के साथ जैक क्रॉली (22) के रूप में इंग्लैंड का तीसरा विकेट गिरा। आकाश दीप ने पीछे मारने का प्रयास कर रहे हैरी ब्रूक (22) को बोल्ड कर भारत को चौथी सफलता दिलाई।

## विकेट लेने के बाद जोश में नजर आए सिराज, डकेट को आउट करने के बाद दी आक्रामक प्रतिक्रिया



लॉड्र्स, 13 जुलाई। इंग्लैंड ने दूसरे पारी में बिना किसी नुकसान के दो रन से पारी आगे बढ़ाई, लेकिन सिराज ने डकेट को आउट कर पहला झटका दिया। डकेट 12 रन बनाकर आउट हुए।

भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज लॉड्र्स टेस्ट मैच के चौथे दिन जोश में नजर आए। सिराज ने इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट को आउट करने के बाद आक्रामक अंदाज में प्रतिक्रिया दी। इंग्लैंड ने दूसरे पारी में बिना किसी नुकसान के दो रन से पारी आगे बढ़ाई, लेकिन सिराज ने डकेट को आउट कर पहला झटका दिया। डकेट 12 रन बनाकर आउट हुए।

भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों के बीच तीसरे दिन का खेल समाप्त होने से पहले विवाद हुआ था और इसका असर चौथे दिन भी देखने मिला। सिराज ने जैसे ही डकेट का विकेट लिया वह उनके पास बढ़े और आक्रामक अंदाज में जश्न मनाने लगे। यह नजारा देखकर फैंस को शनिवार को हुए विवाद की याद आ गई। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है।

## सीरीज में रोमांच लाने के लिए ऐसे ही ड्रामा की जरूरत थी- माइकल वॉन

### शुभमन गिल और जैक क्रॉली के बीच विवाद



लॉड्र्स, 13 जुलाई। लॉर्ड्स में खेले जा रहे भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन के खत्म होते-होते रोमांचक नजारा देखने को मिला। इस दौरान इंग्लैंड के बल्लेबाज जैक क्रॉली समय बर्बाद करते दिखे।

वहीं इन सबके बीच टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल और जैक क्रॉली के बीच तनातनी देखने को भी मिली। इस पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि जैक क्रॉली की समय बर्बाद करने की रणनीति उनके द्वारा अब तक देखी गई सबसे बेहतरीन रणनीति थी लेकिन उन्होंने कहा कि भारत शिकायत नहीं कर सकता। वॉन का कहना है कि भारत ने भी दूसरे दिन यही तरीका अपनाया था।दरअसल, भारत के 387 रन पर आउट होने के बाद मेहमान टीम के पास तीसरे दिन के अंतिम सत्र में दो ओवर फेंकने का पर्याप्त समय था लेकिन क्रॉली के चोट का बहाना बनाने और जसप्रीत बुमराह के शुरुआती ओवर के दौरान तीन बार गेंद खेलने से पीछे हट जाने की रणनीति के कारण देरी हुई।

भारत को इससे सिर्फ एक ओवर फेंकने का मौका मिला जिससे मेहमान टीम नाराज हो गई क्योंकि इंग्लैंड ने तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के दो रन बनाए।

वॉन ने बीबीसी के टेस्ट मैच स्पेशल पॉडकास्ट में कहा कि, ये समय की बर्बादी का अब तक का सबसे अच्छा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि, भारत शिकायत नहीं कर सकता क्योंकि कल गिल की पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। राहुल मैदान से बाहर थे और वह पारी की शुरुआत नहीं कर पाते। वॉन ने आगे कहा कि, ये दोनों टीमों के लिए एक जैसा मामला है।

उन्होंने कहा कि, कोई भी टीम शिकायत नहीं कर सकती लेकिन क्या बेहतरीन ड्रामा था और क्या बेहतरीन दिन था। हमें चौथे और पांचवें दिन का खेल देखना है जो शानदार होगा। इंग्लैंड के एक अन्य पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक ने कहा कि 1-1 से बराबरी पर चल रही इस सीरीज में रोमांच लाने के लिए ऐसे ही ड्रामा की जरूरत थी।

## जो रूट का कमाल जारी, सचिन की खास क्लब में बनाई जगह

लॉड्र्स, 13 जुलाई। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बेहतरीन जो रूट लगातार रनों की अंबार खड़ा कर रहे हैं। बीते पांच साल में वह 20 शतक जमा चुके हैं। सचिन तेंदुलकर के सबसे ज्यादा टेस्ट रन के रिकॉर्ड को तोड़ने के रूट काफी करीब है और हाल ही में उन्होंने सचिन के साथ ही एक खास लिस्ट में अपना नाम भी लिखवा लिया है।भारत और इंग्लैंड के बीच लॉड्र्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में रूट ने ये मुकाम हासिल किया। इस मैच की पहली पारी में रूट के बल्ले से शतक निकला था जिसके दम पर मेजबान टीम ने 387 रनों का स्कोर खड़ा किया था। इस शतक से भी रूट ने कई रिकॉर्ड बनाए थे और दूसरी पारी में भी वह यही कर रहे हैं। रूट ने इस मैच में बल्लेबाजी करते हुए नंबर-4 पर टेस्ट क्रिकेट में अपने 8000 रन पूरे कर लिए हैं। रूट से पहले इस नंबर पर सिर्फ चार ही बल्लेबाजों ने टेस्ट में 8000 या इससे ज्यादा रन बनाए हैं। इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली ने भी लंबे समय तक नंबर-4 पर बल्लेबाजी की लेकिन वह भी इस मुकाम को नहीं छू पाए।

## बशीर का चौथी पारी में गेंदबाजी करना संभव, बल्लेबाजी पर संदेह



लंदन, 13 जुलाई । इंग्लैंड को अभी भी उनके ऑफ स्पिनर शोएब बशीर की फिटनेस को लेकर संदेह है। लॉड्र्स टेस्ट के तीसरे दिन रवींद्र जडेजा का अपनी ही गेंद पर कैच लपकने के प्रयास में बशीर चोटिल हो गए थे। जडेजा का वह ताकतवर शॉट बशीर की ओर तेजी से आया था और उसे लपकने के लिए उन्होंने छलांग भी लगाई थी लेकिन गेंद को पकड़ नहीं पाए और उनकी उंगली चोटिल हो गई। चोट लगते ही बशीर तुरंत ड्रेसिंग रूम की तरफ चले गए थे और उनका ओवर जो रूट को पूरा करना पड़ा था।

इंग्लैंड को पहले उम्मीद थी कि बशीर तीसरे दिन शाम में ही गेंदबाजी कर लेंगे, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सके और मैदान में वापस नहीं आए थे। हालांकि आज चौथे दिन की शुरुआत से पहले उन्हें प्रैक्टिस पिचों पर गेंदबाजी करते हुए देखा गया, उन्होंने चौथी और पांचवीं उंगली पर पट्टी लगाई हुई थी। अब तक ये साफ नहीं है कि वह इंग्लैंड की इस दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं। चौथे दिन की शुरुआत से पहले ईसीबी की ओर से एक बयान में कहा गया है, ''बशीर की छोटी उंगली में चोट है, और उनपर मेडिकल टीम लगातार नजर बनाए हुए है। उनके चौथी पारी में गेंदबाजी करने की उम्मीद है। लेकिन वह बल्लेबाजी करेंगे या नहीं इसपर फिलहाल फैसला नहीं लिया गया है। इस टेस्ट के बाद उनकी चोट को देखकर ही फिर उनके ओल्ड ट्रैफर्ड में खेलने पर फैसला लिया जाएगा।'' इस सीरीज में बशीर ने 59.44 की ओसत से नौ विकेट झटके हैं, जिसमें तीसरे दिन शतकवीर केएल राहुल का विकेट भी शामिल है।

## मेरा शतक बनवाने की हड़बड़ी में आउट हुए पंत: राहुल



लॉड्र्स, 13 जुलाई। भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने कहा कि ऋषभ पंत लंच से पहले मेरा शतक बनवाने की हड़बड़ी में रनआउट हुये।

मैच के बाद राहुल ने मीडिया से बातचीत में कहा, यह आदर्श स्थिति नहीं है। इससे कुछ ओवर पहले हमारे बीच बातचीत हुई थी, मैंने उन्हें (पंत को) कहा था कि अगर संभव होगा तो मैं लंच से पहले अपना शतक पूरा करूंगा। जैसे ही बशीर लंच से पहले आखिरी ओवर करने आये मुझे लगा कि मेरे पास शतक पूरा करने का अच्छा अवसर है लेकिन दुर्भाग्यवश मैंने सीधा फ़ील्डर की ओर गेंद खेल दिया।

उन्होंने कहा, वो एक ऐसी गेंद थी जिस पर मैं चौका जड़ सकता था। इसके बाद वह इस कोशिश में रहे कि किसी भी तरह से वह मुझे स्ट्राइक पर लेकर आएं ताकि मैं अपना शतक पूरा कर सकूं। लेकिन निश्चित तौर पर ऐसा नहीं होना चाहिए था, अंत में रन आउट ने मोमेंटम को बदल दिया। यह हम दोनों के लिए निराशाजनक था। निश्चित तौर पर कोई इस तरह से अपना विकेट नहीं गंवाना चाहता।


उन्होंने कहा, जाहिर है, थोड़ी निराशा हुई क्योंकि चायकाल से पहले तक हम वाकई अच्छी स्थिति में थे। मैंने और ऋषभ ने लंबी साझेदारी की और फिर हम दोनों जल्दी ही आउट हो गए, वह लंच से ठीक पहले और मैं लंच के ठीक बाद।

उल्लेखनीय है कि शोएब बशीर जब लंच से पहले आखिरी ओवर करने आये तब भारत का स्कोर तीन विकेट पर 247 रन था। तीन गेंद बाद ही ऋषभ पंत रन आउट हो गये। लंच ब्रेक के बाद दूसरे ओवर में के एल राहुल लॉड्र्स में एक से अधिक शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बनने के बाद बशीर का शिकार बन गए। अचानक भारत का स्कोर पांच विकेट पर 254 रन हो गया।

## वेंगसरकर के बाद लॉड्र्स में एक से ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बने राहुल

लॉड्र्स, 13 जुलाई। सलामी बल्लेबाज केएल राहुल शनिवार को मध्यक्रम के दिग्गज खिलाड़ी दिलीप वेंगसरकर के बाद लॉड्र्स में एक से ज्यादा शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए। राहुल ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन लंच ब्रेक के तुरंत बाद जोफ्रा आर्चर की गेंद पर कवर्स में एक रन लेकर यह उपलब्धि हासिल की। हालांकि राहुल तिहरे अंक तक पहुंचने के तुरंत बाद ऑफ स्पिनर शोएब बशीर की गेंद पर आउट हो गए। यह खेल के पारंपरिक प्रारूप में कुल मिलाकर उनका 10वां और विदेशी धरती पर नौवां शतक था। कर्नाटक के इस खिलाड़ी ने 177 गेंद में 13 चौकों की मदद से 100 रन बनाए। लीड्स में श्रृंखला के पहले मैच में शतक लगाने के बाद मौजूदा पांच मैचों की श्रृंखला में यह उनका दूसरा शतक है। राहुल ने क्रीज पर कुछ शानदार ड्राइव और फ्लिक खेले। वेंगसरकर ने 1979, 1982 और 1986 में लॉड्र्स में तीन शतक लगाए हैं। राहुल और वेंगसरकर सहित 10 भारतीय लॉड्र्स में 'ऑनर्स बोर्ड' पर जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। वेंगसरकर क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले इस प्रतिष्ठित स्थल पर सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। राहुल ने इस स्थल पर पहला शतक 2021 में लगाया था जब उन्होंने भारत की 151 रन की जीत में 129 रन बनाए थे। श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है।

## राजस्थान कोर्फ-बॉल संघ के चुनाव सम्पन्न



जयपुर, 13 जुलाई। राजस्थान कोर्फबॉल संघ की साधारण सभा कि बैठक व 2025-2029 टर्म के लिए चुनाव ''होटल पर्ल हैरिटेज'' वी.टी. रोड, मानसरोवर, जयपुर में सम्पन्न हुए, जिसमें निर्वाचन अधिकारी अशोक शर्मा, रिटार्यड मुख्य प्रबन्ध, पंजाब नेशनल बैंक, जयपुर द्वारा निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारी व सदस्यों कि घोषणा की गई:- अध्यक्ष नरेश शर्मा, उपाध्यक्ष भूराराम चौधरी एवं सचिव मोहम्मद इशाक, कोषाध्यक्ष परसराम शर्मा, सह-सचिव सरसवती देवी और मोहम्मद सराजुद्दीन, सलाहकार राजेश शर्मा, देवेन्द्र सिंह, प्रचार सचिव दिनेश सैनी, कार्यकारी सदस्य राकेश कुमार रौनी, अनुराग कुमावत शिवानन्द निश्रा, राहुल कुमार गुप्ता,नितिन कुमार शर्मा, मुकेश कुमार सैनी बने। साधारण सभा द्वारा सीईओ के पद पर इन्द्र प्रकाश टिक्कीवाल, चैयरमैन सलैक्शन कमेटी के पद पर प्रेमचन्द सैनी व चैयरमैन रेफरी बोर्ड के पद पर नेमीचन्द सैनी को मनोनीत किया गया। चुनाव में राजस्थान ऑलम्पिक संघ की ओर से राहुल तेंवर पर्यवेक्षक के रुप में उपस्थित रहे। सभा की अध्यक्षता मनोज भार्गव, अध्यक्ष राजस्थान कोर्फबॉल संघ द्वारा की गई, जिसमें पिछले 3 साल की आय-व्यय की ऑडिट रिपोर्ट परसराम शर्मा द्वारा प्रस्तुत कर साधारण सभा से पास करवाया गया व अध्यक्ष मनोज भार्गव ने सभी आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मैं अभी और टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं : रहाणे



नई दिल्ली, 13 जुलाई। 37 वर्षीय अजिंक्य रहाणे ने पिछले दो वर्षों से कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है लेकिन उनके अंदर टेस्ट क्रिकेट खेलने की भूख और जुनून अभी बाकी है। उन्होंने इस संबंध में चयनकर्ताओं से संपर्क करने की कोशिश भी की थी लेकिन उन्हें चयनकर्ताओं की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। रहाणे इस समय लंदन में हैं और उन्हें स्काई स्पोर्ट्स में नासिर हुसैन और माइकल आथर्टन से बात करते हुए कहा, ''मैं अभी भी टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मेरे अंदर टेस्ट क्रिकेट खेलने का जुनून बाकी है और इस समय मैं अपनी क्रिकेट का लुत्फ उठा रहा हूं। मैं यहां सिर्फ कुछ दिनों के लिए आया हूं और अपने ट्रेनिंग के कपड़े भी साथ लाया हूं ताकि मैं खुद को फिट रख सकूं। हमारा घरेलू सीजन शुरू होने वाला है इसलिए तैयारी अभी शुरू ही हुई है।''


जब रहाणे से पूछा गया कि विरोट कोहली और रोहित शर्मा सरीखे सीनियर खिलाड़ियों के संन्यास के बाद भारतीय टीम युवा खिलाड़ियों पर ध्यान केंद्रित कर रही है ऐसे में उनके सामने टेस्ट में वापसी करने के लिए कैसी चुनौतियां हैं तो उन्होंने कहा कि उनका ध्यान सिर्फ उन चीजों पर है जिन पर उनका नियंत्रण है।

नए कप्तान शुभमन गिल ने कोहली की जगह चौथे नंबर पर ले ली है, जबकि उप-कप्तान ऋषभ पंत पांचवें नंबर पर आ गए हैं। पुराने खिलाड़ियों में से, के एल राहुल ही एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जो अभी भी चयनकर्ताओं की योजनाओं में मजबूती से शामिल हैं। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद, रहाणे बेफिक्र हैं और घरेलू क्रिकेट के प्रति अपने समर्पण के जरिए वापसी की कोशिश कर रहे हैं।

टेस्ट टीम से बाहर होने के बाद से, रहाणे ने लगातार दो रणजी ट्रॉफ़ी सीजन में मुंबई का नेतृत्व किया है, जिसमें टीम ने 2023-24 में अपना 42वां खिताब जीता, जबकि 2024-25 में उपविजेता रही। वह सैयद मुश्ताक अली (टी20) खिताब जीतने वाली मुंबई टीम का भी हिस्सा थे। रहाणे ने 2024-25 के रणजी सीज़न में 14 पारियों में 35.92 की औसत से एक अर्धशतक और एक शतक सहित 467 रन बनाए। वह निराशाजनक आईपीएल 2025 के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे, जहां उनकी टीम 10 टीमों में से आठवें स्थान पर रही। रहाणे ने 14 पारियों में 147.27 के स्ट्राइक रेट से 390 रन बनाए। रहाणे ने कहा, ''मैं सिर्फ उन्हीं चीजों पर ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं जो मेरे नियंत्रण में हैं। सच कहूं तो मैंने इस संबंध में चयनकर्ताओं से बात करने की कोशिश भी की लेकिन बतौर खिलाड़ी ऐसी चीज़ें मेरे नियंत्रण में नहीं होती। मुझे कोई जवाब नहीं मिला।

एक क्रिकेटर के तौर पर मैं बस इतना ही कर सकता हूं कि मैं क्रिकेट खेलूं, खेल का आनंद लूं और हर मौके पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करूं। मुझे टेस्ट क्रिकेट खेलना बहुत पंसद है।

## इंग्लैंड से भारतीय महिला टीम आखिरी गेंद पर हारी




बर्मिंघम 13 जुलाई (वार्ता) शार्लेट डीन (तीन विकेट), सोफी एकल्सटन (दो) विकेट की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद सोफिया डंकली (46) और डेनिएल वायट (56) रनों की शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने पांचवें टी-20 मुकाबले में भारत को पांच विकेट से हरा दिया। हालांकि भारत ने 3-2 से सीरीज अपने नाम कर ली। भारतीय महिला टीम ने पहली बार इंग्लैंड जाकर कोई टी-20 सीरीज जीती है।

168 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड के लिए सोफिया डंकली और डेनिएल वायट की सलामी जोड़ी ने शतकीय साझेदारी कर टीम के जीत की नींव रखी। 11वें ओवर में राधा यादव ने सोफिया डंकली 30 गेंदों में (46) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। अगले ही ओवर में दीप्ति शर्मा ने डेनिएल वायट 37 गेंदों में (56) को आउटकर भारत की उम्मीदों को जगाया। इसके बाद 16वें ओवर में दीप्ति ने माया बाउचियर (16) को आउट कर इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। अरुंधति रेड्डी ने 20 ओवर में कप्तान टैमी बोमॉन्ट 20 गेंदों में (30) और एमी जोंस (10) को आउटकर मैच को रोमांचक बना दिया। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने आखिरी दो गेंदों पर दो सिंगल्स लेकर स्कोर 168 कर अपनी टीम को रोमांचक जीत दिला दी। राधा यादव और आखिरी ओवर में उनका वह कैच बार-बार याद किया जाएगा क्योंकि उन्होंने दबाव में बेहतरीन प्रदर्शन किया। हालांकि भारतीय टीम यह सीरीज 3-2 से जीत ली। मैच में तीन महत्वपूर्ण विकेट लेने वाली शार्लेट डीन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' और सीरीज में 10 विकेट लेने वाली श्री चारणी को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। भारत की ओर से अरुंधति रेड्डी और दीप्ति शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। राधा यादव ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड की महिला टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने शेफ़ाली वर्मा (75) और ऋचा घोष (24) की शानदार पारियों के दम पर निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 167 रनों का स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने दो विकेट 19 रन के स्कोर पर गवां दिये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शेफाली वर्मा के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। इन दोनों बल्लेबाजों के बीच 66 रनों की साझेदारी हुई। 10वें ओवर में शार्लेट डीन ने हरमनप्रीत कौर (15) को बोल्ड कर इस साझेदारी का अंत किया। हरलीन देओल (चार), दीप्ति शर्मा (सात) रन बनाकर आउट हुई। शेफाली वर्मा ने 41 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए 74 रनों की पारी खेली। उन्हें शार्लेट डीन ने आउट किया। ऋचा घोष ने 16 गेंदों में 24 रन बनाये। इंग्लैंड की ओर से शार्लेट डीन ने तीन विकेट लिये। सोफी एकल्सटन को दो विकेट मिले। एमिली आरलट और लिंसी स्मिथ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुख्यमंत्री निवास पर आरपीएस (राजस्थान पुलिस सेवा) एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की।*

# पटना में थाने के पास वकील की हत्या

पटना, 13 जुलाई। बिहार में एक बार फिर खौफ का वातावरण देखने को मिल रहा है। बिजनेसमैन गोपाल खेमका की हत्या के बाद एक-एक कर रोज गोलीबारी और हत्या की घटनाएं सामने आ रही है।

■ शहर के सुल्तानगंज थाने से 300 मीटर की दूरी पर अपराधियों ने दिन दहाड़े वकील को गोलियों से भून दिया।

ताजा घटना में अपराधियों ने पटना के सुल्तानगंज थाना से केवल 300 मीटर की दूरी पर एक वकील को गोलियों से भून दिया। दिनदहाड़े हुई फायरिंग की इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया।

घटना के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने इसकी सूचना पटना के सुल्तानगंज थाने को दी।

घटना की पुष्टि करते हुए पटना के सिटी एसपी (पूर्वी) परिचय कुमार ने बताया कि अपराधियों ने एक व्यक्ति को गोली मार दी जिसे पीएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान जितेंद्र कुमार के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि एफएसएल के माध्यम से मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया की घटना के बाद आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरा को भी खंगाल रही है।

## संसद के ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

भी सरकार को घेरेगी।

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा और 21 अगस्त तक चलेगा। सत्र के दौरान सरकार की ओर से कई अहम बिल पेश किए जाने की उम्मीद है।

# रेल के हर डिब्बे में सीसीटीवी कैमरे लगेंगे

नयी दिल्ली,13 जुलाई। रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा बढ़ ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए ट्रेनों के सभी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है।

रेल मंत्रालय ने रविवार को बताया कि यात्रियों की सुरक्षा बढ ाने के उद्देश्य से सभी 74 हजार डिब्बों और 15 हजार इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे। प्रत्येक डिब्बे में चार सीसीटीवी कैमरे और इंजनों में छह कैमरे लगाऐ जायेंगे। ये कैमरे अत्याधुनिक होंगे और 100 किमी प्रति घंटे से भी अधिक रफ्तार में तथा कम रोशनी में भी उच्च गुणवत्ता वाली सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध करायेंगे। रेलवे के अनुसार यात्री डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के प्रायोगिक परिणाम के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। कैमरों के लगने के बाद अपराधी और संगठित गिरोह की गतिविधियों पर लगाम लगेगी जो भोले-भाले यात्रियों का फायदा उठाते हैं। यात्रियों की निजता को कायम रखने के लिए कैमरे दरवाजों के पास सामान्य आवागमन क्षेत्र में लगाए जाएँगे।

■ रेल मंत्रालय का मानना है कि इससे अपराधी और संगठित गिरोह की गतिविधियों पर लगाम लगेगी, जो यात्रियों को बेवकूफ बनाते हैं।

# ब्रज मंडल यात्रा से पहले नूंह में इन्टरनेट बंद

नूंह/चंडीगढ़ , 13 जुलाई। हरियाणा के नूंह जिले में सोमवार को निकलने वाली ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा के मद्देनजर प्रशासन बेहद सतर्क है। इस यात्रा के दौरान पिछले साल हिंसा हुई थी और इसी के कारण कई एहतियातन कदम उठाए गए हैं। नूंह में इंटरनेट और बल्क एसएमएस सेवाओं को अगले 24 घंटों के लिए निलंबित कर दिया है। अब 14 जुलाई की रात 9 बजे के बाद ही इंटरनेट सेवाएं बहाल की जाएंगी। साथ ही प्रशासन ने कानून व्यवस्था के पुख्ता बंदोबस्त के लिए भी आदेश जारी किए हैं। नूंह में ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा को लेकर गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव की ओर से आधिकारिक आदेश जारी किए गए हैं। नूंह में इसी यात्रा के दौरान बड़ी हिंसा हुई थी। यही कारण है कि प्रशासन एहतियातन कदम उठा रहा है।

■ गत वर्ष इस यात्रा के दौरान नूंह में बड़ी हिंसा हुई थी। इस कारण से प्रशासन ने एहतियात के तौर पर यह कदम उठाया है।

# अमरनाथ काफिले की बसें आपस में भिड़ीं, 10 घायल

कुलगाम, 13 जुलाई। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के खुडवानी क्षेत्र में श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर अमरनाथ यात्रा काफिले के दौरान तीन बसों की आपस में टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में 10 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। यह हादसा टैचलू क्रॉसिंग के पास उस समय हुआ जब बालटाल की ओर जा रहे यात्रा काफिले की तीन बसें आपस में टकरा गईं। एक अधिकारी ने बताया कि हादसे में घायल सभी श्रद्धालुओं को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। क़ैमोह अस्पताल के एक डॉक्टर ने जानकारी दी कि करीब नौ श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार देने के बाद सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अनंतनाग रेफर कर दिया गया है। डॉक्टर ने बताया सभी घायल श्रद्धालुओं की चोटें मामूली हैं और उनकी हालत स्थिर है। उन्हें बेहतर उपचार और औपचारिकताओं के लिएजीएमसी अनंतनाग भेजा गया है। प्रशासन ने यात्रियों की देखभाल के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं और यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

■ बालटाल के रास्ते में टैचलू क्रॉसिंग पर यह टक्कर हुई, घायलों की स्थिति स्थिर है। उन्हें बेहतर इलाज के लिये अनंतनाग भेजा गया।

■ अमरनाथ यात्रा के 10वें दिन 19,020 श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन किए। अब तक 1.83 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन कर चुके हैं।

अमरनाथ यात्रा के 10वें दिन 19,020 श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन किए। अब तक 1.83 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। पवित्र अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई को शुरू हुई थी। यह 9 अगस्त तक चलेगी।

# राष्ट्रपति ने चार को ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

सदस्यों की सेवानिवृत्ति के कारण उत्पन्न रिक्तियों को भरने के लिए चार सदस्यों को राज्यसभा में मनोनीत किया है।

पूर्व विदेश सचिव हर्ष श्रृंगला अमेरिका में भारत के राजदूत रहे हैं और उनकी कूटनीति तथा रणनीतिक मामलों में विशेष पहचान है।

प्रख्यात सरकारी वकील रहे उज्ज्वल निकम को वर्ष 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले में शामिल पाकिस्तानी आतंकवादी अजमल कसाब के मामले में मजबूती के साथ सरकार का पक्ष रखने के लिए जाना जाता है। उन्होंने 1993 के मुंबई सिलसिलेवार बम धमाकों के मामलों में भी सरकारी वकील के रूप में राज्य सरकार का पक्ष रखा था।

सदानंदन मास्टर को केरल में शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके विशेष कार्यों के लिए जाना जाता है।

जानी मानी इतिहासकार डॉ जैन दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज में इतिहास की पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर और भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद की शासी परिषद की सदस्य रह चुकी है।

# आर.एस.एस. अपने शताब्दी वर्ष में प्र.मंत्री मोदी को...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मोदी के उदय के बाद कई महत्वपूर्ण आर.एस.एस. नेता, जो पहले संघ और भाजपा के बीच पुल का काम करते थे, या तो रिटायर हो गए हैं या मोदी के करीब हो गए हैं। उनकी निष्ठा बदल गई है, जिससे पद छोड़ने जैसे संवेदनशील सुझाव, भरोसेमंद माध्यमों से पहुँचाना मुश्किल हो गया है।

इसके अलावा, संघ के सदस्यों की भावना भी मोदी के पक्ष में मजबूत है। राम मंदिर से लेकर अनुच्छेद 370 की समाप्ति और समान नागरिक संहिता की दिशा में कदम बढ़ाने तक, संघ के लंबे समय से चले आ रहे वैचारिक लक्ष्यों को पूरा करने का श्रेय मोदी को दिया जाता है।

आर.एस.एस. के सूत्र बताते हैं कि मोदी ने संघ को आर्थिक रूप से मजबूत किया है, उन्होंने नागपुर के अलावा दिल्ली में केशव कुंज नाम से दूसरा मुख्यालय बनाने के लिए करीब 2,000 करोड़ रुपये दिए। मोदी की नीतियों की वजह से संघ के कई लोग समृद्ध हुए हैं, यह संघ के कार्यकर्ताओं से छिपा नहीं है।

भागवत या अन्य आर.एस.एस. नेताओं के लिए मोदी की स्थिति को खुलेआम चुनौती देना, संगठन के स्वयंसेवकों के बड़े हिस्से को दूर कर सकता है, जिनमें से कई, मोदी को संघ का आज तक का सबसे सफल राजनीतिक प्रॉडक्ट मानते हैं।

राजनीतिक नज़रिए से देखा जाए तो आर.एस.एस. के अंदरूनी सूत्र मानते हैं कि अभी नेतृत्व का सवाल उठाना विपक्ष को फायदा पहुंचा सकता है, खासकर बिहार में, जहाँ चुनाव होने वाले हैं। वरिष्ठ आर.एस.एस. सूत्र कहते हैं कि मोदी पर दबाव बनाने की कोई भी खुली कोशिश अप्रत्याशित प्रतिक्रिया ला सकती है।

मोदी निरंतरता बनाए रखने और अपनी राजनीतिक विरासत सुरक्षित रखने के लिए खुद अपना उत्तराधिकारी नामित कर सकते हैं, इस संदर्भ में अमित शाह या निर्मला सीतारमण जैसे नाम अक्सर सामने आते हैं। एक चरम परिदृश्य में, मोदी-शाह जोड़ी लोकसभा भंग कर मध्यावधि चुनाव भी करा सकती है, जो संघ की चुनावी पकड़ की परीक्षा होगी, और यह वह स्थिति है जिसे संघ टालना पसंद करेगा। फिलहाल, आर.एस.एस. की प्राथमिकता संगठन की स्थिरता बनाए रखना और अपनी सार्वजनिक छवि को संभालना है, खासकर अपनी 100वीं वर्षगांठ के मौके पर। भाजपा में कोई भी बड़ा आंतरिक विवाद या नेतृत्व संघर्ष 2026 में होने वाले शताब्दी समारोहों की छवि पर असर डालेगा। इस बात को संघ नेतृत्व, जिसमें भागवत भी शामिल हैं, अच्छी तरह समझता है। आर.एस.एस. के थिंक टैंक के स्वतंत्र विशेषज्ञ भी मानते हैं कि भागवत भले ही सार्वजनिक तौर पर पीढ़ीगत बदलाव और दूसरे स्तर के नेतृत्व की बात करें, लेकिन ये वक्तव्य रणनीतिक अभिव्यक्तियाँ अधिक हैं, ना कि किसी ठोस योजना की पुष्टि। आर.एस.एस. स्वयं स्वीकार करता है कि शताब्दी वर्ष समाप्त होने तक, नरेन्द्र मोदी को प्रभावित करने या हटाने के मामले में वह अब तक की सबसे कमजोर स्थिति में है। **( समाप्त )**

## मालगाड़ी में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मास्टर ने एहतियाती सुरक्षा उपाय के रूप में ओवरहेड बिजली आपूर्ति बंद कर दी। मौके पर पहुंचे अग्निशमन दलों ने करीब आठ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। राहत और बचाव कार्य तथा पटरियों की मरम्मत युद्धस्तर पर जारी है। ऐहतियात के तौर पर आसपास के निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। चेन्नई जाने वाले आस-पास के स्टेशनों और रास्ते में रुकी ट्रेनों में फंसे यात्रियों को मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एमटीसी) की बसों के माध्यम से वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था प्रदान की गयी।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंभाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908